दैनिक **नवप्रदेश**
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025 | कृष्ण पक्ष- तृतीया, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 243 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

देश की राजधानी नई दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर होशियारी बघारने वाले ज्ञानचंदों की सूची में एक और नया नाम जुड़ गया है। समाजवादी पार्टी के सांसद आर. के. चौधरी ने प्रदूषण पर रिसर्च करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि नई दिल्ली सहित पूरे देश में बढ़ते प्रदूषण के लिए हिन्दू जिम्मेदार हैं। जो हर साल होली जलाते हैं और मृतकों का दाह संस्कार कर प्रदूषण को और बढ़ाते हैं। ऐसा लगता है ये डेढ़ होशियार 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव के पहले ही समाजवादी पार्टी का अंतिम संस्कार कराकर ही दम लेगा।

भारत के आरईआईटी सेक्टर ने पकड़ी रफ्तार, हांगकांग को पछाड़ा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत का रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) सेक्टर अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के आरईआईटी की कुल संपत्ति का मूल्य लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी के साथ भारत ने हांगकांग के आरईआईटी बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है।

एनारॉक कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक, 30 सितंबर 2025 तक भारत के आरईआईटी का मार्केट कैप करीब 1.66 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो कि हांगकांग से ज्यादा है, जबकि भारत में अभी केवल 32 प्रतिशत योग्य संपत्तियां ही आरईआईटी के रूप में सूचीबद्ध हैं।

पिछले 5 वर्षों में भारतीय आरईआईटी ने हर साल औसतन 8.9 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न दिया है। यह रिटर्न सिंगापुर, जापान और हांगकांग जैसे देशों से बेहतर रहा है, जबकि कई विकसित देशों में इस दौरान रिटर्न कम या नकारात्मक रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रति यूनिट मूल्य में वृद्धि और नियमित आय मिलने से निवेशकों को पिछले एक साल में 5.1 से 6 प्रतिशत तक की

अच्छी कमाई हुई है। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में भारत के पांच आरईआईटी ने मिलकर 2,331 करोड़ रुपए बांटे, जो पिछले साल से 70 प्रतिशत ज्यादा है।

एनारॉक कैपिटल के इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के एमडी विशाल सिंह ने कहा कि ज्यादा निवेशकों की भागीदारी और बड़े इंडेक्स में शामिल होने की उम्मीद के चलते यह सेक्टर जल्द ही 20 अरब डॉलर के मार्केट कैप को पार कर सकता है।

नियम के अनुसार, आरईआईटी को अपनी कमाई का कम से कम 90 प्रतिशत हिस्सा निवेशकों को देना होता है, जिससे आम लोग और बड़े निवेशक आसानी से बड़े ऑफिस भवनों में निवेश कर पा रहे हैं।

उतार-चढ़ाव के बीच बनी रही मजबूती

एनारॉक कैपिटल के सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा, 'वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में आरईआईटी ने अच्छा प्रदर्शन किया और ब्याज दर बढने और बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत बने रहे। अब तक सूचीबद्ध चार आरईआईटी की कीमतें 25-61 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं, जबकि हाल ही में लिस्टेड नॉलेज आरईआईटी ने पहले ही लगभग 12 प्रतिशत का लाभ प्राप्त कर लिया है।

जम्मू-कश्मीर: उधमपुर में संदिग्ध आतंकवादी देखे गए

उधमपुर (वार्ता)। जम्मू- कश्मीर के उधमपुर जिले में माजलता के जंगल वाले इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों को देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार पुलिस और अर्धसैनिक बलों की एक संयुक्त टीम माजलता के चोर मोटू गांव और आसपास के जंगल वाले इलाकों में तलाशी ले रही है। यह अभियान विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद शुरू किया गया। अधिकारियों के अनुसार, दो अज्ञात आतंकवादी कथित तौर पर रविवार शाम करीब 6.30 बजे चोर मोटू गांव में एक स्थानीय निवासी मंगतू राम के घर गए और खाना खाने के बाद जंगल की ओर भाग गए। इस बीच, जम्मू - कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने किसी भी घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा से लेकर नियंत्रण रेखा के पास पहाड़ी इलाकों तक कई सेक्टरों में संयुक्त अभियान तेज कर दिए हैं।

सेना को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाधान देगा एनएसयूटी विश्वविद्यालय

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय सेना और दिल्ली स्थित नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सेना व विश्वविद्यालय के बीच इस सहयोग का उद्देश्य सेना के लिए सॉफ्टवेयर तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधान विकसित करना है। इससे देश की रक्षा तैयारियों को स्वदेशी तकनीक के माध्यम से और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। इसके अनुसार विश्वविद्यालय के छात्र और फैकल्टी सेना की तकनीकी समस्याओं के लाइव समाधान का हिस्सा बन सकेंगे।

रूसी राजदूत ने बांग्लादेश को भारत के साथ तनाव दूर करने की दी सलाह

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बांग्लादेश में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और भारत के साथ उसके द्विपक्षीय संबंध भी ताक पर हैं। बीते कुछ समय में बांग्लादेश में भारत के दूतावास को भी निशाना बनाने और भारत विरोधी नारा देने की कई घटनाएं सामने आई। इसके साथ ही लगातार अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा को लेकर भी भारत में काफी नाराजगी है। इस बीच बांग्लादेश में रूस के राजदूत अलेक्जेंडर ग्रिगोरीविच खोजिन ने दोनों देशों के बीच तनाव खत्म करने की अपील की।

तेलंगाना जल्द ही एसआईआर में पूरे देश के लिए एक आदर्श बनेगा: सीईसी ज्ञानेश

हैदराबाद (आईएएनएस)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि तेलंगाना मतदाता

सूची का विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) जल्द ही पूरे देश के लिए एक आदर्श बन जाएगा। उन्होंने यहां बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना को एसआईआर के अगले चरण में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुई एसआईआर प्रक्रिया को इस संदर्भ में एक मिसाल के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को भारतीय चुनावी प्रणाली की रीढ़ बताते हुए कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण की सफलता उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत पर निर्भर करती है।

'जनादेश परब' में शामिल हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

हम छाती ठोंककर बोलते हैं, हमने 2 साल में सभी वादे पूरे किए :नड्डा

जांजगीर-चांपा /नवप्रदेश । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज छत्तीसगढ़ के जांजगीर पुलिस लाइन में आयोजित 'जनादेश परब0में शामिल हुए। उन्होंने जय सतनाम के नारे के साथ आमसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने शानदार 2 साल पूरे किए हैं, इसके लिए बहुत-बहुत बधाई। बघेल सरकार में आतंक था, भ्रष्टाचार था, जो वादे किए वो निभाए नहीं, नक्सलवाद के साथ समझौतावाद था। आप सबने ऐसी सरकार को उखाड़ फेंका, और कमल का फूल खिलाया है।

भाजपा ने जो कहा, वह किया

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा, वह किया है। और जो नहीं कहा था, वह भी करके दिया है। इसलिए हम छाती ठोंककर बोलते हैं कि हमने 2 साल में सभी वादे पूरे किए है। हमने कहा था कि हम गांव गरीब के लिए काम करेंगे। हमने 5 लाख 62 हजार मजदूरों को आर्थिक मदद देने का काम किया। साथ ही 32 हजार नौकरियों की भर्ती की प्रक्रिया की जा रही है. युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी मिलेगी।

नक्सलियों से दोस्ती करती थी कांग्रेस की सरकार

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार नक्सलियों से दोस्ती करती थी, समझौता करती थी। हमारी सरकार ने उनसे लोहा लिया और अब मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि भारत आज विश्व में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. देश अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। देशभर में सड़कों का जाल बिछ रहा है. 60प्र. का ग्रोथ है। आज हमारे यू ट्यूबर, एनफ्लुएंसर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

31 मार्च 2026 तक समाप्त होगा नक्सवाद : उपमुख्यमंत्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनादेश परब को संबोधित करते हुए कहा कि जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ से पुराना नाता रहा है. वे पहले छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे, जिसके बाद उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया. उन्होंने कहा कि अब नितिन नवीन छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं और उन्हें भी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, जो छत्तीसगढ़ महतारी के आशीर्वाद का परिणाम है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा सरकार बनने पर दो बड़े वादे किए थे, जिनमें वंचित 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देना और छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त करना शामिल है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पद संभालते ही पीएम आवास का प्रस्ताव किया और अब प्रदेश से नक्सली समस्या दूर करने का अभियान शुरू हो चुका है, जिसके तहत 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने जनता का किया धन्यवाद

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी आमसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता का मैं धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया. उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने पांच साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया था, जिसके अपराधी आज जेल की हवा खा रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश का विकास तेज गति से हुआ है, जो निरंतर जारी रहेगा. उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

शराब घोटाला मामला

चैतन्य के खिलाफ 3200 पन्नों का चालान पेश

■ ईडी का दावा बघेल को मिले 200 से 250 करोड़

रायपुर/नवप्रदेश । पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को 3200 पन्नों का 8वां पूरक चालान पेश किया है. इसके बाद चैतन्य की मुश्किलें बढ़ते नजर आ रही है. 8वें पूरक चालान में चैतन्य बघेल को 200 से 250 करोड़ रुपए मिलने का बड़ा खुलासा हुआ है. इस कथित लेन-देन का आधार सौम्या, अरुणपति, टुटेजा और अनवर ढेबर की व्हाट्सऐप चैट बताया गया है।

बघेल को जन्मदिन के दिन किया था गिरफ्तार

ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन पर 18 जुलाई को भिलाई निवास से धन शोधन निवारण अधिनियम , 2002 के तहत गिरफ्तार किया था. शराब घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1000 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति का संचालन

चैतन्य बघेल पर शराब घोटाले से उत्पन्न 1000 करोड़ रुपये से अधिक के पीओसी को संभालने का भी आरोप है. वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन कोषाध्यक्ष को पीओसी हस्तांतरित करने के लिए अनवर ढेबर और अन्य के साथ समन्वय करते थे. ईडी द्वारा की गई जांच से पता चला है कि इस शराब घोटाले से प्राप्त धनराशि को आगे निवेश के लिए बघेल परिवार के प्रमुख सहयोगियों को भी सौंप दिया गया था. इस धनराशि के अंतिम उपयोग की आगे जांच की जा रही है।

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास से महिलाओं के लिए बढ़े रोजगार के अवसर : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर महिलाओं के लिए बड़ी संख्या में ब्लू-कॉलर रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी।

उन्होंने रिपोट्र्स के हवाले से कहा कि ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में अपने नए प्लांट में बीते आठ से नौ महीनों में करीब 30,000 कर्मचारियों को नियुक्त किया है और इसमें से करीब 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाली बड़ी फैक्ट्री की आज से 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कुशल श्रमिक वर्ग के रोजगारों का सृजन जारी है। इससे महिलाओं को फायदा हो रहा है।

नए आईफोन असेंबली प्लांट

देवनहल्ली में स्थित अपने नए आईफोन असेंबली प्लांट के लिए फॉक्सकॉन ने कथित तौर पर महिलाओं को नियुक्त किया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल हो रही हैं और इनकी आयु वर्ग मुख्य रूप से 19-24 वर्ष है। अगले वर्ष तक, कारखाने में कर्मचारियों की संख्या बढ़कर लगभग 50,000 होने की उम्मीद है। इस प्लांट में परीक्षण उत्पादन इस वर्ष अप्रैल-मई में आईफोन 16 के साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार की ड्राफ्ट मतदाता सूची आज होगी प्रकाशित

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग मंगलवार को केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित करने जा रहा है। इसके साथ ही 2026 में विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश में प्रस्तावित चुनावी प्रक्रिया की तैयारियों में एक और अहम कदम पूरा होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में तैयार किए गए ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल्स को मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) के माध्यम से सभी मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाएगा, ताकि वे तय समय में आपत्तियां, सुझाव और एतराज दर्ज करा सकें। आयोग ने यह निर्देश दिया है कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही पारदर्शिता और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रारूप मतदाता सूची ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नीतीश कुमार ने की पीएम मोदी और अमित शाह से मुलाकात

■ बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार समेत कई मुद्दों पर चर्चा

नई दिल्ली(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम आवास पर इस बातचीत को राजनीतिक और प्रशासनिक, दोनों लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। तीनों नेता एक साथ प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पटना से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। विधानसभा चुनाव में भारी जीत के बाद यह उनका पहला दिल्ली दौरा है। ऐसे में इस मुलाकात के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री से मुलाकात से

पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर उनसे मुलाकात की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिल्ली का यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल ही में बिहार में भाजपा ने कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जैसे नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है।

गरमा-गरमा

कामयाबी ... 8 सिंगल शॉट राइफल समेत बड़ी मात्रा में डंप सामग्री बरामद

जवानों ने नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ध्वस्त की

सुकमा/नवप्रदेश । सुकमा जिले में जवानों ने नक्सलियों के हथियार बनाने की फैक्ट्री को धवस्त कर दिया है। सीआरपीएफ और डीआरजी जवानों की संयुक्त टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने बंदूक और गोला-बारूद बनाने के लिए मीनागट्टा इलाके के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री बना रखा था। इसे रविवार को धवस्त करने पर जवानों को बड़ी मात्रा में डंप सामग्री बरामद हुई है, जिसमें 8 सिंगल शॉट रायफल शामिल है।

दरअसल, सुकमा पुलिस की नई रणनीति और लगातार समन्वित एंटी

नक्सल ऑपरेशन के चलते माओवादियों के नेटवर्क पर लगातार करारा प्रहार हो रहा है। विगत वर्ष 2024 से अब तक 599 माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं, 460 माओवादी गिरफ्तार और 71 माओवादी मारे गए हैं. वहीं शेष बचे नक्सलियों पर दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है।

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से क्या-क्या मिला ?

सिंगल शॉट राइफल -08 नग, 12 बोर कारतूस - 15 नग, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर - 05 नग, कॉर्डेक्स वायर -30 मीटर, मल्टीमीटर -01 नग, सेफ्टी फ्यूज - 30 मीटर, पीईके विस्फोटक -02 किलोग्राम, एएनएफओ विस्फोटक - 01 किलोग्राम, अमोनियम नाइट्रेट - 10 किलोग्राम, वायरलेस वीएचएफ सेट -08 नग, वेल्डिंग मशीन -01 नग, कटर मशीन -01 नग, नक्सली वर्दी एवं वर्दी निर्माण सामग्री, **नक्सली साहित्य:** इसके अलावा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रेल का बढ़ा किराया तो भड़का विपक्षी खेमा

जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही सरकार: खड़गे

नई दिल्ली (वार्ता)। रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन की टिकट के दाम को बढ़ाने का एलान किया, जिसके बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े मोदी सरकार पर आम लोगों से लूट करने का आरोप लगाया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि सरकार ने एक साल में दूसरी बार रेल किराया बढ़ाया है और यह बढ़ोतरी केंद्रीय बजट से ठीक पहले की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर

किए पोस्ट में खरगे ने लिखा कि मोदी सरकार के दौर में रेलवे की हालत खराब हो गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अलग रेलवे बजट खत्म होने से जवाबदेही भी खत्म ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

बीटीआई ग्राउंड के सामने यातायात में बाधक बने 17 ठेले जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। टीम प्रहरी अभियान रायपुर जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गो और बाजारों का यातायात सुगम बनाने नियमित रूप से चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 3 के क्षेत्र अंतर्गत बीटीआई ग्राउंड के सामने मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर लगभग 17 ठेलों को कड़ाई से व्यवस्था सुधारने नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम और नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता के संयुक्त अभियान अंतर्गत सड़क मार्ग पर से तत्काल जप्त कर लिया गया और लगभग 12 अवैध कब्जे मुख्य मार्ग से हटाए गए, इससे बीटीआई ग्राउंड के सामने मुख्य मार्ग में तत्काल नागरिकों को यातायात जाम की समस्या से त्वरित राहत मिली और यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बन गया. टीम प्रहरी का जनहितकारी अभियान रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में आगे भी जारी रहेगा.

मोटर साइकिलों की भिड़ंत, दो लोगों की मौत

अंबागढ़ चौकी/नवप्रदेश। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रविवार की शाम अंबागढ़ चौकी दनगढ़ रोड पर ग्राम गोपलीनचुआ के पास हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम लगभग 3.45 बजे ग्राम गोपलीनचुवा में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि दोनों मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दुर्घटना के शिकार दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी पहुंचाया, जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतकों की पहचान किशोर यादव उम्र लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम सांगली तथा अजय कुमार साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सलाईटोला थाना डोंगरगांव के रूप में की गई है। किशोर यादव बस चेकर का काम करता था। यह मोटरसाइकिल से दनगढ़ रोड पर जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। बहरहाल पुलिस ने दुर्घटना के इस मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। घटना की जांच की जा रही है।

एक ही हल्के में 41 एकड़ रकबा का किसानों ने किया समर्पण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिल्ला प्रशासन द्वारा कोचियों पर लगातार कार्यवाही और तमड़ी मानिटरिंग के चलते किसान खुद ही रकथा समर्पण करने सामने आ रहे है। प्रशासन द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही से अवैध धान की आवक पर लगाम लग चुका है। जिले से लेकर बार्डर इलाको में तमड़ी पहरेदारी से एक ही पटवारी हल्के में 41 एकड़ रकबा का किसानों ने समर्पण किया है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के पहले से जिला प्रशासन द्वारा अवैध थान की आवाजाही पर नजर बनाई गई थी। जानकारी अनुसार रविवार को पटवारी हल्का नंबर 31 में ही मुरमुंदा वो किसान नसीच मुजफ्फर खान, प्यारे अहमद, दानीश खान 6.046 हेक्टेपर, मुरमुंदा मेरेगांव तसलीम मुजफ्फर खान प्डरे अहमद से 6.851 हेक्टेयर, खलारी कुजेलाल पिता सियाराम 9.327 हेक्टेयर व खलारी से ही कराया गया हैं। इन चारों किसानों से 765 क्विंटल धान का रकबा समर्पन कराया गया है। अफ्सरों ने बताया कि, अब तक रकबा समर्पण के जरिए आठ करोड़ रूपए की राशि शासन का बचा लिया गया है। जिला प्रशासन की माने तो धारित रकले में उत्पादन के बद ऐसे रकबे भी है, जहां उपज किसान बेच सकते थे। लेकिन उत्तना उत्पादन नहीं होने के चलते किसान खुद ही रकबा समपर्ण कर हैं। वहीं माना जा रहा है कि कोचियों पर लगातार कार्यवाही से किसानों तक उनका लिंक टूट गया है। जिसके चलते कोचिया अवैध मान किसानों के पर्चे पर नहीं बेच पा रहे है। यही कारण है कि किसान खुद ही अब रकबा समर्पण करने में रूचि दिखा रहे है।

चरित्र सत्यापन के लिए रिश्वत मांगने वाला हेड कांस्टेबल निलंबित

कोरबा/नवप्रदेश। गोपनीय शाखा में चरित्र सत्यापन के लिए आवेदन करने पर रिश्वत मांगने के मामले में वहां पदस्थ हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। उक्त कार्रवाई आवेदक की शिकायत पर जांच के बाद एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने की। शहर के सीएसईबी चौकी अंतर्गत ढोढ़ीपारा निवासी दीपक साहू (21) ने शनिवार को एसपी ऑफिस में पहुंचकर गोपनीय शाखा में पदस्थ हेड कांस्टेबल सूर्यकांत द्विवेदी के खिलाफ लिखित शिकायत की थी। दीपक के मुताबिक वह एनटीपीसी रायगढ़ में नियोजित कंपनी में हाइड्रा ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। जहां गेट पास नवीनीकरण के लिए पुलिस चरित्र सत्यापन प्रतिवेदन मांगा गया था। जिसके लिए उसने एसपी ऑफिस के गोपनीय शाखा में पहुंचकर आवेदन किया। जहां हेड कांस्टेबल सूर्यकांत द्विवेदी ने 1 हजार रुपए की मांग करते हुए पैसे देने पर तत्काल प्रमाण पत्र बनाकर देने की बात कही।

कोहरे का असर: ट्रेनें 8 से 10 घंटे लेट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण अब ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री परेशान हो रहे हैं। सप्ताह भर से अधिकांश रहने विलंब से पहुंच रही हैं आज भी हावड़ा पुणे आजादी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 9 घंटे देरी से पहुंची जिससे यात्री परेशान हुए हैं शालीमार मुंबई एक्सप्रेस भी 8 घंटे देरी से पहुंचे हैं। ज्ञात हो कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत स्टेशन से होकर भी सैकड़ो ट्रेनों का प्रतिदिन आना जाना हो रहा है। उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे के चलते ट्रेनों के टाइमिंग पर देखने को मिल रहा है। स्थानीय स्टेशन प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक आज हावड़ा पुणे आजाद हिन्द एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 9 घंटे देरी से रवाना हुई है। इसी प्रकार से हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से पहुंची है। समता एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय से 2 घंटा देरी से पहुंची। एर्नाकुलम बिलासपुर एक्सप्रेस भी 7 घंटा देरी से रवाना हुई है। शालीमार मुंबई ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस भी अपने निर्धारित समय से 9 घंटा देरी से रवाना हुई है।

सुकमा के धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं से नाराज किसानों ने खोला मोर्चा

■ **पूरे सुकमा जिले में सड़कों पर उतरा जनसैलाब**

सुकमा/नवप्रदेश। धान खरीदी व्यवस्था में कथित अनियमितताओं और व्यापक अव्यवस्थाओं के विरोध में सोमवार को पूरे सुकमा जिले में किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। जिले के विभिन्न हिस्सों में एक साथ चक्का जाम किए जाने से राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रमुख मार्गो पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद प्रदर्शनकारियों को हटाया गया और मार्गो पर आवागमन धीरे-धीरे सामान्य कर दिया गया।

इस बीच धान खरीदी को लेकर जिले की ग्राम पंचायत सहित कई गांवों के ग्रामीणों का बड़ा जत्था जिला विभिन्न पंचायतों से लगभग 500 से अधिक ग्रामीण एकजुट होकर खरीदी व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिले के खरीदी केंद्रों में भारी अव्यवस्था व्याप्त है। कहीं तौल में देरी हो रही है तो कहीं बार-बार पंजीयन से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही हैं। किसानों का कहना है कि कर्मचारियों की कथित मनमानी और अव्यवस्थित प्रणाली के कारण उन्हें कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है, फिर भी उनकी उपज नहीं खरीदी जा रही। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

जिला मुख्यालय में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी से माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बना रहा। प्रशासनिक अमला सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है और किसानों से बातचीत कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जिले भर में धान खरीदी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा। फिलहाल विरोध प्रदर्शन जारी है और आसपास के गांवों से और किसानों के जिला मुख्यालय पहुंचने की संभावना जताई जा रही है, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज होने के आसार हैं।

डीपीआरसी भवन जल्द होगा पूर्ण, आयुर्वेद क्लीनिक की साफ-सफाई पर नाराजगी

साइंस पार्क सहित शासकीय कार्यालयों और संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में शासकीय व्यवस्थाओं को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार ने सोमवार को साइंस पार्क सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों और संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की, बल्कि अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए।

निरीक्षण की शुरुआत साइंस पार्क सुकमा से हुई, जहां कलेक्टर ने लंबे समय से बंद पड़े पार्क को शीघ्र पुनः संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पेंटिंग, मरम्मत कार्य एवं हाई मास्ट सोलर लाइट की मरम्मत जल्द पूर्ण कराने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि साइंस पार्क के पुनः संचालन से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें रोचक व ज्ञानवर्धक वातावरण मिलेगा। उन्होंने नगरीय निकाय को पार्क की नियमित देखरेख सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इसके पश्चात डीपीआरसी (जिला पंचायत संसाधन केंद्र) का निरीक्षण किया। यहां चल रहे मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्यालयीन कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीपीआरसी भवन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर कुमार शासकीय स्पेशलिटी क्लीनिक सुकमा (आयुर्वेद चिकित्सा) पहुंचे। यहां पंजीयन व्यवस्था, स्टाफकी उपस्थिति और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल सुधार, आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन में स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। कलेक्टर अमित कुमार ने जिले में बालिका गृह के संचालन हेतु शीघ्र उपयुक्त स्थल चिन्हांकित कर प्रक्रिया पूर्ण करने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की लंबित भर्ती प्रकरणों का जल्द निपटारा करने तथा पेंशन प्रकरणों में शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने दिव्यांगजनों की पेंशन संख्या बढ़ाने और उन्हें कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक चिन्हांकन तत्काल शुरू करने को कहा। कलेक्ट्रेट के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने जिला स्तरीय सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल सेंटर की स्थापना के निर्देश दिए, जिससे विभिन्न विभागों के कार्यों की निगरानी और समन्वय और अधिक प्रभावी हो सके। खाद्य विभाग के निरीक्षण में उन्होंने स्पष्ट किया कि राशन कार्ड से संबंधित सेवाएं ग्राम और नगरीय निकाय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएं, ताकि हितग्राहियों को जिला कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

ट्रेलर चालक को अगवा कर नगदी और मोबाइल की लूट

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा खदान में ट्रेलर खड़े कर खाना खाने जा रहे चालक को बोलेरो सवार बदमाशों ने अगवा कर लिया। उन्होंने थोड़ी दूर जाने के बाद चालक से 3 हजार नगदी से भरे पर्स व मोबाइल लूट लिया। वे चालक के हाथ पैर को रस्सी से बांध रेलवे लाइन के किनारे फेंक भाग निकले। ट्रेलर चालक खुले आसमान के नीचे कड़कती ठंड में पूरी रात पड़ा रहा। इस बीच मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक के एक पैर का एड़ी कटकर अलग हो चुका था। उसे दोस्त ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां उसका उपचार जारी है।

यह वाक्या रविवार की सुबह कुसमुंडा गेट नंबर 6 के समीप सामने आया। दरअसल गेट नंबर 6 की ओर लोगों की आवाजाही चल रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति की नजर रेल पटरी के समीप पड़े युवक पर गई। वह किसी अनहोनी की आशंका से मौके पर पहुंचा। उसने करीब जाकर देखा तो एक युवक पटरी के किनारे दर्द से कराह रहा था। उसके दोनों हाथ पैर रस्सी से बंधे थे। उसके बाएं पैर का एडी कटकर अलग हो चुका था। उस व्यक्ति ने युवक की हालत देख रस्सी खोल उसे आजाद करा दिया। घायल युवक ने उसके मोबाइल से कॉल कर ट्रेलर चालक का काम करने वाले अपने दोस्त राजनाथ को दी। राजनाथ मौके पर पहुंचा तो भीड़ लगी थी। उसने एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया। जहां बातचीत के दौरान घायल युवक ने अपनी आपबीती सुना दी।

दरअसल घायल युवक मूलतः ग्राम बघनारी, थाना चोपन, जिला सोनभद्र यूपी निवासी विनोद कहार पेशे से वाहन चालक है। उसने बताया कि वह करीब दो माह से कोरबा आकर विनय अग्रवाल के पास ट्रेलर चालक का काम कर रहा है। वह शनिवार की रात ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 4154 में कुसमुंडा खदान पहुंचा, जहां ट्रेलर को खड़े कर विनोद खाना खाने जा रहा था। वह थोड़ी दूर पहुंचा था। इसी दौरान बोलेरो में तीन चार युवक पहुंचे। उन्होंने विनोद को जबरिया बोलेरो में बिठा लिया। वे थोड़ी ले जाने के बाद मारपीट करने लगे। उन्होंने विनोद से तीन हजान रूपए व दस्तावेज से भरे पर्स के अलावा मोबाइल को लूट लिया।

अवैध रेत खनन पर प्रशासन सख्त, कागदेही खदान सील

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध रेत खनन के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने आरंग क्षेत्र के समोदा, कागदेही और हरदीडीह रेत खदानों में औचक निरीक्षण किया, जहां अवैध खनन की गतिविधियां पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान समोदा और कागदेही रेत खदान से एक मोटर बोट सक्शन मशीन (पनडुब्बी) और एक चेन माउंट मशीन जब्त कर खनन कार्य बंद कराया गया। कागदेही रेत खदान को सील कर दिया गया है। वहीं हरदीडीह क्षेत्र में अवैध खनन में संलिप्त दो हाइवा वाहनों को जब्त कर आरंग थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

वहीं मामले में खनन से जुड़े लोगों और खदान संचालक को नोटिस जारी कर खान एवं खनिज तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है और इस तरह की गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

'ब्लू वाटर' खदान में तैरती मिली बिना सिर की लाश

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर स्थित प्रसिद्ध 'ब्लू वाटर' खदान में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या की यह वारदात इतनी खौफनाक है कि हत्यारे ने शव का सिर और हाथ के पंजे काटकर अलग कर दिए हैं, जो मौके पर नहीं मिले हैं। स्थानीय लोगों ने जब खदान के पानी में एक मानव शरीर को तैरते देखा, तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची माना थाना पुलिस ने जब शव को बाहर निकाला, तो स्थिति देख पुलिस अधिकारी भी दंग रह गए। मृतक का सिर धड़ से गायब था और हाथ के पंजे भी बेरहमी से काट दिए गए थे। शव की इस भयावह स्थिति को देखते हुए पुलिस इसे सोची-समझी साजिश और नृशंस हत्या मान रही है।

भिनोदा में गुरु घासीदास जयंती पर सेवा संस्कार और स्वास्थ्य का संगम

सरसींवा /नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भिनोदा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और सेवा भावना के साथ मनाई गई। आयोजन में पूरे गांव का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां सामाजिक समरसता, संस्कृति और जनसेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों को समर्पित पंथी नृत्य से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर गांव के युवाओं द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए शिक्षा को प्रोत्साहन देने का अनुकरणीय कदम उठाया गया। शासकीय विद्यालय भिनोदा में कक्षा 1 से 8वीं तक अध्ययनरत उन विद्यार्थियों को, जिन्होंने पिछले सत्र में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का भी कार्यक्रम रखा गया है । यह पहल न केवल बच्चों में प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाएगी, बल्कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को भी सशक्त करेगी। इस प्रेरक कार्य में सहयोग देने वालों में गोपी अजय, जवाहिर लहरे, पारस जांगड़े, नीलेश सोनवानी, हरीश निराला एवं रविंद्रनाथ निराला का विशेष योगदान रहा जिनकी सामाजिक सहभागिता की ग्रामीणों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम की एक और महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में, पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सैकड़ों ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।

कान्हा क्लब की वॉलीबॉल स्पर्धा के फाइनल में रायपुर का दबदबा

रोमांचक पा3च सेट के मुकाबले में साईं रायपुर को 3-2 से हराकर भव्य ट्रॉफी पर जमाया कब्ज़ा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कान्हा क्लब गरियाबंद द्वारा आयोजित भव्य दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन देर रात अत्यंत रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इस फाइनल मुकाबले में SAI रायपुर और डिस्टिक रायपुर की टीमें आमने-सामने रहीं।

पाँच सेट तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में पहले दो सेट SAI रायपुर ने अपने नाम किए, लेकिन इसके बाद डिस्टिक रायपुर ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन सेट जीतकर मुकाबले पर कब्ज़ा जमाया और भव्य ट्रॉफी के साथ 21,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि अपने नाम कर ली। मुकाबला इतना रोमांचक रहा कि एक-एक अंक के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ी आख़िरी दम तक जूझते नजर आए। कड़ाके की ठंड के बावजूद दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अंतिम पॉइंट तक हजारों की संख्या में दर्शक मैदान में डटे रहे और जैसे ही विजेता घोषित हुआ, पूरा मैदान तालियों और जयघोष से गूंज उठा।

गरिमामयी अतिथियों की रही विशेष उपस्थिति- इस भव्य फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, जिला वॉलीबॉल सचिव हरमेश चवाड़ा, डीएफओ वरुण जैन,थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव,जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ज्ञानेश तिवारी,अश्वनी वर्मा, अतिथि के रूप में सुनील यादव, भाईजान रिजवान मेमन, विनय दासवानी, सुब्रत पात्र, दीपक सरवैया, विकास रोहरा, अमित ठक्कर, पप्पू ठाकुर, आशीष ठक्कर, सलीम मेमन की विशेष उपस्थिति रही।

अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं।

सेमीफाइनल मुकाबलों में भी दिखा दमदार खेल: प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में भी दर्शकों को शानदार खेल देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में डिस्टिक रायपुर की टीम ने खेलो इंडिया को 25-15, 25-18 से सीधे सेटों में पराजित किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में साईं रायपुर ने कवर्धा की टीम को 25-20, 25-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में छगन यादव, प्रकाश सरवैया, ललित साहू, प्रकाश सोनी, सूरज सिन्हा, अनुराग केला, क्षितिज गुप्ता, वैभव ठक्कर, बाबू भोसले, गुंचू यादव, कादर अली, नमन सेन, कृष्णा कश्यप, जय मुनि, मनोज भगत, लच्छी यादव, संतोष यादव, जगदीश यादव, कमलेश यादव, कार्तिक यादव, सुनील यादव, शुभम यादव, अमान मेमन, कृष्ण ठाकुर, चीनू ठाकुर, अंकित सिन्हा, शिवा सुमन, चंदन मलय, चंद्रशेखर, लोकू सिन्हा, भूपेंद्र कश्यप, आकाश तिवारी, निक्की रावत एवं वीर का सराहनीय सहयोग रहा।

अब स्कूलों के रिजल्ट सिस्टम में बदलाव, तिमाही-छमाही के अंक तय करेंगे अंतिम परिणाम

अब नए नियम से पढ़ाई में गुणवत्ता लाने का दावा, सालभर की पढ़ाई से बनेगा रिजल्ट, बोर्ड एग्जाम में नियम लागू नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग ने छात्रों के मूल्यांकन प्रणाली में बड़ा बदलाव कर नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत अब केवल मुख्य परीक्षा के आधार पर ही नहीं, बल्कि पूरे साल की पढ़ाई का मूल्यांकन किया जाएगा।

नए नियम के अनुसार अब तिमाही और छमाही परीक्षाओं के अंकों सीधा असर छात्रों के वार्षिक परीक्षा परिणाम पर पड़ेगा। यानी अब केवल अंतिम परीक्षा के आधार पर ही नहीं, बल्कि पूरे साल की पढ़ाई का मूल्यांकन किया जाएगा। हालांकि, यह नई व्यवस्था बोर्ड परीक्षाओं वाली कक्षा 10वीं और 12वीं पर लागू नहीं होगी। शिक्षा विभाग के इस फैसले से प्रदेश के करीब 45 लाख स्कूली छात्र प्रभावित होंगे। विभाग का मानना है कि अब तक कई स्कूलों में तिमाही और छमाही परीक्षाएं महज औपचारिकता

बनकर रह गई थीं। छात्र और शिक्षक दोनों ही इन्हें गंभीरता से नहीं लेते थे। लेकिन अब इन परीक्षाओं के अंक सीधे फाइनल रिजल्ट में जुड़ेंगे, इसलिए पढ़ाई और मूल्यांकन दोनों में गंभीरता बढ़ेगी। साथ ही इससे पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर होगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि इस बदलाव से छात्र पूरे साल नियमित पढ़ाई के लिए प्रेरित होंगे। साथ ही शिक्षकों को भी सिलेबस समय पर पूरा कराने और छात्रों की प्रगति पर लगातार नजर रखने की जिम्मेदारी बढ़ेगी। विभाग के अनुसार यह फैसला शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी बेहतर होगी। शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्रों के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था लागू होगी। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजा गया है, जिस पर जल्द निर्णय होने की संभावना है।

नई व्यवस्था इसी सत्र से शुरु

जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने कहा कि आदेश का पालन इसी सत्र से शुरू कर दिया जाएगा। इस सत्र में वार्षिक परीक्षा में अर्धवार्षिक और तिमाही के अंक जोड़े जाएंगे। मूल्यांकन प्रणाली में बदलाव होने पर छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी भी बेहतर होगी और इससे परिणाम भी उत्कृष्ट आएंगे। नई व्यवस्था बोर्ड कक्षा की परीक्षा में लागू नहीं होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रणाली के लागू होने के बाद विद्यार्थी अलर्ट रहेंगे और तिमाही और अर्धवार्षिक परीक्षा में भी उनकी मेहनत दिखेगी। इससे पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ेगी और बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के परिणाम बेहतर होंगे।

इस तरह तैयार किए जाएंगे मुख्य परीक्षा के परिणाम

नई व्यवस्था के तहत कक्षा पहली से चौथी तक तिमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत, छमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत और वार्षिक परीक्षा के 60 प्रतिशत अंक जोड़कर अंतिम परिणाम तैयार किया जाएगा। वहीं कक्षा पांचवीं से आठवीं तक छमाही परीक्षा के 30 प्रतिशत और वार्षिक परीक्षा के 70 प्रतिशत अंकों के आधार पर रिजल्ट बनाया जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

श्रीवास समाज का प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग द्वारा आयोजित प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन आज मंगलवार को सुबह 10 बजे से श्रीवास भवन बिलासपुर सेन मार्ग बाईपास रोड मंगला बिलासपुर में किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, पूर्व मंत्री और विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी, प्रांताध्यक्ष त्रिलोक श्रीवास होंगे। कार्यक्रम में इस वर्ष भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर शिक्षा रत्न सम्मान, स्व. रामचरण श्रीवास (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) शिक्षा रत्न सम्मान के तहत पिछले दो वर्षों के अंतर्गत पीएससी, एमबीबीएस, सीए, पीएचडी, बीएएमएस तथा इस स्तर की विद्यार्थी का सम्मान, स्व. बाला राम श्रीवास शिक्षा रत्न सम्मान (समाजसेवी श्रीवास धर्मशाला जमीन के दानदाता) इसके तहत पिछले दो वर्षों में व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर पदासीन प्रतिभागी हेतु, किसी भी विषय में स्नातकोत्तर, स्नातक, 12वीं 10वीं में 70% अंक के साथ उत्तीर्ण प्रतिभागी। कक्षा आठवीं में बी+ के साथ उत्तर प्रतिभागी। शैक्षणिक प्रकोष्ठ श्रीवास समाज द्वारा संचालित ऑनलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले प्रतिभागियों का सम्मान किया जाएगा।

मेमू लोकल ट्रैक में खड़ी मॉलगाड़ी से टकराई

गेवरा-बिलासपुर ट्रेन दुर्घटना में पिता और पुत्र की मौत, परिवार सदमे में

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिल्हा गतौरा खदान रेल खंड में गेवरा बिलासपुर मेमू लोकल ट्रैक पर खड़ी मॉलगाड़ी से टकरा गई। इस दुर्घटना में पहले अंकित अग्रवाल पिता तुलाराम अग्रवाल की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया था। इस कष्टदाई मंजर से पूरा परिवार सदमे से ऊपर भी नहीं पाया था कि ट्रेन दुर्घटना में घायल परिवार का मुखिया तुलाराम अग्रवाल उम्र 56 वर्ष पिता मूलचंद अग्रवाल बिल्हा की मौत की खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में पहुंचा दिया। पूरा बिल्हानगर में शोक की लहर छा गई।

ज्ञात हो पूरे परिवार का खर्च मृत पिता-पुत्र के कंधों पर था। एक पुत्र मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण कुछ कर पाने में असमर्थ है। इस दुर्घटना ने पत्नी से पति का साया छीना, मां से पुत्र का साया छीना ,बहन से भाई का व पिता का साया छीना। रेलवे प्रशासन ने मौत की 10 लाख कीमत लगाकर अपने कर्तव्यों की इति श्री समझकर मौन धारण कर लिया है क्या अब इस परिवार के जिंदगी के आगे के सफर उनकी रोजी-रोटी का इंतजाम कौन करेगा यह सबसे बड़ा सवाल है। बिल्हा हनुमान चालीसा समिति के संरक्षक वह छत्तीसगढ़ प्रखर पत्रकार महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर आरसी अग्रवाल, संतोष यादव, दिलीप गुप्ता, संजय अग्रवाल, राजेश शर्मा, सुखी देवांगन, हृदय यादव, राजकुमार मानिकपुरी, जलेश्वर कौशिक, शिवम नौबतका, सुरेंद्र मित्तल, राजेश नागलिया, कैलाश शर्मा व पत्रकार गण विनोद वर्मा, हरीश गुप्ता, कमल गर्ग के साथ-साथ अमृत आत्माओं की शांति व परिवार को इस विषम परिस्थिति में परमपिता परमात्मा उन्हें इस दुख को सहने की क्षमता दे। इस हेतु कुटिया मंदिर बिल्हा में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा।

रेलवे प्रशासन व राज्य सरकार से नौकरी की मांग

बिल्हा नगर के सर्व समाज ने एक साथ एक स्वर में समाचार पत्रों के माध्यम से रेलवे प्रशासन, राज्य सरकार व केंद्र सरकार से मांग की है कि उनके परिवार के भरण पोषण की तत्काल व्यवस्था की जाए। परिवार के सक्षम सदस्य को यथा शीघ्र शासकीय नौकरी प्रदान करें।

ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ ने की कंबल वितरित

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। शीतकालीन ठंड के दौरान निर्धन, गरीब एवं असहाय लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ, भाटापारा के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड तथा पटपर चौक के आसपास बैठे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान देखने को मिली और उन्होंने आयोजकों को दिल से दुआएं दीं। अल्पसंख्यक एडवाइजरी समिति के सदस्य एवं संघ के संरक्षक प्रकाश मोदी ने कहा कि यह जनहित में किया गया अत्यंत नेक कार्य है, जिससे गरीबों को ठंड से राहत मिलेगी। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस तारेस साहू ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीबों के लिए कंबल वितरण करना अत्यंत सराहनीय पहल है। इसके लिए उन्होंने ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया

संघ को शुभकामनाएं दीं। लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं संघ के संरक्षक रविंद्र गिन्नौरे ने संघ को बधाई देते हुए कहा कि गरीबों के हित में किया गया प्रत्येक कार्य पुण्यदायी होता है और यह पहल निश्चित रूप से प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिश चौबे, प्रदेश महासचिव सत्यनारायण पटेल, प्रदेश सलाहकार रमेश पांडे , प्रदेश कोषाध्यक्ष रामनारायण यादव , भाटापारा अध्यक्ष शंकर सोनी, दीपेंद्र शुक्ला , श्याम सुंदर पुरोहित, ललित तिवारी, सौरभ बरवाड़, शत्रुघ्न सोनवानी, जुगल किशोर तिवारी, सिमगा अध्यक्ष राकेश श्रीवास, नितेश रिंकू लाल, संजू जैन, रविंद्र सोनी, दसोदी सिंह पैकरा का सहयोग रहा।

भागवत कथा मानव जीवन को धर्म, सेवा और संस्कारों से जोड़ने का माध्यमः अरविंद

■ **श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए अजा. प्रदेश कांग्रेस संयोजक लहरिया**

मस्तूरी/नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खैरा जयरामनगर में स्वर्गीय गंगामती साहू के पुण्य स्मृति में आयोजित संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ चल रहा है। यह आयोजन 14 दिसंबर से 22 दिसंबर तक अनवरत चल रही है। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस पावन आयोजन में व्यास पीठ से कथा वाचक आचार्य पंडित सत्यव्रत तिवारी जी निभा रहे हैं, जिनके ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण कथन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। कथा के अंतिम दिवस पहुंचे अरविंद लहरिया, श्रद्धालुओं के बीच बैठकर प्रदेश कांग्रेस संयोजक एवं मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के सुपुत्र अरविंद लहरिया विशेष रूप से श्रीमद् भागवत कथा श्रवण हेतु पहुंचे। उन्होंने श्रद्धा भाव से सुदामा चरित्र, अवधूत चरित्र एवं राजा परीक्षित मोक्ष की मार्मिक कथा का श्रवण किया। कथा उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अरविंद लहरिया ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, सेवा, समर्पण और संस्कारों की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। सुदामा चरित्र हमें सिखाता है कि सच्ची मित्रता और भक्ति के आगे धन-वैभव का कोई महत्व नहीं, जबकि परीक्षित मोक्ष की कथा यह संदेश देती है कि मृत्यु निश्चित है, परंतु यदि जीवन धर्म और भक्ति से जुड़ा हो तो मोक्ष का मार्ग स्वयं खुल जाता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, आपसी भाईचारा बढ़ता है और नई पीढ़ी को हमारी सनातन संस्कृति व परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। स्वर्गीय गंगामती साहू जी की स्मृति में आयोजित यह कथा निश्चित रूप से पुण्यदायी और प्रेरणास्पद है।

श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

कथा स्थल पर भजन-कीर्तन, हरि नाम संकीर्तन और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री की कथा को जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया और आयोजन समिति की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर में पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कोटा नगर पंचायत वार्ड नं 9 द्वारा 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कोई भी बच्चे पोलियो खुराक से वंचित न रहे। घर-घर भ्रमण के दौरान आने वाली स्वास्थ्य टीमों को सहयोग प्रदान कर अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई ।

भारत माता आरती के साथ हिंदू सम्मेलन आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। खपरगंज बस्ती बिलासपुर का हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लाजपत राय नगर में रखा गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्णेन्दु भट्ट तथा मुख्य अतिथि के रूप में अनामिका तिवारी प्राचार्य लाजपत राय स्कूल कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी मंच पर उपस्थित थे। समस्त अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता पूर्णेन्दु भट्ट अपने उद्बोधन में हिंदू समाज के ऊपर प्रकाश डाला। ईश्वर रजक एवं युगल शर्मा के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात छोटे बच्चों के द्वारा रंगारंग फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 बच्चों ने भाग लिया इसमें प्रथम पुरस्कार राध्या देवांगन, द्वितीय पुरस्कार दिशा कुशवाहा तथा तृतीय पुरस्कार हर्षिता रजक एवं दो सातवां पुरस्कार नंदिता साव, एवं प्रवीण रजक को दिया गया बाकी बचे 30 बच्चों को भी पुरस्कार से सम्मानित किया गया इसके निर्णय के रूप में ज्योति मिश्रा, सरबजीत कौर तथा विकास बाजपेई रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्रा तथा अमित तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिग्विजय सिंह, गोपाल शर्मा, छेदीलाल सराफ, भूपेंद्र शर्मा, राजेश मिश्रा, रवि वर्मा, स्कूल की शिक्षिका सरिता सराफ, तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्नेह लता शर्मा, संदीप सोनी, विकास बाजपेई, बाबा राव, राकेश मिश्रा, प्रवीण वर्मा, प्रदीप वर्मा, अमित तिवारी, युगल शर्मा, जगदीश साहू, राजेश शुक्ला, अनूप मिश्रा, अशोक मिश्रा, सतीश यादव, अमर रुपानी, मोनू रजक ,राहुल, रोहित, मयूर, विराज सोनी, दिव्यांश वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिक्षा ऐसी हो जो चरित्र का निर्माण करें: प्रो. सारस्वत

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर, 'भारतीय जनजातियांः सांस्कृतिक विरासत एवं महानायकों की भूमिका' विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो बंश गोपाल सिंह, पूर्व कुलपति, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि नारायण नामदेव, सामाजिक कार्यकर्ता, वैभव सुरंगे, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ. मुकेश कुमार सिंह, प्राध्यापक, गुरु घासीदास वि.वि., बिलासपुर, ललित मिश्र, साहित्यकार, रायपुर रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रो. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत, कुलपति, पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर ने की। आयोजन में कुलपति प्रो. वी. के. सारस्वत ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि हमारे प्रधानमंत्री का सपना है भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने। इस सपने को पूरा होने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भूमिका महत्वपूर्ण है । अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी हो जो चरित्र का निर्माण करें, शोध व शिक्षा में भारतीय दर्शन हो, दया और करुणा का भाव पैदा करें। समाज को कैसे न्याय मिले ऐसी शोध पद्धति हमें विकसित करनी चाहिए। ऐसे में शिक्षा से समरसता आएगी और समाज में आत्म सम्मान का भाव आएगा। भारत श्रेष्ठ तभी बनेगा, जब सिर्फ आर्थिक दृष्टि से ही नहीं चारित्रिक दृष्टि से भी हम सफल हो, देश का अंतिम व्यक्ति आत्म सम्मान से जीवन यापन कर पाए।

प्रशासन गांव की ओर के तहत चिस्दा में शिविर आयोजित

मस्तूरी/नवप्रदेश। सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर के तहत मस्तूरी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिस्दा में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं के जल्द निराकरण एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान नागरिकों से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। साथ ही मौके पर ही कई प्रकरणों का निराकरण भी किया गया। लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरपंच हरवंश सिंह पैकरा तथा सचिव राजेश खांडेकर ने प्रेरित किया। इस अवसर पर पटवारी अश्वनी सूर्यवंशी, उमेश यादव उप सरपंच जयकुमार रजक पंच गण मेघनाथ चांदराम दीनदयाल के साथ आजूराम सुखलाल तथा अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

खेल

सेको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ का बेल्ट ग्रेडिंग बेमेतरा में आयोजित

150 प्रतिभागियों ने परीक्षा में अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक दिवसीय कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन कराते संघ बेमेतरा द्वारा स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम कंतेली में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जिसके आयोजनकर्ता बेमेतरा जिले के कराते सचिव सेन्साई अजय वर्मा एवं सेको काई बिलासपुर कराते स्कूल के संचालक सेन्साई राजेश सारथी द्वारा किया गया। उपरोक्त आयोजन कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन एवं सेको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में किया गया, जिसमें दोनों जिलों के संयुक्त आयोजन में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लेकर परीक्षा में अपना कौशल आत्मविश्वास प्रतिभा प्रदर्शित किया।

परीक्षा के मुख्य पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं सेको काई कराते छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रशिक्षक व पर्यवेक्षक रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू एवं सहयोगी पर्यवेक्षक सीनियर कराते कोच सेन्साई देवराज धनकर एवं सेन्साई जयंत नायडू रहे। परीक्षा में सम्मिलित कराते प्रतिभागियों के साथ बिलासपुर कराते डू एसोसिएशन के सह सचिव राजेश सारथी सहित परीक्षा स्थल में सभी सीनियर खिलाड़ी व कोच रिया साहू,आरती साहू, सपना श्रीवास आदि उपस्थित रहे। सफलपूर्वक आयोजन हेतु बिलासपुर कराते डू एसोसिएशन के सचिव एवं सीनियर प्रशिक्षक हरिशंकर साहू ने सभी कराते परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं आशीर्वाद दिया। बिलासपुर जिले से निम्न परीक्षार्थियों ने उक्त कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में भाग लिया मोहम्मद यामीन मारूफ, स्मृति कश्यप, अंकुर कौशिक, शानवी केशरवानी, नवल नंदी,अर्पित भल्ला, ईशाना गर्ग, ह्दान मैत्रा, ह्यान शांतिकारी, तुषार यादव, अदवित् शुक्ला, धीरज साहू, मोहम्मद रुशन, सान्वी अग्रवाल, अनुष्का दत्ता चौधरी, निरंजना एस पिल्लई, जाफ़र अली, आरना साहू, ग्रंथ वशिष्ठ, आदि पांडेय, अस्मित धकं, श्रेयांश खंडेलवाल, निवा कंवर, आर्यव साव, सौम्या साहू, प्रखर भट्ट, अश्विका उद्देश्य, मोहम्मद अयाज खान, ज़ीनत खान, लक्ष्य पटेल, समीर पाटले, हिमानी सूर्यवंशी, लावण्या कुथे, कियान कुथे, लक्षिता साहू, मोहम्मद यूसुफ हसन, अन्या साहू, आयांश झा, रितु, पल्लवी बनिक, सानवी पांडेय, वेदिका दीक्षित, आराध्या साहू, समीक्षा सारथी, सारा श्रीवास्तव,अवी यादव,तन्मय दुबे, जयकुमार यादव, विवेक कुमार नेताम, आदि कराते खिलाड़ियों ने परीक्षा में भाग लिया।

सुविचार

मुर्दों की न तो बुराई होती है न उनका विरोध होता है और न ही उसके दुश्मन होते हैं। यदि ये तीन बातें आपके साथ भी हैं तो आप भी मुर्दा हो। - अज्ञात

बांग्लादेश में फिर हिंसा का तांडव

बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा का तांडव शुरू हो गया है। इस बार भी कट्टर पंथी ताकतें हिंदुओं को निशाना बना रहे हैं। जमात ए इस्लामी नामक संगठन के सामने वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस ने या तो घुटने टेक दिए हैं या फिर वे भी कट्टरपंथी ताकतों के साथ हैं। तभी तो कट्टरपंथियों ने एक हिन्दू युवक को पुलिस हिरासत से छुड़ाकर उसकी नृशंस हत्या कर दी। हिंदुओं के घरों को जलाया जा रहा है। लूटपाट की जा रही है। हिन्दू महिलाओं को हिजाब पहनने के लिए बाध्य किया जा रहा है। मीडिया संस्थानों पर भी हमले हो रहे हैं। अराजकता फैलाई जा रही है और मोहम्मद युनूस सरकार मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा कोई नई बात नहीं है। जब से शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलट हुआ है और उन्होंने भारत में शरण ली है तभी से लगातार बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। किन्तु अब पानी सिर से ऊंचा हो गया है अब तो वहां भारत विरोधी नारे लग रहे हैं और कट्टरपंथी नेता भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश में मिलाने की धमकी दे रहे हैं। अब भारत सरकार को बांग्लादेश को सबक सिखाने में देर नहीं करनी चाहिए। भारत में लोगों ने बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वकीलों ने देश के कई स्थानों पर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने भी बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इसे मानवता के खिलाफबताया है और केन्द्र सरकार से मांग की है कि वो बांग्लादेश को सबक सिखाए। भारत ने बांग्लादेश को हिंदुओं पर अत्याचार रोकने की चेतावनी दी है और भारत बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा कड़ी की है लेकिन बांग्लादेश भी पाकिस्तान की तरह ही लातों का भूत है जो बातों से नहीं मानने वाला है। भारत में बंगाल और असम में जल्द चुनाव होने जा रहे हैं और इन दोनों राज्यों की सीमा बांग्लादेश से लगी हुई है। इसलिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत सरकार बांग्लादेश के खिलाफ कूटनीतिक प्रयास करने के साथ ही उसे उसी की भाषा में जवाब देने में और देर नही करेगी।

टी-20 वर्ल्ड कप टीम से शुभमन गिल की छुट्टी

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। टीम से उप कप्तान शुभमन गिल की छुट्टी कर दी गई है। उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज के रुप में खेलेंगे जिन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ आक्रामक पारी खेली थी। इसके साथ ही लंबे समय बाद एक और विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी टीम इंडिया का हिस्सा बनाया गया है। गौरतलब है कि शुभमन गिल खराब फार्म से जूझ रहे हैं। इस बारे में मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा है कि शुभमन गिल के खराब प्रदर्शन और टीम के संतुलन को ध्यान में रखते हुए गिल को हटाने का निर्णय लिया गया है। अब उनकी जगह अक्षर पटेल टीम इंडिया के उप कप्तान होंगे। बहरहाल टीम इंडिया अब संतुलित नजर आ रही है और उसने साउथ अफ्रीका के खिलाफ जो बेहतरीन प्रदर्शन किया है उसे मद्देनजर रखकर यह उम्मीद की जा सकती है कि सूर्य कुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया इस बार भी विश्व कप जीतने में निश्चित रूप से सफल होगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 दिसंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं। 2008- सॉफ्टवेयर कम्पनी सत्यम पर विश्व बैंक ने प्रतिबंध लगाया। विख्यात कथाकार गोविन्द मिश्र को उनके उपन्यास कोहरे के क़ैद रंग के लिए हिन्दी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार 2008 से नवाज़ा गया। 2007 - पाकिस्तान में लगे आपातकाल को वहाँ की अदालत ने सही ठहराया। 2005 - वामपंथी विरोधी लेक काकजिंस्की ने पौलैंड के राष्ट्रपति का पद भार ग्रहण किया। 2003 - इस्रायल ने गाजा पट्टी पर हमला किया। 2002 - इस्रायली सेना के हटने तक फ़िलिस्तीन का चुनाव स्थगित। 2000 - न्यूज़ीलैंड ने आस्ट्रेलिया को हराकर विश्व महिला क्रिकेट ख़िताब जीता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कलकत्ता का नाम आधिकारिक तौर बदलकर कोलकाता किया गया। 1995 - हरियाणा के मंडी डाबवाली इलाके में स्थित एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान आग लगने से 360 लोगों की मौत। 1969 - चांद पर से लाए गए पत्थरों को राजधानी में आयोजित एक प्रदर्शनी में रखा गया। 1976 - सर शिवसागर रामगुलाम द्वारा मॉरिशस में मिली जुली सरकार का गठन।

आज का पञ्चाङ्ग

सूर्योदयः 07:02, सूर्यास्तः 05:29, चन्द्रोदयः 09:01, चन्द्रास्तः19:20, अयन उत्तरायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः- शिशिर, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः2082 (सिद्धार्थी) मास पौष, पक्ष शुक्ल, तिथि ग तृतीया, नक्षत्र श्रवण, योग व्याघात, प्रथम करण कौलव (10:51 तक), द्वितीय कारण तैतिल (23:34 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य- धनु, चंद्र - मकर, मंगल -धनु (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध -वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु -मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र- धनु (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि- मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु-कुम्भ, केतु - सिंह, शुभाशुभ मुहूर्त विचार। अभिजित मुहूर्त - 11:55 से 12:36, अमृत काल - 22:37 से 24:21, सर्वार्थ सिद्धि योग - 29:32 से 31:10, रवि योग -29:32 से 31:10, विजय मुहूर्त - 13:58 से 14:38, गोधूलि मुहूर्त - 17:19 से 17:47, सायाह्न सन्ध्या - 17:22 से 18:45, निशिता मुहूर्त -23:48 से 24:43, राहुकाल 15:00 से 16:30 राहुवास- उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड -10:59 से 12:16 दुर्मुहूर्त 12:36 से 13:17 होमाहुति -सूर्य (29:32 से बुध) दिशा शूल -पूर्व अग्निवास आकाश। चन्द्रवास पूर्व (दक्षिण 10:07 से) शिववास-गौरी के साथ (10:51 से सभा में)।

परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य

आर.बी. ग्रोवर

मानव विकास का संबंध ऊर्जा खपत से है। 1971 में साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित एक महत्वपूर्ण शोध पत्र में, अर्ल कुक ने बताया कि आदिम मानव से लेकर आधुनिक तकनीकी मानव तक, प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत कैसे बढ़ती गई। आदिम मानव को केवल भोजन के लिए ऊर्जा चाहिए होती थी। शिकार के दौर में घर और व्यापार से जुड़ी ऊर्जा जरूरतें भी जुड़ गईं। जब मानव कृषि करने लगा, तो उद्योग, खेती और परिवहन के लिए भी ऊर्जा की मांग पैदा हुई।

न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने अलग-अलग क्षमता वाले पीएचडब्ल्यूआर के डिजाइन और संचालन में महारत हासिल कर ली है, जिनमें सबसे बड़ी क्षमता 700 मेगावाट की है। 700 मेगावाट की तीन इकाइयां पहले से ही काम कर रही हैं और चौथी इकाई लगभग पूरी होचुकी है। दो और इकाइयां निर्माण के उन्नत चरण में हैं। वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने 700 मेगावाट क्षमता के दस पीएचडब्ल्यूआर के निर्माण को मंजूरी दी थी, और इन परियोजनाओं पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। 1980 के दशक में एक नियामक निकाय की स्थापना की गई थी, जिसने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को विनियमित करने की क्षमता विकसित की है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र ने मूल्यवान सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति के लिए प्रयुक्त परमाणु ईंधन के पुनर्संसाधन और परमाणु अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, परमाणु ऊर्जा उत्पादन भारत के लिए तकनीकी रूप से व्यवहार्य, किफायती और सुरक्षित विकल्प है।

औद्योगिक और तकनीकी चरणों में भोजन, घर, व्यापार, कृषि और परिवहन के लिए ऊर्जा की जरूरत लगातार बढ़ती गई। वर्तमान समय डिजिटल तकनीकों का युग है, और अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण अतिरिक्त ऊर्जा की मांग करता है। मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) मानव विकास का सटीक आकलन प्रस्तुत करता है। इसमें प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे तीन महत्वपूर्ण संकेतक शामिल हैं। एचडीआई और प्रति व्यक्ति अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) के बीच संबंध का उपयोग करके यह तय किया जा सकता है कि किसी खास एचडीआई स्तर तक पहुंचने के लिए कितनी ऊर्जा की जरूरत होगी। जी20 समूह का सदस्य होने के नाते भारत उन देशों के साथ खड़ा है, जिनका एचडीआई 0.9 से अधिक है।

हमारे अनुमानों के अनुसार, ऊर्जा दक्षता और अंतिम उपयोगों के विद्युतीकरण में और सुधार को ध्यान में रखते हुए, 0.9 तक पहुंचने के लिए भारत को प्रति वर्ष लगभग 24,000 टेरा-वाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) ऊर्जा उत्पन्न करने की आवश्यकता होगी (करंट साइंस, 2022, 122(5), 517–527)। इसमें से लगभग 60 प्रतिशत बिजली के रूप में इस्तेमाल होगी, जबकि शेष भाग का उपयोग इलेक्ट्रोलाइज़र में हाइड्रोजन बनाने के लिए किया जाएगा। हाइड्रोजन की जरूरत स्टील, उर्वरक, प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने के लिए होती है। जब हाइड्रोजन उत्पादन की वैकल्पिक तकनीकें बड़े पैमाने पर विकसित हो जाएंगी, तो बिजली की आवश्यकता भी कम हो जाएगी। 2023-24 में बिजली उत्पादन लगभग 1950 टेरा-वाट-घंटे था, और हाल के वर्षों में सीएजीआर लगभग 4.8 प्रतिशत रहा है। इस स्तर पर विकास दर बनाए रखते हुए, चार से पांच दशकों में प्रति वर्ष 24,000 (टीडब्ल्यूएच) बिजली का उत्पादन संभव होगा। हालांकि, इसमें दो जटिलताएं हैं।

सबसे पहले, भारत को अपने ऊर्जा मिश्रण को कार्बन-मुक्त बनाना होगा। इसलिए बिजली उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ अंतिम उपयोगों का विद्युतीकरण और ऊर्जा मिश्रण का पुनर्गठन भी जरूरी है। वर्तमान में अंतिम ऊर्जा खपत (एफईसी) में बिजली की हिस्सेदारी लगभग 22 प्रतिशत है, जिसे काफी बढ़ाना होगा। आज का ऊर्जा मिश्रण मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर है, जबकि इन्हें ऐसे ऊर्जा स्रोतों से बदलना होगा जिनसे कार्बन उत्सर्जन न हो। इसका

मतलब है कि भारत को जलविद्युत, परमाणु, सौर और पवन ऊर्जा से अधिक बिजली पैदा करनी होगी।भारत में जलविद्युत और पवन ऊर्जा की क्षमता सीमित है। देश की आबादी घनी है, इसलिए सौर फोटोवोल्टिक रियोजनाओं के लिए बहुत बड़े भू-भाग को अलग करना आसान नहीं है। हालांकि जल, सौर और पवन ऊर्जा की पूरी क्षमता का उपयोग किया जाना चाहिए, लेकिन केवल ये स्रोत मिलकर भी 0.9 से अधिक एचडीआई हासिल करने के लिए जरूरी ऊर्जा स्तर उपलब्ध कराने में पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाना होगा।

जब तक यह लक्ष्य पूरा नहीं होता, तब तक भारत को कुछ हद तक जीवाश्म ईंधनों का उपयोग जारी रखना पड़ेगा। दूसरे, सौर और पवन ऊर्जा अनियमित (अस्थिर) स्रोत हैं। सौर पैनलों और पवन चक्कियों से बनने वाली बिजली समय और मौसम के अनुसार बदलती रहती है। इसलिए बिजली की आपूर्ति को मांग के अनुरूप रखने के लिए, अधिक उत्पादन होने पर बिजली को संग्रहित करना और उत्पादन कम होने पर आपूर्ति बढ़ाना जरूरी होता है। बिजली का भंडारण महंगा है, और सौर व पवन ऊर्जा में मौसमी उतार-चढ़ाव को संभालने के लिए बड़े पैमाने पर भंडारण व्यवस्था करना बेहद खर्चीला है। उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिजली के मिश्रण में पर्याप्त बेस-लोड उत्पादन क्षमता होनी चाहिए, यानी ऐसी बिजली जो मौसम या दिन-रात पर निर्भर न हो।

परमाणु बिजलीघर निरंतर बेस-लोड बिजली देते हैं, इसलिए कार्बन-मुक्त ऊर्जा मिश्रण में उनका शामिल होना आवश्यक है। इस आवश्यकता को समझते हुए, परमाणु ऊर्जा विभाग की इकाइयां भारतीय उद्योग के सहयोग से परमाणु ऊर्जा का उपयोग इस तरह करने पर काम कर रही हैं कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला देश में ही विकसित हो। भारत में पर्याप्त यूरेनियम नहीं है, इसलिए केवल यूरेनियम का आयात करना पड़ता है। भारत ने परमाणु ईंधन तैयार करने, भारी नी (हेवी वॉटर) बनाने और दाबित भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) के निर्माण के लिए जरूरी सभी उपकरणों की तकनीक विकसित कर ली है।

बदलती व्यापक अर्थव्यवस्था में ग्रामीण रोजगार पर पुनर्विचार

प्रो. ज्योतिष सत्यापालन

भारत की ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को ऐसे समय में स्वरुप दिया गया था, जब ग्रामीण अर्थव्यवस्थाएं गंभीर आर्थिक संकट, सीमित गैर-कृषि अवसरों और कमजोर बुनियादी ढांचे से जूझ रहीं थीं। दो दशक बाद, व्यापक आर्थिक परिदृश्य बदल चुका है। गरीबी कम हुई है, ग्रामीण संपर्क में सुधार हुआ है और वित्तीय समावेशन का भी विस्तार हुआ है। इसके बावजूद, सार्वजनिक रोजगार की मांग लगातार बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण पूर्ण अभाव नहीं बल्कि आजीविका का जोखिम, जलवायु अस्थिरता और असमान क्षेत्रीय विकास है। यही बदलाव रोजगार गारंटी ढांचे में सुधार की मांग करता है।

पहले के कार्यान्वयन में एक और बाधा टुकड़ों में बंटी योजनाएं थी। अलग-थलग, योजना-आधारित कार्यों ने पैमाने को सीमित कर दिया और संपत्तियों की गुणवत्ता को कमजोर कर दिया। विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं की शुरुआत ने रोजगार कार्यों को एकीकृत, ग्राम-स्तरीय विकास योजनाओं के तहत रखकर इस समस्या का समाधान किया है। स्थानिक उपकरणों का उपयोग करके तैयार की गई और राष्ट्रीय योजना प्लेटफार्मों के अनुरूप बनाई गई ये योजनाएं बुनियादी ढांचे, जल, आवास और आजीविका निवेशों में समन्वय को बेहतर बनाती हैं। कार्यों को एक एकीकृत ग्रामीण बुनियादी ढांचे के ढांचे में समेकित करने से दोहराव कम होता है और सार्वजनिक निवेश की दक्षता में सुधार होता है। इससे ग्रामीण रोजगार को एक समानांतर प्रणाली के रूप में मानने के बजाय व्यापक विकास प्रक्रिया के तहत रखा जाता है।

व्यापक आर्थिक नज़रिए से देखें तो, मजदूरी-आधारित रोजगार कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने में लंबे समय से अहम भूमिका निभाते रहे हैं। ये मंदी के दौरान उत्पादों के उपभोग को सुचारू बनाते हैं, संकटग्रस्त पलायन को कम करते हैं और उन क्षेत्रों में मांग के लिए मददगार साबित होते हैं, जहां रोजगार के अवसर स्थिर नहीं रहते। भले ही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि की हिस्सेदारी कम हुई है, फिर भी यह कार्यबल के एक बड़े हिस्से को रोजगार प्रदान करती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार सृजन में स्थिर विकल्प प्रदान करने के लिए पर्याप्त तेजी से वृद्धि नहीं हुई है। यही संरचनात्मक असंतुलन बताता है कि सार्वजनिक रोजगार आज भी क्यों ज़रुरी है। विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 ग्रामीण रोजगार को एक व्यापक राजकोषीय ढांचे में एकीकृत करने का प्रयास करता है। इसे केवल कल्याणकारी व्यय के रूप में मानने के बजाय, विधेयक आजीविका सुरक्षा को उत्पादकता, संपत्ति सृजन और योजनाओं के समन्वय से जोड़ता है, जो विकसित भारत, 2047 के दीर्घकालिक विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है।

पिछले करीब दो दशकों के अनुभव से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वेतनभोगी रोजगार की ज़रुरत खत्म नहीं हुई है। हालांकि दीर्घकालिक गरीबी में कमी आई है, फिर भी ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा हिस्सा जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य आपात स्थितियों और बाजार में उतार-चढ़ाव से प्रभावित होता रहता है। वर्षा आधारित, जनजातीय और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सार्वजनिक रोजगार की तेज़ मांग बनी हुई है। यह स्थायी गरीबी के बजाय आय में अस्थिरता को दर्शाता है। साथ ही, कार्यान्वयन के नतीजे वैधानिक पात्रता और वास्तविक उपलब्धता के बीच लगातार अंतर को दर्शाते हैं। हालांकि कानून प्रति परिवार 100 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, लेकिन अधिकांश वर्षों में प्रदान किए गए कार्य दिवसों की औसत संख्या इस सीमा से काफी कम रही है। इससे स्वतः स्थिरीकरण के रूप में सार्वजनिक रोजगार की भूमिका कमजोर होती है और मंदी के दौरान ग्रामीण मांग को समर्थन देने की इसकी क्षमता भी कम हो जाती है। इस लिहाज़ से प्रति परिवार वैधानिक गारंटी को 100 से बढ़ाकर 125 दिन करना एक ज़रुरी व्यापक आर्थिक फैसला है। यह कमजोर परिवारों के लिए आय की पूर्वानुमान्यता में सुधार करता है और सार्वजनिक व्यय की प्रतिचक्रीय भूमिका को मजबूत करता है। जलवायु संबंधी मुश्किलों या कृषि में मंदी के दौर में, इस तरह का विस्तार उपभोग को बनाए रखने और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में समस्याओं को सीमित करने में मदद कर सकता है।

पिछले अनुभवों से मिला एक अहम वित्तीय सबक यह है कि संपत्ति सृजन से जुड़ा ग्रामीण रोजगार अधिक प्रभावी परिणाम देता है। समय के साथ, जल संरक्षण, भूमि विकास और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों के ज़रिए रोजगार का एक बड़ा हिस्सा सृजित हुआ है। इन निवेशों से कई लाभ मिले हैं, जिनमें फसल सघनता में सुधार, भूजल स्तर में स्थिरता और सूखे के प्रति जोखिम में कमी शामिल है। नए ढांचा के तहत जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संबंधी संपत्तियों और जलवायु के लिहाज़ से कार्यों को रोजगार नियोजन के केंद्र में रखा गया है। यह रोजगार व्यय को मुख्य रूप से राजस्व व्यय के रूप में देखने से हटकर, इसे एक विकेंद्रीकृत सार्वजनिक निवेश के रूप में मान्यता देने की दिशा में बदलाव का संकेत है। वित्तीय नज़रिए से, यह सार्वजनिक व्यय के उत्पादन मूल्य में सुधार करता है और मध्यम अवधि के विकास को बढ़ावा देता है। संपत्ति-केंद्रित रोजगार संवेदनशील क्षेत्रों में राहत व्यय पर बार-बार निर्भरता को कम करके भविष्य के वित्तीय दबावों को भी कम करता है। इन मायनों में, विधेयक अल्पकालिक आय सहायता को दीर्घकालिक उत्पादकता लाभों के साथ संरेखित करता है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं चाहती हूँ जीवन का अंतिम श्वाँस

मैं चाहती हूँ जीवन का अंतिम श्वाँस या अंतिम श्वाँस के बाद ज़ब मुझे पंचतत्व में विलीन किया जाये तब लकड़ियाँ भी उस घाट की हो जहाँ निरंतर जीवन का अंतिम सत्य प्रज्वलित रहता है जहाँ माँ गंगा की गोद में मनुष्य के सुख, दुख पाप, पुण्य, प्रेम, अहंकार सब विलीन हो जाता है मैं भी उस राख के ढेर का एक हिस्सा बनना चाहती हूँ जिसे गंगा अपने जल में समाहित कर लेती हैं सुना है उस घाट में जलकर लोग मोक्ष को प्राप्त करते हैं स्वयं शिव जहाँ कानों में मंत्र कहते हैं मैं चाहती हूँ उस घाट का बस एक कोना, बाबा विश्वनाथ का दरबार, माँ गंगा की गोद, मणिकर्णिका की चिता और जीवन से मोक्ष। **माया देवांगन**

आज कल, क्या?



आज कल ,क्या? क्या? न जाने लोग लिखते जा रहे हैं मंचों पर जमने की ख़ातिर कितना गिरते जा रहे हैं? एक मुक्तक ठीक से लिखना जिन्हें आता नहीं, वो दूसरों के जो चुरा कर खूब पढ़ते जा रहे हैं। **संजय कुमार गिरि**

सोन पाँखी के फाँफा-मिरगा

सोन पाँखी के फाँफा-मिरगा या बिखहर हो जीव सब के भीतर बन के बइठे हे एकेच आत्मा शिव तब कइसे हे कोनो छोटे या बड़े या उँचहा या नीच सब वोकरेच संतान ए संगी जितका जीव-सजीव। **सुशील भोले**

हिंदू इतने बेवकूफ हैं कि धुरंधर

हिंदू इतने बेवकूफहैं कि धुरंधर फिल्म देखने के बाद वे सिर्फ अक्षय खन्ना की उस भूमिका के बारे में चर्चा कर रहे हैं,जिसका हाथ 26/11 बम ब्लास्ट में था लेकिन लोग यह चर्चा नहीं कर रहे हैं की उस समय की सरकार कितनी निकम्मी थी और पाकिस्तान के मुसलमान ने हिंदुओं को काफिर कहकर मारा था. धुरंधर फ़िल्म में 26-11 आतंकी हमले और कांग्रेस की निकम्मेपन की पोल खोल दी। **मुकेश निषाद मुक्कू**

मैंने जब भी निराशाओं से घिरा

मैंने जब भी निराशाओं से घिरा हुआ पाया खुद को तब अपने अबोले शब्दों और पिड़ाओं को दिया कविताओं का रूप और जब भी मैंने लिखा अपने मौन को पन्नों पर तब-तब महसूस किया मैंने कि लिखना न लिख पाने से ज्यादा पीड़ादायक है! **रूबी प्रसाद**

चोरन के सरदार तुम्हारी

चोरन के सरदार तुम्हारी जय जय हो! धन्य है चौकीदार तुम्हारी जय जय हो रुपिया गिरा देश म कोऊ देख न पाइस, डालर नब्बे पार तुम्हारी जय जय हो! धान निपुरगय सब किसान के घुटकी म, लटकी है तलवार तुम्हारी जय जय हो! ताये रहे जे सबदिन मुँह कुठली के नाई, बोलय लगे गमार तुम्हारी जय जय हो! लाइट,पानी, सड़क और कुछ नाम गिनाई, सगळे भ्रष्टाचार तुम्हारी जय जय हो! अपने मुहे बखान करा खूब अपने घर म, है तोहरय सरकार तुम्हारी जय जय हो! **कवि आशीष तिवारी जुगनू**

मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।

मन बावरे का चैन तुम्हीं हो। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। ओस सुबह सी ताजगी तुमसे, शाम सी है आवारगी तुमसे, राह ना सूझे मुझको कभी तो, तम घनघोर में नैन तुम्हीं हो।। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। बात कोई जब ठेस लगाये, भरमाने दो भेष बनाये। मरणासन्न हो जाए भाव तो, शुष्क हृदय में रैन तुम्हीं हो।। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। मौन नहीं हल प्रश्न कठिन के, गौण हुए मत द्रोह नवीन के। वचन फंसे भ्रमजाल कहीं तो-रुष्ट अधर के बैन तुम्हीं हो।। मन बावरे का चैन तुम्हीं हो।। **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आप अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति कर सकेंगे कार्य व्यवसाय में सरकारी सहयोग मिलने की संभावना अधिक रहेगी।

वृषः आज का दिन शुभफलदायी रहेगा सेहत छोटी मोटी व्याधि को छोड़ सामान्य रहेगी लेकिन फिर भी कार्यो में आलस्य करने से विलम्ब होगा।

मिथुनःआज दिन का पूर्वार्ध आपकी आशाओं से थोड़ा कम लाभ देगा फिर भी कार्यो को बेहतर रूप से करने की कोशिश करेंगे। धन लाभ के लिए अधिक परिश्रम करना पड़ेगा ।

कर्कः आज का दिन आपके लिए प्रत्येक कार्यो में विजय दिलाने वाला रहेगा परन्तु विरोधी भी प्रबल रहने से सफलता आसान नहीं रहेगी।

सिंहः आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। शारीरिक रूप से चुस्त रहेंगे लेकिन असमय क्रोध आने से रक्तचाप अनियंत्रित हो सकता है।

कन्याःआज आप अपनी मनमानी नीति के चलते सार्वजानिक क्षेत्र पर आलोचना के शिकार होंगे। कार्य व्यवसाय में अधिकांश समय आश्वासनो से ही काम चलाना पड़ेगा।

तुलाः आज के दिन आप पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे। अपने जिद्दी स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण अशान्त बनाएंगे। मनमानी के चलते घर में भी तनाव का वातावरण बनेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपको अवश्य धन लाभ कराएगा। सेहत भी साथ देने से कार्यो में उत्साह बना रहेगा। लेकिन कार्य क्षेत्र पर लेन देन में स्पष्टता रखें विवाद के साथ सम्मान हानि हो सकती है।

धनुः आज दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु बीच-बीच में पारिवारिक उलझने परेशान करेंगी। लाभ के लिए अधिक इन्तजार करना पड़ेगा।

मकरः आज आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कुछ भी करने के लिए तैयार रहेंगे परंतु ध्यान रहे अनैतिक कार्य एवं प्रलोभन के अवसर मिलने मान हानि का कारण बन सकते है।

कुंभःआज परिस्थितिया प्रतिकूल रहने से कोई राहत की उम्मीद नहीं दिखेगी। लोग आपके हर निर्णय को गलत साबित करेंगे। पारिवारिक सदस्य के जिद्दी व्यवहार के कारण घरेलु वातावरण गर्म हो सकता है।

मीनःआज आप पूर्वनियोजित कार्यो को आगे बढ़ाएंगे इसमें सहकर्मी एवं परिजनों का भी महत्वपूर्व सहयोग मिलेगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) अदिति अशोक का संबंध किस खेल से है?

2) हाल ही में असम की इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा गया है?

3) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का सबसे अधिक आबादी वाला महानगरीय शहर कौन सा है?

4) भारत के किस राज्य नंटजलि उत्सव मनाया जाता है?

5) हाल ही में अज्ञेय स्मृति सम्मान 2025 से किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) गोल्फ (2) रतन टाटा (3) मुंबई (4) नागालैंड (5) उदय प्रकाश

शब्द सागर

संक्षिप्त खबरें

खुण्डी नाला के लिए 16.40 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के विकासखण्ड-सारंगढ़ अंतर्गत खुण्डी नाला व्यपवर्तन योजना के कार्यों हेतु 16 करोड़ 40 लाख 30 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के कार्य पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र में करीब 300 हेक्टेयर क्षेत्र के खरीफ की फसलों के लिए सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई कार्य पूर्ण कराने हेतु मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 को रायपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति रायपुर के तत्वावधान में 25वां रजत जयंती विवाह योग्य सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 28 दिसंबर 2025, रविवार को खालसा स्कूल परिसर, कचहरी चौक रायपुर में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी महेश ढीढी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष यह सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित होता आ रहा है। इस मंच के माध्यम से समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक ही स्थान पर सहज रूप से वर-वधु चयन का अवसर मिलता है, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। हर वर्ष बड़ी संख्या में योग्य जोड़े यहां तय होते हैं। कार्यक्रम में विधवा,विधुर, परित्यक्ता और तलाकशुदा प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। सम्मेलन स्थल पर कार्यक्रम दिवस में पंजीयन की विशेष सुविधा सुबह 10 बजे से उपलब्ध रहेगी। समिति ने प्रतिभागियों से आनलाइन पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि भीड़ व असुविधा से बचा जा सके। प्रतिभागियों और उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है।

08

छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद की आवश्यक बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। श्रद्धेय शहीद विद्याचरण शुक्ल द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद की आवश्यक बैठक शुक्ल भवन, बूढ़ापारा में सम्पन्न हुई. बैठक में 25 जनवरी 2026, रविवार को आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में संगठन के 25वें स्थापना वर्षगांठ पर प्रादेशिक सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई.बैठक को सम्बोधित करते हुये परिषद के संरक्षक पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल ने कहा कि शहीद विद्याचरण शुक्ल द्वारा स्थापित इस संगठन के 25वें वर्षगांठ पर हम प्रदेश भर के अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिसका काफी अच्छा परिणाम प्राप्त हो रहा है. कार्यक्रम के सुचारु संचालन हेतु महामंत्री रामअवतार देवांगन एवं कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा द्वारा विभिन्न कमेटियों का गठन कर रुपरेखा तय की जायेगी.

बोराई नदी पर एनीकट के लिए 12.97 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा सक्ती जिले के विकासखण्ड-मालखरौदा अंतर्गत बोराई नदी पर भड़ोरा एनीकट सह रपटा निर्माण कार्य के लिए 12 करोड़ 97 लाख 19 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना से निस्तारी, भू-जल संवर्धन और आवागमन सुविधा के साथ ही 160 हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों द्वारा स्वयं के साधन से सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से योजना के कार्यों को पूर्ण कराने मुख्य अभियंता, मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना, जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

सीएम साय ने कुनकुरी नगर को दी 107 करोड़ की ऐतिहासिक विकास सौगात

दो वर्षों के सुशासन में बदली कुनकुरी की तस्वीर, विकास की लिखी गई नई इबारत

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन के दो वर्षों के दौरान विकास की नई गति देखने को मिल रही है। इसी क्रम में जशपुर जिले के कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र को 107 करोड़ 32 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की स्वीकृति देकर मुख्यमंत्री ने नगर को ऐतिहासिक सौगात दी है। इन योजनाओं से कुनकुरी नगर की आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन, यातायात और नागरिक सुविधाओं में व्यापक और दीर्घकालिक सुधार होगा।

कुनकुरी नगर में युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 63 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह कॉम्प्लेक्स क्षेत्रीय युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा।मुख्यमंत्री साय ने नगर पंचायत क्षेत्र में 53 विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर जनता से किए गए अपने वादे को पूरा किया है। इन कार्यों से नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में बुनियादी सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और नागरिक सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुनकुरी को बड़ी सौगात देते हुए 2 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से नेचुरोपैथी भवन निर्माण को मंजूरी दी गई है। इससे प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद और योग को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को बेहतर वैकल्पिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

पर्यटन और धार्मिक आस्था को सशक्त करने के लिए छठ घाट के समग्र विकास हेतु 5 करोड़ 17 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। घाट के सौंदर्यीकरण और विकास से स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों मंक वृद्धि होगी।

हाई-टेक बस स्टैंड के निर्माण को मंजूरी मिली

नगर के यातायात को सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए 7 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से हाई-टेक बस स्टैंड के निर्माण को मंजूरी मिली है, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इसके साथ ही नगर में बच्चों के मनोरंजन और सुरक्षित खेल के लिए 1 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से रिक्रिएशन चिल्ड्रन पार्क का निर्माण किया जाएगा। वहीं 6 करोड़ रुपये की राशि से वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक एलईडी स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे नगर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

कुनकुरी नगर में सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए 6 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से आधुनिक बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम भवन का निर्माण किया जाएगा, जिससे कला, संस्कृति और सामाजिक आयोजनों को नया मंच मिलेगा।

कोलकाता में डॉ. दवे को सुश्रुत पुरस्कार से किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. संदीप दवे, मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रामकृष्ण CARE हॉस्पिटल, रायपुर को एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया द्वारा 18 दिसंबर 2025 को कोलकाता में आयोजित 85 वें वार्षिक सम्मेलन में प्रतिष्ठित सुश्रुत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।सुश्रुत पुरस्कार सर्जरी के क्षेत्र में दिया जाने वाला एक अत्यंत प्रतिष्ठित सम्मान है, जो शल्य चिकित्सा विज्ञान एवं रोगी देखभाल में उत्कृष्ट योगदान, नेतृत्व क्षमता और नवाचार को मान्यता देता है। यह सम्मान सर्जरी के क्षेत्र में डॉ. दवे की निरंतर प्रतिबद्धता और मध्य भारत के स्वास्थ्य सेवा पर उनके महत्वपूर्ण प्रभाव को सशक्त रूप से पुनः स्थापित करता है।लगभग 600 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी का अनुभव रखने वाले डॉ. संदीप दवे न्यूनतम इनवेसिव एवं रोबोटिक सर्जरी तकनीकों को अपनाने और आगे बढ़ाने में अग्रणी रहे हैं। उनके नेतृत्व में रामकृष्ण हॉस्पिटल उन्नत शल्य चिकित्सा सेवाओं के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में उभरा है, जो

नैदानिक परिणामों और रोगी सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए मानक स्थापित कर रहा है।

अपनी उपलब्धि पर आभार व्यक्त करते हुए डॉ. संदीप दवे ने इस सम्मान का श्रेय अपनी समर्पित सर्जिकल टीम को दिया ।

जिसमें डॉ. Siddharth Tamaskar (एमएस), विभागाध्यक्ष - जनरल सर्जरी; डॉ. जव्वाद नक़वी (एमएस), सीनियर कंसल्टेंट सर्जन; डॉ. विक्रम शर्मा (एमएस), कंसल्टेंट जनरल सर्जन; एवं डॉ. शमीक दवे (एमएस), जनरल सर्जन सहित संपूर्ण क्लिनिकल एवं सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं, जिनके सामूहिक प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

यह सम्मान न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि का उत्सव है, बल्कि नवाचार, करुणा और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति रामकृष्ण CARE हॉस्पिटल की निरंतर प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

रामकृष्ण CARE हॉस्पिटल्स के बारे में

रामकृष्ण CARE हॉस्पिटल्स, रायपुर, मध्य भारत का एक अग्रणी मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य संस्थान है, जो उत्कृष्ट रोगी देखभाल, क्लिनिकल विशेषज्ञता और उन्नत तकनीक के लिए जाना जाता है। अस्पताल का ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट केयर विभाग अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों, उन्नत फिजियोथेरेपी सुविधाओं और अनुभवी ऑर्थोपेडिक सर्जनों एवं रूमेटोलॉजी विशेषज्ञों की टीम से सुसज्जित है।व्यक्तिगत देखभाल और पुनर्वास पर विशेष ध्यान देते हुए, अस्पताल गठिया प्रबंधन, ट्रॉमा केयर, खेल चोट उपचार से लेकर जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी तक सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है।

पिछले दो दशकों से अधिक समय से रामकृष्ण हॉस्पिटल करुणा, सटीकता और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

चार साहिबजादों की शहादत पर लगाया गरम दूध का लंगर

- धर्म और राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान की अमर गाथा को नमन

रायपुर/नवप्रदेश। धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने सर्वस्व का बलिदान देने वाले सिख गुरुओं की अमर परंपरा को स्मरण करते हुए चार साहिबजादों की शहादत सप्ताह के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा गरम दूध का लंगर लगाकर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। यह लंगर केवल सेवा नहीं, बल्कि उन महान बलिदानों को श्रद्धांजलि है जिन्होंने भारत की आत्मा को अक्षुण्ण रखने के लिए हँसते-हँसते प्राण न्यौछावर कर दिए।

शहादत सप्ताह के अंतर्गत लगाए गए इस गरम दूध के लंगर का लाभ हजारों नागरिकों ने लिया। लंगर वितरण के दौरान समाज के सेवादारों ने उपस्थित लोगों को सिख इतिहास की उस करुण, परंतु गौरवशाली गाथा से अवगत कराया, जब धर्म की रक्षा के लिए नन्हे साहिबजादों ने मृत्यु को भी पराजित कर दिया।

सेवादारों ने बताया कि दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे—साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी—जब सरहिंद की ठंडी हवाओं में अपनी दादी माता गुजरी जी के साथ किले में बंद थे, तब मोतीराम मेहरा ने मानवता और देश-प्रेम की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की। भारी ठंड में तीन दिनों तक पहरेदारों को रिश्वत देकर वह चोरी-छिपे बच्चों को गरम दूध पिलाते रहे। जब यह बात नवाब वजीर खान को ज्ञात हुई, तो मोतीराम मेहरा सहित उनके पूरे परिवार को कोल्हू में पिसवाकर निर्मम मृत्यु दे दी गई। यह इतिहास का ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जहाँ दूध पिलाने के अपराध में पूरे परिवार ने धर्म और मानवता के लिए बलिदान दे दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने चिरमिरी में पॉलिटेक्निक भवन का किया भूमिपूजन

- 9 करोड़ 11 लाख की लागत से क्षेत्र को तकनीकी शिक्षा को मिलेगी नई उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। चिरमिरी में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत 9 करोड़ 11 लाख 44 हजार रुपए की लागत से बनने वाले नवीन शासकीय पॉलिटेक्निक चिरमिरी भवन का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय, नगर निगम सभापति संतोष सिंह तथा एमआईसी सदस्य मनोज डे विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्थानीय नागरिक एवं पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं की सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

नए भवन के साथ नई संभावनाएं: मैकेनिकल एवं GIS/GPS शाखाओं की बड़ी घोषणा-मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने प्रेरक संबोधन में

कहा कि यह नवीन शासकीय पॉलिटेक्निक भवन अत्याधुनिक अधोसंरचना, आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धात्मक तकनीकी शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से संस्थान में मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं GIS/GPS की दो नई शाखाएं प्रारंभ की जाएंगी। इन शाखाओं के शुरू होने से विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों, औद्योगिक जरूरतों और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

इस दौरान नवीन भवन निर्माण और नई शाखाओं की शुरुआत को चिरमिरी एवं आसपास के क्षेत्र के शैक्षणिक और तकनीकी विकास के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया गया।

पक्के आवास ने बुधिया बाई के जीवन में लाया उजियारा

- प्रधानमंत्री आवास योजना से जीवन हुआ खुशहाल, परेशानियों से मिली मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। परिवार जीवन की वह गाड़ी है जिसकी दो मुख्य कड़ी है पति और पत्नी। इनमें से किसी एक का साथ छूट जाने पर दूसरे के कंधों पर संघर्ष दोगुना हो जाता है। ऐसी ही परीस्थितियों में वर्षों तक पक्के घर का सपना संजोकर रखने वाली बुधिया बाई अब अपने नये आवास को देखकर भावुक हो उठती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के मुखिया, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है क्योंकि इनके प्रयासों से आवास का सपना पूरा हुआ है। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत सिंगारपुर के आश्रित ग्राम भठेलाटोला निवासी बुधिया बाई

के पति प्रेमलाल का काफी समय पहले निधन हो गया था। मजदूरी से होने वाले सीमित आय पर अपने चार बच्चों की देखरेख कर परवरिश करने के साथ जर्जर मकान की देखभाल करना उनके लिये बेहद कठिन था। ऐसी परिस्थिति में पक्का मकान बनाना बस एक कल्पना मात्र था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने उनकी इस कल्पना को वास्तविकता में बदल दिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बुधिया बाई का चयन हुआ और उनकी आर्थिक स्थिति कों देखते हुये पक्का आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। स्वीकृति के उपरांत प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रूपये उनके बैंक खाता में ऑनलाईन डी.बी.टी. के माध्यम से अंतरित किया गया। जैसे ही प्रथम किश्त प्राप्त हुई बुधिया बाई ने अपने नये आवास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जैसे-जैसे आवास निर्माण होता गया वैसे-वैसे निर्माण की प्रगति के आधार पर द्वितीय एवं आवास पूर्णता के पश्चात अंतिम किश्त प्रदान किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में जॉब कार्डधारी बुधिया बाई सीएच-02-003-072-002/129-ए में पंजीकृत होने के कारण उन्हे एवं परिवार को 90 दिवस का अकुशल रोजगार के साथ मजदूरी भुगतान राशि 21870 रूपये भी प्राप्त हुआ। मजदूरी भुगतान से आर्थिक बोझ कम हुआ और मकान निर्माण सुगमता से पूरा हो गया। पक्के मकान के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से शौचालय भी बना हुआ है।

प्रवासी मजदूर का केरल में निर्मम हत्या अत्यंत दुखद : महंत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने केरल में छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर की मॉब लिंचिंग से मृत्यु पर तत्काल हस्तक्षेप कर न्याय एवं पीड़ित परिवार को सहायता (मुआवजा) प्रदान करने की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, केरल राज्य के पलक्कड़ ज़िले में घटी एक हृदयविदारक एवं अमानवीय घटना में छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के निवासी, प्रवासी श्रमिक रामनारायण बघेल की केवल संदेह के आधार पर कथित रूप से मॉब लिंचिंग कर निर्मम हत्या कर दी गई।

ऑनलाइन टोकन से धान खरीदी सरल और पारदर्शी

किसानों को समय पर धान विक्रय का मिल रहा अवसर

- मुख्यमंत्री के सुशासन में किसानों को मिल रहा सीधा लाभ
- निरंजन साहू को मिली घर बैठे सुविधा, 36 क्विंटल धान विक्रय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी व्यवस्था को लगातार अधिक सरल, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाया जा रहा है। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा 'टोकन तुहर हाथ' ऐप के माध्यम से 24म7 ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसान घर बैठे अपनी सुविधा

अनुसार टोकन प्राप्त कर पा रहे हैं। इस डिजिटल पहल से धान खरीदी की प्रक्रिया समयबद्ध होने के साथ-साथ खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रण में भी प्रभावी सिद्ध हो रही है। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था के कारण किसानों को निर्धारित तिथि एवं समय पर धान विक्रय का अवसर मिल रहा है।

इसी सुव्यवस्थित और डिजिटल व्यवस्था का लाभ कबीरधाम जिले के ग्राम खैरबाना कला के किसान निरंजन साहू को मिला। उन्होंने 'टोकन तुहर हाथ' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर निर्धारित तिथि एवं समय पर उपार्जन केंद्र पहुँचकर 36 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। टोकन प्राप्त करने से लेकर धान तौल और विक्रय तक की प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। निरंजन साहू ने बताया कि पूर्व में धान बेचने के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, जबकि अब ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से समय की बचत हो रही है। खरीदी केंद्र में पहुँचते ही निर्धारित समय पर धान की तौल एवं खरीदी की प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है। धान विक्रय के पश्चात भुगतान भी शीघ्रता से सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिल रही है।

निरंजन साहू ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऑनलाइन टोकन प्रणाली से न केवल खरीदी केंद्रों पर भीड़ नियंत्रित हुई है, बल्कि किसानों को सम्मानजनक एवं सुव्यवस्थित वातावरण में अपनी उपज विक्रय करने का अवसर भी मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अपनाई गई डिजिटल एवं पारदर्शी नीतियाँ किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं।

आप के नये प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन संगठन प्रभारी, सहप्रभारी रहे मौजूद

- आने वाले सभी चुनाव अकेले ही लड़ेगी पार्टी: पाठक

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी का आज राजधानी रायपुर में नए प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश प्रभारी डॉक्टर संदीप पाठक और सह प्रभारी मुकेश अहलावत द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक जोन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव व राज्यसभा सांसद, प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक और उपनेता विपक्ष दिल्ली सरकार, प्रदेश सहप्रभारी मुकेश अहलावत तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। नेता द्वय अगले 3 दिनों में प्रदेश के सभी ज़ोन के कार्यकर्ताओं से संवाद कर आगे की रणनीति तय करेंगे।

प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बड़ी है। आपके आसपास जितनी समस्याएं हैं उसको उठाना शुरू करिए। आप आम आदमी पार्टी से जुड़ गए हैं और आने वाले समय में बड़ी लड़ाई लड़नी है। पिछले 1 साल से प्रदेश में हमारा संगठन बड़ा हुआ है लेकिन इसे और बड़ा करना है। हर गाँव और पंचायत में हमारे कार्यकर्ता होने चाहिए यही आपके सामर्थ का परिचायक होगा। हमें राज्य के आम जनता, आदिवासियों बेरोजगारों,किसानों के लिए लड़ाई लड़नी हैऔर उनका हक़ दिलाना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी आने वाले लोकल बॉडी के सभी चुनाव लड़ेगी और अपना सामर्थ दिखाते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव भी अकेले ही लड़ेगी। छत्तीसगढ़ में आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में चुनौती रहेगी और निश्चित तौर पर हम जीत हासिल करेंगे।

बड़ेराजपुर में विधायक टेकाम ने जन सेवा केंद्र का किया शुभारंभ

नीलकंठ टेकाम ने पहला आवेदन लिया

कोंडागांव/नवप्रदेश। विधायक नीलकंठ टेकाम बड़ेराजपुर के बाजार पर में स्थित अटल परिसर में महिला स्व सहायता समूह के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने विधानसभा केशकाल के मंडल बड़ेराजपुर के लिए विधायक जन सेवा केंद्र का शुभारंभ किया विधायक नीलकंठ टेकाम ने पहला आवेदन लेकर विधायक जन सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। अब बड़ेराजपुर क्षेत्र के लोगों को समस्याओं के लिए आवेदन सीधे बड़ेराजपुर में ही स्थित विधायक जन सेवा केंद्र में दे पाएंगे।

विधायक नीलकंठ टेकाम विधानसभा केशकाल के 6 मंडलों में अपने सहायकों की नियुक्ति की है बड़ेराजपुर मंडल के लिए भी नीलकंठ टेकाम चार लोगों का चयन किया है जो बाजार के दिन एवं अन्य दिनों में भी विधायक जन सेवा केंद्र में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे एवं आवेदन लेकर विधायक कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा है कि अब लोगों को विधायक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा वह अपनी समस्या विधायक जन सेवा केंद्र में ही आवेदन के माध्यम से कर पाएंगे।

मनरेगा को निरस्त कर गांधी को जनमानस से मिटाने की साजिश : राजेश तिवारी

कांकेर/नवप्रदेश। केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को निरस्त करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पुराना बस स्टैंड में एक दिवसीय धरना दर्शन का आयोजन किया गया। केन्द्र की भाजपा सरकार के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलने के लिए संसद में विधेयक लाना मोदी सरकार की गांधी विरोधी मानसिकता को उजागर करता है तथा भारत के सबसे प्रतिष्ठित कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी का नाम और उनके मूल्यों को मिटाने का सोचा समझा राजनीतिक प्रयास है। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा मनरेगा जन आंदोलन की कोख से जन्म कानून है। इसने ग्रामीण भारत के लोगों को कम की कानूनी गारंटी दी देशभर में 100 दिनों के रोजगार का अधिकार सुनिश्चित किया महिलाओं और भूमिहीनों को सशक्त बनाया तथा मनरेगा के अधिकारों के माध्यम से श्रम की गरिमा को कायम रखा है। 2005 में देश के प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को पलायन से रोकने के लिए तथा गांव के विकास के लिए उसी गांव के व्यक्ति को उसी गांव में रोजगार की गारंटी दी। केंद्र की भाजपा सरकार ने इस नये योजना के तहत ग्राम पंचायत को काम चयन करने के अधिकार से भी वंचित किया है। महात्मा गांधी जी राम राज्य एवं ग्राम स्वराज की परिकल्पना करते थे, भाजपा महात्मा गांधी के नाम से ही नहीं गांधी जी के विचारों से भी नफ़रत करने वाले लोग है। भाजपा सिर्फ सत्ता के लालच में जाति,धर्म के नाम से नफ़रत फैलाने की राजनीति कर रही है जिसका उदाहरण आज पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश है। प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर ने कहा यह केवल महात्मा गांधी नरेगा के नाम बदलने की बात नहीं है बल्कि भाजपा की मनरेगा को खत्म करने की साजिश है। गांधी जी के नाम मिटाना ये दिखाता है कि मोदी जी विदेश की धरती पर बापू को फूल चढ़ाते हैं वह सिर्फ खोखले और दिखावटी है ।

न्यूज गैलरी

कांकेर ग्रामीण महिला कांग्रेस की कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनीं मिथलेश शोरी

कांकेर/ नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी नेतृत्व ने महिला कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कांकेर ग्रामीण क्षेत्र से सक्रिय एवं अनुभवी नेत्री मिथलेश शोरी को महिला कांग्रेस की कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महिला सशक्तिकरण और कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मिथलेश शोरी वर्ष 2012 से कांग्रेस पार्टी की सक्रिय सदस्य रही हैं और उन्होंने संगठन के हर संघर्ष, हर अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई है। जनसेवा के क्षेत्र में उनका अनुभव व्यापक रहा है, वर्ष 2014 से 2025 तक लगातार दो कार्यकाल कांकेर जिला पंचायत सदस्य के रूप में उन्होंने ग्रामीण विकास, महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया। पार्टी नेतृत्व ने उनके समर्पण, संगठनात्मक कौशल और उनके अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। उनके नेतृत्व में कांकेर ग्रामीण महिला कांग्रेस को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई आवाज़ मिलेगी। इस नियुक्ति पर कांग्रेस परिवार और महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वास जताया है कि मिथलेश शोरी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस मजबूती के साथ महिलाओं की आवाज़ को बुलंद करेगी।

सांसद खेल महोत्सव 24 और 25 दिसम्बर को कलेक्टर ने लगाई अधिकारियों की ड्यूटी

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन आगामी 24 एवं 25 दिसम्बर को नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रस्तावित है। उक्त खेल प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, व्हॉलीबॉल, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा तथा रस्साकसी जैसे विभिन्न खेलों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 800 पुरूष एवं 800 महिला प्रतिभागी सम्मिलित होंगीं। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त आयोजन को सफल बनाने जिला स्तर के अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार आवास एवं खेल मैदानों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधीक्षक, खेल व्यवस्थापन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, खेल मैदान/आवासों की साफ-सफाई व वॉटर टेंकर, फॉगिंग के लिए नगरपालिका परिषद कांकेर, खेल मैदानों के समतलीकरण, विद्युत कनेक्शन हेतु लोक निर्माण विभाग, वाहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन अधिकारी को दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रतिभागियों की चिकित्सा व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य विभाग, पेयजल संबंधी व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खिलाड़ियों की भोजन व्यवस्था हेतु खाद्य नियंत्रक एवं खाद्य विभाग, प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार हेतु जनसम्पर्क विभाग, जनप्रतिनिधियों की आवास व्यवस्था के लिए वन विभाग, विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने विद्युत विभाग, मंच सजावट के लिए रेशम एवं उद्यान विभाग, नर्तक दलों की व्यवस्था आदिवासी विकास विभाग तथा मैदान निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार मिट्टी एवं डस्ट की व्यवस्था करने खनिज विभाग को दायित्व सौंपकर आयोजन को सफल बनाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं।

आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर

कलेक्टर ने नक्सल पुनर्वास केंद्र एवं जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

सुकमा/नवप्रदेश। जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ हों, इसके लिए कलेक्टर अमित कुमार लगातार फील्ड में सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने नक्सल पुनर्वास केंद्र एवं जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पुनर्वास केंद्रों का उद्देश्य केवल आवास उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ना होना चाहिए। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रविशंकर वर्मा, डीएसपी मोनिका श्याम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संस्कृति और कौशल विकास को मिले नई दिशा पुनर्वास केंद्र में पारंपरिक संस्कृति को संजोने और उसे आजीविका से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पीएम स्वनिधि योजना से पात्र हितग्राहियों को जोड़ने तथा केंद्र में एक अलग कल्चर रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ाव आत्मसमर्पित माओवादियों में आत्मविश्वास और सामाजिक स्वीकार्यता को बढ़ावा देगा।

जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कलेक्टर अमित कुमार ने सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने स्वयं पर्ची बनवाकर उपचार प्रक्रिया का अवलोकन किया और मरीजों से सीधे संवाद कर सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में जैव चिकित्सा अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण के निर्देश देते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने एनआरसी केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां भर्ती बच्चों का हालचाल जाना और वहां की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

स्वावलंबन की ओर ठोस पहल

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने पुनर्वास केंद्र के समीप गौशाला निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे केंद्र में निवासरत लोगों को स्थायी रोजगार के अवसर मिलेंगे और स्वावलंबन की दिशा में मजबूत आधार तैयार होगा।
इसके अलावा उन्होंने परिसर में बस्तर आर्ट शैली से दीवारों की सजावट, समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने, वॉलीबॉल कोर्ट एवं पेवर ब्लॉक लगाने, उद्यानिकी गतिविधियों के विस्तार के लिए फेंसिंग और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही साइंस सेंट्रल पास सड़क की नियमित सफाई पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।

ब्लूप्रिंट आधारित गणित, भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान के प्रश्न पत्र निर्माण आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण

अंतागढ़/नवप्रदेश। पीएमश्री सेजेस स्कूल अंतागढ़ में विज्ञान समूह के व्याख्याताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया। जिसका शुभारंभ विकास खंड स्रोत समन्वयक के.के.नाग एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी संजय ठाकुर के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रश्न पत्र निर्माण के छः प्रमुख स्तरों ज्ञानात्मक,अवबोधातमक, विश्लेषण ,मूलयाकनतमक और रचनात्मक श्रेणियों में रखकर प्रश्न पत्र निर्माण के तरीकों को बताया गया। सभी स्तरों की तैयारी उचित रणनीति और ब्लूम टैकसोनामी अन्तर्गत ब्लूप्रिंट को समझाया गया। विषय की अध्याय वार वेटेज, प्रश्नों के प्रकार अनुसार अभ्यास 20-30% ज्ञानात्मक प्रश्न , 20-30% अवबोधातमक प्रश्न , 15-20% अनुप्रयोगातमक प्रश्न, 15-20% विश्लेषणात्मक प्रश्न, 5-10% मूल्यांकन और रचनात्मक प्रश्न।

छात्रो की भावात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य एवं प्रश्नों की तैयारी एवं निष्कर्ष तक समझ, अभ्यास , प्रस्तुति की संतुलन को पूर्ण छात्र केन्द्रित बनाया गया। इस प्रशिक्षण का निष्पादन ट्रेनर नवीन कुमार शेनडे, युगल किशोर जैन,गिरीश कुमार मिश्रा एवं सुश्री नमिता उइके के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में सेजेस अन्तागढ़ प्राचार्य गौतम सिन्हा , राजीव चक्र, प्रशांत रंगारी, सन्तोष कुमार पंडा, चंदन सिंह ठाकुर , अनूप श्रीवास्तव, मधू वैदे, आर.पी.सोनी के मार्गदर्शन में पूरे विकास खंड के विज्ञान समूह के समस्त व्याख्याताओं की उपस्थिति रही।

छत्तीसगढ़ बना अपराधगढ, भाजपा सरकार अपराध रोकने में नकाम: नितिन पोटाई

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि भाजपा के शासन काल में छत्तीसगढ. अपराधगढ़ बन चुका है। प्रदेश में हर दिन किसी न किसी स्थान पर लूट, हत्या, बलात्कार, अनाचार और चाकूबाजी जैसे घटनाएं घट रही है। अपराधी बेखौफ प्रतिदिन आपराधिक घटनाओं को अनजाम दे रहे है। प्रदेश की कानून व्यवस्था छिन्न भिन्न हो चुकी है। सरकार अपराध को रोकने में नकाम रहा है।

पोटाई ने कहा कि सुशासन की बात करने वाली भाजपा शासन के कार्यकाल में पिछले 24 घंटे में प्रदेश के दो युवको की हत्या हुई है। एक ओर जहां खरोरा थाना इलाके में बाइक पर सवार 3 युवको ने मोबाइल लूट करने की नीयत से एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वही दूसरी ओर तिल्दा थाना इलाके में एक युवक की खून से सनी लाश मलबे के ढेर में मिली हैं पहली घटना खरोरा-रायपुर मेन रोड पर ग्राम बरौड़ा स्थित किंग ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट के सामने बुधवार रात करीब 11:30 बजे तीन अज्ञात युवकों ने चाकू निकालकर लूटपाट किया और युवक की हत्या कर दी।दूसरी घटना तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में गुरूवार सुबह एक युवक की खून से सनी लाश मिली है। मृतक की पहचान नेवरा निवासी ललित यादव के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि सुबह जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो रेत के ढेर पर खून से लथपथ शव देखकर दंग रह गए। मृतक के शरीर पर गहरे चोट और चाकू के निशान पाए गए है। जिससे आशंका है कि उसी हत्या की गई है।कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि यह पहला अवसर नही है जबकि इस तरह की घटनाएं घट रही हैं। इसके पूर्व भी सरे आम हत्या, लूट, बलात्कार, जैसी घटनाएं घट चुकी है, जिस पर कोई रोकथाम सरकार की ओर से नही हो रहा है। भिलाई में दो दिन पूर्व हुए चाकूबाजी की वारदात इसका जीता जागता उदाहरण है। बेमेतरा जिला में तो खुले आम एक युवक की हत्या की गयी। श्री पोटाई ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल में शांति एवं सुव्यवस्था था कानून का राज था। और आम व्यक्ति बिना किसी डर या भय के प्रदेश में कही भी आ जा सकता था।

धान के अवैध परिवहन भण्डारण व खरीदी के 46 मामलों में 1388 क्विंटल धान जब्त

कांकेर/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमों के द्वारा सतत कार्यवाही कर धान की जब्ती की जा रही है। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 नवम्बर से अब तक धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के 46 प्रकरण तैयार कर संबंधितों के विरूद्ध मण्डी अधिनियम-1972 के तहत विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर 1388.60 क्विंटल धान की जब्ती की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 नवम्बर को धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के 10 प्रकरण तैयार कर संबंधितों से 330.80 क्विंटल धान बरामद कर मण्डी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई। इसी तरह 17 नवम्बर को 04 प्रकरणों में 148.40 क्विंटल, 19 नवम्बर को एक प्रकरण में 26 क्विंटल, 20 नवम्बर को 02 प्रकरणों में 74 क्विंटल, 22 नवम्बर को एक प्रकरण में 12.40 क्विंटल, 24 नवम्बर को 05 प्रकरण में 196.80 क्विंटल, 26 नवम्बर को दो प्रकरणों में 42.50 क्विंटल, 27 नवम्बर को 24 क्विंटल धान के अवैध परिवहन के विरूद्ध टीम द्वारा मण्डी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई। इसके अलावा 02 दिसम्बर को एक प्रकरण में 20 क्विंटल, 03 दिसम्बर को एक प्रकरण के विरूद्ध 24 क्विंटल, 04 दिसम्बर को 02 प्रकरणों में 112 क्विंटल, 11 दिसम्बर को एक प्रकरण में 10 क्विंटल, 12 दिसम्बर को 03 प्रकरणों में 51 क्विंटल, 13 दिसम्बर को दो प्रकरणों में 60 क्विंटल, 15 दिसम्बर को दो प्रकरणों में 44.50 क्विंटल, 17 दिसम्बर को दो प्रकरणों में 55 क्विंटल, 18 दिसम्बर को पांच प्रकरणों में 155.20 क्विंटल धान की जब्ती बनाकर मण्डी अधिनियम 1972 के तहत अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। कलेक्टर ने खाद्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को आगे भी धान के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा खरीदी के विरुद्ध सतत् कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

टोकन समस्या को लेकर किसान मिले एसडीएम से...

कांकेर/नवप्रदेश। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अमोड़ा के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने एवं टोकन संबंधी समस्या को लेकर नरहरपुर विकास खण्ड के किसानों का प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस नेता नितिन पोटाई के नेतृत्व में कांकेर एस.डी.एम अरूण वर्मा से मुलाकात कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की।किसानों ने एस डी एम कांकेर को अवगत कराया कि नरहरपुर के चवांड़ धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी का लिमिट प्रतिदन 600 क्विंटल रखा गया है जिससे बहुत सारे किसान अपने धान को बेचने में असमर्थ हो रहे है। एक ओर शासन धान खरीदी केन्द्रों से 72 घंटों में धान का उपार्जन नही कर रहा वही दूसरी धान खरीदी का लिमिट 600 क्विंटल प्रतिदिन करने से दिक्कतों का का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी वर्ष 2025-26 अनुसार इस धान उपार्जन केन्द्र से 43,000 हजार क्विंटल धान खरीदा जान है। लेकिन अभी तक केवल 13000 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जबकि धान खरीदी हेतु अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 रखा गया है। अब तक इस क्षेत्र के किसानों का टोकन 10 जनवरी तक कट चुका है।

पेज 1 का शेष

हम छाती ठोंककर...

गांव-गांव में हैं. सब्जी वाला भी क्यूआर कोड से पेमेंट ले रहा है। 92प्र. मोबाइल भारत में बन रहा है ये है बढ़ता भारत।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने जनता को संबोधित करते हुए आगे बताया कि 4 मेडिकल कॉलेज जोड़े जा रहे हैं, जिनमें जांजगीर भी शामिल है। दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज खुल रहा है. छत्तीसगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में कुल 2500 सीटें हैं. साथ ही बिलासपुर, राजनांदगांव में सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल खुल चुके हैं।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का कांग्रेस पर प्रहार

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस से कहा कि आप जिस तरह देश मे काम कर रहे हैं, आपको सफलता नहीं मिलेगी. जिस तरह पीएम मोदी, सीएम विष्णुदेव साय की सरकार काम कर रही है, हम काम कर रहे हैं, आपको सफलता नहीं मिलेगी।

उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर भी निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि जब संसद चलती है, तो राहुल गांधी जर्मनी में बोल रहे होते हैं. मोदी को गाली देते हैं, ऐसा विपक्ष टिकेगा क्या..? उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ये नहीं जानती की जनता क्या चाहती है।

उन्होंने आगे कहा कि राम मंदिर बनने पर, ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाते होज् आप नामदार लोग हो. राजनीति शौकिया करते हो, चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हो. केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस माओवादी और मुस्लिम लीगी कांग्रेस को सदा के लिए विदा करें. भविष्य में भी बीजेपी की सरकार बनाएं।

चैतन्य के खिलाफ...

घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपये की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई।

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के ...

शुरू हुआ था। वर्तमान में, प्लांट में नवीनतम आईफोन 17 प्रो मैक्स मॉडल असेंबल किए जा रहे हैं। उत्पादन का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों के लिए है। ताइवानी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी इस प्रोजेक्ट में लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। लगभग 250,000 स्क्वायर फीट के प्रोडक्शन फ्लोर वाली यह फैसिलिटी प्रोडक्शन क्षमता और रोजगार दोनों के मामले में भारत में कंपनी की सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी बन जाएगी।

केरल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ...

को सीईओ और डीईओ की आधिकारिक वेबसाइटों पर भी अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा, मतदाता सूचियों के साथ-साथ अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूचियां भी संबंधित सीईओ/डीईओ की वेबसाइट पर अपलोड की जाएंगी।

ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद निर्धारित समय में दावा-आपत्ति प्रक्रिया चलेगी और फिर अंतिम मतदाता सूची इसके बाद जारी की जाएगी।

ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पब्लिश होने के बाद नोटिस फेज शुरू हो जाएगा, जिसमें चुनावी पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) की ओर से एक साथ गणना प्रपत्र पर नोटिस जारी करना, सुनवाई, प्रमाणित और फैसला लेना और दावों और आपत्तियों का निपटारा करना शामिल है।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि वास्तविक और योग्य मतदाताओं को दावे-आपत्तियों की अवधि के दौरान जोड़ा जा सकता है। जिन मतदाताओं के नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज पाए जाएंगे, उनका नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने घर-घर जाकर कई बार संपर्क किया। साथ ही ईआरओ ने राजनीतिक दलों के साथ बैठकें कर असंग्रहणीय फॉर्म की अस्थायी सूची साझा की ताकि बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) फील्ड में सत्यापन कर सकें।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि बिना उचित प्रक्रिया, नोटिस और कारणयुक्त आदेश के किसी भी नाम को नहीं हटाया जाएगा। सभी दावे और आपत्तियों के निपटारे के बाद अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरीको प्रकाशित की जाएगी।

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री ...

नक्सलियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से संदिग्ध सिंगल शॉट राइफल और बड़ी मात्रा में फैक्ट्री के लिए आवश्यक अन्य सामग्री जब्त किया गया है।

जनता को लूटने का...

हो गई है। बता दें कि रेल मंत्रालय ने रविवार को ट्रेन टिकट के दाम बढ़ाने का एलान किया। नए नियमों के मुताबिक, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा पर प्रति किलोमीटर 1 पैसा बढ़ाया गया है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी क्लास और सभी ट्रेनों की एसी क्लास में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद से आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति बढ़ गई है।

रेलवे की लगातार बिगड़ रही सुरक्षा व्यवस्था- खडगे

कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने आगे आरोप लगाया कि सरकार प्रचार में ज्यादा और काम में कम ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे की सुरक्षा लगातार बिगड़ रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि 2014 से 2023 के बीच रेलवे हादसों में 2.18 लाख लोगों की मौत हुई है। इतना ही नहीं खरगे ने रेल सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पांच साल से इसकी बातें हो रही हैं, लेकिन यह अब तक 3 प्रतिशत से भी कम रेल मार्गों और 1 प्रतिशत से कम इंजनों में ही लागू हो पाया है।

न्यूज गैलरी

विद्यार्थियों ने नए कानूनों की ली जानकारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। पुलिस विभाग द्वारा नए कानूनों की जानकारी के लिए स्थानीय कला केंद्र में लगाई प्रदर्शनी में शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने भ्रमण कर जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय के उप प्राचार्य शैलेंद्र सिंह सेंगर व विकास सिंह मौजूद रहे। नए कानून की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के के बाद पुष्यमित्र मल्तीयार जिला विधिक सहायता प्राधिकरण द्वारा नए कानून की जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस विभाग की ओर से प्रधान आरक्षक दलबीर सिंह, महिला आरक्षक ममता कुजूर उपस्थित रहे।

भाजपा ने अटल परिसर में की एसआईआर कार्यशाला

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय अटल परिसर में आज एसआईआर पर कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में एसआईआर की जानकारी, संपूर्ण प्रक्रिया के साथ-साथ कौन से क्रमांक का फार्म कब भरना है यह जानकारी दिया गया। प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने कहा कि वास्तविक मतदाता का नाम किसी भी स्थिति मे ना कटे, इस बात का अवश्य ध्यान रखें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, गिरीश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक, लोकनाथ सिंह, द्वारिका जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य रजनी मानिक सोनवानी, मोहन भोजवानी, सुनील पाठक, मानिक सोनवानी, प्रेम आर्य, मिट्ठू लाल यादव, कोटू दादवानी, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेई, सुखचंद साहू, नागेश्वर जायसवाल, राजीव श्रीवास, अभिलाष त्रिवेदी, महावीर सिंह, मन्नू श्रीवास्तव, रितिमा लाल, माला गुप्ता, श्वेता सोनी, विजय यादव, शैलेंद्र यादव, अमितेश आर्य, मनोहर मोहले, विश्वधर सिंह, रमेश बुनकर, अमित कश्यप, प्रहलाद यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। कार्यशाला का मंच संचालन जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने किया।

निधन
गंगाराम श्रीवास

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम लिमहा के प्रतिष्ठित नागरिक

गंगाराम श्रीवास कोदा का आज 21 दिसम्बर को 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे सुरेश श्रीवास, मोनू, मोहन एवं संजू श्रीवास के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार कल 22 दिसम्बर सोमवार 11 बजे गृहग्राम लिमहा में किया जाएगा।

यातायात नियम और साइबर सुरक्षा को लेकर पार्षदों को किया जागरूक, पुलिस-नगर पालिका का समन्वय

पहल जागरूकता अभियान: नगर पालिका में बैठक, साइबर फ्रॉड व नशा मुक्ति पर दिया जोर

मुंगेली/नवप्रदेश। पहल जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिका में बैठक, साइबर फ्रॉड, यातायात नियम व नशा मुक्ति पर जोर दिया गया। जिले में पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल द्वारा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार चलाए जा रहे पहल जागरूकता अभियान के तहत 20 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल के दिशा-निर्देश में नगर पालिका परिषद के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी एसडीओपी मयंक तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षद उपस्थित रहे। इस दौरान शहर में बढ़ते साइबर अपराध, यातायात नियमों के पालन तथा नशा और ड्रग्स से दूर रहने जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीओपी मयंक तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड एक बड़ी चुनौती बन चुका है। आम नागरिकों को किसी भी अनजान कॉल, लिंक, ओटीपी या ऑनलाइन लालच से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के तरीकों की जानकारी दें। यातायात नियमों के संबंध में एसडीओपी तिवारी ने कहा कि सड़क

दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ओवरस्पीडिंग से बचना और नशे की हालत में वाहन न चलाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का डर नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है। इस विषय पर भी पार्षदों से आग्रह किया गया कि वे वार्ड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नियमों के प्रति संवेदनशील बनाएं। बैठक में नशा एवं ड्रग्स के बढ़ते खतरे पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। एसडीओपी मयंक तिवारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। पार्षदों को निर्देशित किया गया कि वे अपने वार्डों में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। बैठक में पुलिस अधिकारी शत्रुहन खूंटे, बबीता श्रीवास सायबर सेल, शैलजा स्वामी ,नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, पार्षद मोहन मलाह, अरविंद वैष्णव, असलम खान, विनय चोपड़ा, मकबूल खान, संजय चंदेल, कुलदीप पाटले, रोशन सोनी, निमेष देवांगन, विजय बंजारे, रामकिशोर देवांगन, दिलीप सोनी, सत्येंद्र सिंह परिहार, जितेंद्र दावड़ा, प्रतिनिधि रवि कोसले, श्रवण सोनकर, अवधेश शुक्ला उपस्थित रहे। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि नगर पालिका के सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में पहल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर शहरवासियों को साइबर फ्रॉड से बचाव, यातायात नियमों के पालन और नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करेंगे। पुलिस प्रशासन और नगर पालिका के समन्वय से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

बारदाने के दामों में बेतहाशा उछाल, 12 रुपये वाला बोरा 25 रुपये तक पहुंचा

धान खरीदी शुरू होते ही बारदाने की किल्लत, किसानों की बढ़ी परेशानी

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में बारदाने की किल्लत को लेकर किसान परेशान है। शासन द्वारा विभिन्न केन्द्रो में 14 नवम्बर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया है। बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था नही होने के चलते किसान बारदाने की व्यवस्था करने में जुटे हुए है। फटे-पुराने बारदानों के भी बाजार में मांग बढ़ गई है। बाजारों में अनाप-शनाप कीमतों पर बारदानें बिक रहे है।

किसानों ने बताया कि उन्हें धान उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाना नही मिल पा रहा है। जिसके कारण उन्हे खुले बाजार से पुराने जूट के बोरे ऊंचे भाव में खरीद कर संग्रहण केन्द्र तक अपना धान ले जाना पड़ रहा है। जो बारदाने पहले 12-13 रूपए नग में बिक रहा था अब वह एकतरफा जंप लेते हुये 20-25 रूपए में धड़ल्ले से बिक रहा है। जिले के अनेक धान उपार्जन केन्द्रो में एक ओर जहाँ कुछ पर्याप्त मात्रा में बारदाना मौजूद होने का दावा किया जा रहा है वही अनेक धान खरीदी केन्द्रो में किल्लत के चलते किसानो से 50 फिसदी बारदाना स्वयं का लाने पर ही धान खरीदी का प्रस्ताव दिया जा रहा है। इस तरह धान खरीदी केन्द्रो में उहापोह की स्थिति निर्मित हो गया है। नगर मे आधा दर्जन से अधिक छोटे बड़े बारदाना दुकानो में किसानो की भीड़ लगी हुई है। बारदाना व्यापारी खुलकर अब बाजार में सौदेबाजी के साथ ऊंचे रेट पर बारदाना बेच रहे है। जो बारदाना पहले 12-13 रूपए नग में बिक रहा था। अब वह एक तरफा जंप लेते हुये 20-25 रूपए नग धडल्ले से बिक रहा है। फटे-पुराने बारदानों की भी पूछ-परख बढ़ गई है। धान खरीदी केन्द्रो में बारदाना की किल्लत के वजह से राजनांदगांव सहित भाटापारा में बारदाना व्यापारियों के यहां भीड़ लगी हुई है। मुंगेली सहित ग्रामीण क्षेत्रो के व्यापारी राजनांदगांव, भाटापारा से बारदाना खरीदकर किसानो को बेच रहे है। जगह-जगह बारदाने की दुकान लगाकर खुलेआम ऊंचे दर पर जूट बारदाने की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे है। अनेक युवक व व्यापारी जो कल तक दूसरे व्यवसाय में रहते थे वे अब बारदाना व्यापार में कूद पड़े है। नगद में धडल्ले से किसानो को बारदाना बेचकर मालामाल हो रहे है। इस तरह मुंगेली नगर सहित परिक्षेत्र में संपूर्ण बाजार में बारदाना बाजार काफी उछाल पर है। अनेक व्यापारी बारदाना सप्लाई को लेकर पूरे तन्मयता से जूटे हुये है।

इंग्लिश मीडियम स्कूल का 41वां वार्षिकोत्सव व रूबी जुबली समारोह

'युग युगांतर : द इटर्नल जर्नी ऑफ नॉलेज' थीम पर सांस्कृतिक रंग

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में 41वां वार्षिकोत्सव एवं रूबी जुबली समारोह 'युग युगांतर : द इटर्नल जर्नी ऑफ नॉलेज' थीम के साथ भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े स्नेक सेवर टीम के सदस्यों को भी सम्मान मिला। छात्रों ने विभिन्न भारतीय संस्कृतियों पर आधारित नृत्य, नाटक एवं पर्यावरण संदेशों से भरपूर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा निर्मित विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन सिटी एवं पर्यटन आधारित मॉडल रहे। प्राचार्य इंद्रा सेंगर ने विद्यालय की उपलब्धियों व भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। समारोह राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

चिरमिरी में नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन का भूमिपूजन

*'यह इमारत नहीं, पीढ़ियों का सपना है' : स्वास्थ्य मंत्री

एमसीबी/मनेंद्रगढ़-चिरमिरी/ चिरमिरी के शैक्षणिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई, जब चिरमिरी पोड़ी में 9 करोड़ 11 लाख 44 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि चिरमिरी की कई पीढ़ियों के सपनों का साकार रूप है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में पॉलिटेक्निक कॉलेज की शुरुआत के बाद 2025 में भवन स्वीकृति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंत्री ने कहा कि सरकार नाम नहीं, काम में विश्वास रखती है। मंत्री जायसवाल ने जानकारी दी कि चिरमिरी को शिक्षा हब बनाने की दिशा में यह मजबूत कदम है। कॉलेज में जीपीएस एवं सैटेलाइट आधारित मैपिंग जैसे आधुनिक ट्रेड शुरू किए जाएंगे, जिससे युवाओं को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिलेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगी।

सराफा दुकान में चोरी का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर के सदर रोड स्थित एक ज्वेलरी दुकान में चोरी की कोशिश करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम आकाश अग्रवाल उर्फ कल्लू है। वह शहर के ब्रह्म रोड स्थित शीतला वार्ड का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वेल्डिंग मशीन, प्लायर वायर कटर, वेल्डिंग रॉड, टार्च, वायर एक्सटेंशन जब्त किया गया है। बता दें कि 13 दिसंबर की रात दुकान में बुर्का पहनकर चोरी करने घुसा था। लेकिन सफल नहीं हो पाया था। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आरोपी तक पुलिस पहुंची।

स्वास्थ्य मंत्री ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

एमसीबी/नवप्रदेश। जिला अस्पताल चिरमिरी में आज पल्स पोलियो अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा स्वयं बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का आगाज किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम में नगर के प्रथम नागरिक राम नरेश राय की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही जिला भाजपा एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के

दौरान प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत तीन पात्र हितग्राहियों को 5-5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज के स्वास्थ्य कार्ड स्वास्थ्य मंत्री द्वारा प्रदान किए गए। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत पूरे देश में बच्चों को निःशुल्क पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जा रही हैं। यह अभियान देश को पोलियो मुक्त बनाने में अत्यंत सफल रहा है।उन्होंने बताया कि भले ही भारत आज लगभग पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन सरकार किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतना चाहती। जो बच्चे आज किसी कारणवश पोलियो ड्रॉप नहीं ले पाए हैं, वे 22 एवं 23 तारीख को भी यह दवा ले सकते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते दो वर्षों में अस्पताल की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि शीघ्र ही जिला अस्पताल में पांच नए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिल सकेंगी।

ओशो पिरामिड ध्यान आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ शुरु

मुंगेली/नवप्रदेश। ओशो पिरामिड ध्यान आश्रम मदनपुर में श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का विधिवत एवं शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया।

शुभारंभ अवसर पर कथा वाचक आलोक शर्मा महाराज, बिपतपुर घिकुड़िया द्वारा गोकर्ण कथा के माध्यम से श्रीमद् भागवत के महात्म्य एवं आध्यात्मिक महत्व को सरल और भावपूर्ण शैली में समझाया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर सुना। कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलश यात्रा भी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से ओत-प्रोत कर दिया।

भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा ने पूरे मदनपुर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस पावन अवसर पर विशेष रूप से बद्रीनाथ से पैदल यात्रा कर मदनपुर पहुंचे स्वामी कनकेश्वर महाराज ने अपने आध्यात्मिक अनुभव कथन साझा किए, जिससे श्रद्धालुओं को साधना, तप और संकल्प की प्रेरणा मिली। भागवत कथा के

यजमान आकाश परिहार ने बताया कि यह श्रीमद् भागवत कथा 9 दिनों तक निरंतर चलेगी, जिसमें श्रीमद् भागवत की समस्त प्रमुख कथाओं का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कथा के साथ-साथ प्रतिदिन रात्रि में कीर्तन-भजन का आयोजन किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और आनंद की अनुभूति होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संतगण, श्रद्धालु, ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से आएं भक्त उपस्थित रहे। संपूर्ण वातावरण धर्म, भक्ति और अध्यात्म से सराबोर रहा। आयोजन को सफल बनाने पूरे परिवार सहित इष्टमित्र जुटे हुए हैं।

मौसम

सर्दी बढ़ते ही बदली दिनचर्या, बाजार में गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

जिले में कड़ाके की ठंड का कहर, जनजीवन प्रभावित

मुंगेली/नवप्रदेश। क्षेत्र में इन दिनों ठंड अपने शबाब पर हैं, ठंड के कारण तापमान में भी लगातार गिरावट आ रही है। ठंड का कहर वैसे तो दिन भर रहता हैं पर शाम को 4 बजे के बाद सूरज के ढ़लते ही सुबह 10 बजे तक पूरा क्षेत्र ठंड की आगोश में रहता है। कड़ाके की ठंड ने लोगों की दिनचर्या पर भी प्रभाव डाला हैं। चौक-चौराहों में अलाव जलाकर ठंड भगाने में लोग लगे रहते हैं। लोगों की सुबह देर से हो रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में पाला दिखने लगा है। सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, रात में सर्द हवाओं के साथ ठंड कंपा रही है, सुबह गुनगुनी धूप खूब भाने लगी है, दिन भर मौसम शुष्क बना हुआ है। आमजन को यह मौसम बहुत पसंद आ रहा है। जिले में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ हो चुका है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सूर्योदय होने के काफी देर बाद लोग सड़कों पर नजर आते है। शाम ढ़लते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा हैं। ठंड के चलते लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। लोग ठंड से बचने ले रहे अलाव का सहारा ले रहे हैं। ठंड से राहत पाने के लिए लोग अपने-अपने घरों में एवं घरों के बाहर धूप सेंकते नजर आ रहे हैं। खासकर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड से

लोगों का बुरा हाल है। इस कड़ाके की सर्दी के कारण शहर सहित जिले के लोगों का दिनचर्या भी पूरा अस्त-व्यस्त हो गया हैं। लोग सुबह जल्दी नींद खुलने के बावजूद बिस्तर छोड़ने का साहस नहीं कर पा रहे हैं और देर तक रजाई में ही दुबके रह रहे हैं। आलम यह है कि जब तक धूप नहीं निकल रही है, लोग बिस्तर को छोड़ने को तैयार नहीं हो रहे हैं। वहीं शाम के ढ़लने के साथ ही लोग जल्दी से अपने काम-काज निपटाकर घरों की ओर भाग रहे हैं। ठण्ड बढ़ने से दिन में भी लोग गर्म कपड़ों में घूमते फिरते नजर आते है। ठण्ड बढ़ने से बुजुर्गो को थोडी समस्या हो सकती है, हालांकि वे भी दिन भर धूप का आंनद ले रहे है। ठंड बढ़ते ही एक ओर जहां बाजार में गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी है। आयुर्वेदिक, चाय, पाउडर, सोंठ, लौंग, इलायची तथा बाजार में अदरक की खूब बिक्री हो रही है। दिसंबर माह में क्षेत्र में अन्य स्थानों से भी ज्यादा ठंड पड़ती हैं और यही वजह हैं कि शहर में दिसंबर का महीना शुरू होते ही ठंड का असर दिखाई पड़ने लगता हैं। आने वाले समय में और भी तेज ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर के महीने में सबसे अधिक ठण्ड रहता है जो जनवरी के पहले पखवाड़े तक ठण्ड का असर बना रहता है। इस वर्ष बारिश का मौसम बीतने के बाद बारिश की गतिविधियां पूरी तरह थम गई थी इस कारण नवम्बर महीने में ठण्ड का असर कम रहा।

पशुधन के शीतलहर प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पशु चिकित्सा सेवाएं के उपसंचालक ने पशुधन के शीतलहर प्रबंधन हेतु जिले के समस्त वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ को पत्र जारी कर जिला, तहसील एवं ग्राम स्तर के माध्यम से जन समुदाय में जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार कर कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया है। जिसमें पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाईयां एवं चारा भण्डारण, ठंडी हवाओं से बचाव हेतु सभी पशु आवासों को सभी दिशाओं से ढकने, पशुधन के आहार एवं खानपान में वृध्दि करने, उच्च गुणवत्ता वाले चारा या चारागाहों का उपयोग करने, जलवायु अनुरूप शेड का निर्माण करने, जानवरों के बैठने हेतु सूखे भूसे रखने कहा गया है। उन्होंने पालतु जानवरों को शीत लहर से बचाव हेतु भवन के अन्दर रखने तथा उन्हें कंबल से ढकने हेतु भी निर्देशित किया है।

न्यूज गैलरी

बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजीव नगर बसंतपुर क्षेत्र में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ÷दो बूंद ज़िंदगी की÷ पिलाई गई। इस अभियान में युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री की सक्रिय उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन दीदियों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई गई।इस अवसर पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान कोई साधारण सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में ÷दो बूंद ज़िंदगी की÷ के संदेश के साथ शुरू हुआ यह अभियान, 1994 के दिल्ली मॉडल से प्रेरित था। निरंतर और ईमानदार प्रयासों के फलस्वरूप 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो-मुक्त घोषित किया गया, जो लाखों जमीनी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट, ग्राम पदुमतरा के धार्मिक आयोजन हेतु दिया गया आमंत्रण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नववर्ष 2025 के पावन अवसर पर ग्राम पदुमतरा में आयोजित होने वाले धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों को लेकर आज भिलाई स्थित निवास में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात की गई। इस दौरान उन्हें ग्राम पदुमतरा में आयोजित होने वाले माँ बगलामुखी यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण दिया गया।मुलाकात के दौरान जानकारी दी गई कि 1 जनवरी 2025 को माँ बगलामुखी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा वहीं 2 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. युवराज पाण्डेय द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य वाचन किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आध्यात्मिक चेतना, धर्म और संस्कृति से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी लेकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन भी दिया।

गुरु घासीदास बाबा ने समाज को समानता, सत्य और मानव गरिमा का संदेश दिया : अभिमन्यु उदय मिश्रा

राजनांदगांव /नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा मिनिमाता बाजार चौक सोमानी में आयोजित गुरु घासीदास बाबा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए । अभिमन्यु ने सर्वप्रथम गुरु घासीदास बाबा के तैल चित्र पर पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद लिया उन्होंने सभी को गुरु घासीदास बाबा की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने हमें सतनाम का संदेश दिया जिसका अर्थ है कि सत्य ही ईश्वर है उन्होंने जाति-भेद, छुआछूत और पाखंड का विरोध करते हुए समाज को समानता, मानव गरिमा और आत्मसम्मान का मार्ग दिखाया, उनका संदेश था नशामुक्त जीवन, सरल आचरण, परिश्रम और आपसी भाईचारा उन्होंने स्त्री पुरुष समानता की बात कही दिखावे अंधविश्वास से दूर रह कर सादगी से जीवन जीने की बात कही, किसी भी जीव के प्रति हिंसा न करने अहिंसा का मार्ग अपनाने उपदेश दिया ।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों का तहसीलवार की समीक्षा

धान खरीदी में तहसीलदारों को कोचियों व बिचौलियों पर कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

■ समय सीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें और बिना किसी देरी के समय सीमा के भीतर काम पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री विनय पियाम, श्री नरेंद्र पैकरा, एसडीएम पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, कवर्धा श्री चेतन साहू डिप्टी कलेक्टर श्री आर बी देवांगन, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाए और तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों के लिए पूर्व में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन हो और इनके समाधान में गंभीरता बरती जाए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और नागरिकों को त्वरित सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे तहसील जिनकी प्रगति प्रतिशत कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित प्रकरण के मामले भी समय सीमा से ज्यादा लंबित न हो। उन्होंने कहा कि धान की फसल कट चुके हैं अब सीमांकन के कार्य में तेजी आनी चाहिए। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के अपार आईडी निर्माण के लिए तहसील स्तर पर सभी आवश्यक दस्तावेज निर्माण और कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली।

धान उपार्जन में 211 बारदाना व 84.40 क्विंटल धान की कमी पाई गई

कलेक्टर ने मैनपुर क्षेत्र के गौरघाट धान खरीदी केंद्र का किया भौतिक सत्यापन

■ पारदर्शिता व किसान सुविधाओं के लिए अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने मैनपुर विकासखंड अंतर्गत गौरघाट धान खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन करते हुए धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में की जा रही धान तौल, गुणवत्ता परीक्षण, भंडारण, परिवहन एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि धान खरीदी कार्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए।

कलेक्टर श्री उइके ने मौके पर उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर धान विक्रय के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि तौल एवं पंजीयन की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीदी केंद्र में अनुशासन एवं व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया को भी समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र, बारदाना की उपलब्धता, स्टॉक पंजी, सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित एवं समय पर मूल्य प्रदान करना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भौतिक सत्यापन के दौरान कलेक्टर ने पाया कि धान खरीदी केंद्र में कुल 09 स्टेक में उपार्जित धान बारदाना रखा हुआ है। जिसमें बारदाना संख्या 26 हजार 410, धान की मात्रा 10 हजार 564.00 क्विंटल पाया गया, जबकि वास्तविक खरीदी सत्यापन के दौरान 26 हजार 121 बारदाना, कुल धान की मात्रा 10 हजार 648.40 क्विंटल ऑनलाईन पोर्टल में दिख रहा है। इस प्रकार भौतिक सत्यापन में 211 बारदाना कुल मात्रा 84.40 क्विंटल उपार्जित धान की मात्रा में कमी पाई गयी। इस निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि श्री चंदन कुमार रॉय, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्राथमिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

कलेक्टर श्री उइके ने धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था एवं प्राथमिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण, सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में धान खरीदी कार्य को पूरी तरह किसान-हितैषी, पारदर्शी एवं भरोसेमंद बनाया जाए।

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मुंडा परिक्षेत्र की मासिक बैठक संपन्न

उतई/नवप्रदेश। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज मुंडा परिक्षेत्र की मासिक बैठक ग्राम डुन्डेरा के मंगल भवन में आयोजित की गई बैठक के पूर्व श्री बुढादेव की पूजा अर्चना कर और आदिवासी समाज के वीर पुरुष आदिवासी के गौरव शहीद वीर नारायण की जयकारा रानी दुर्गावती की जय कारा ओर बिरसा मुंडा की जयकारा करके शुरुआत की गई मासिक बैठक का उद्देश्य समाज को एकजुट कर और आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए मुडा पंच ने अपनी विचार रखे जिसमें गोंडवाना विकास समिति के मातृशक्ति अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर ने अपने विचार रखी समाज को आर्थिक रूप से महिला ही समाज को एकता के सूत्र में बांधा कर रखती है उसके पश्चात् राजेन्द्र धुर्वे कहा कि समाज लड़की की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए उन्हें घर के काम से अलग रख कर माता पिता उनकी रूचि के साथ आगे बढ़ने दे भारत भुषण सूर्यवंशी ने भी विचार रखे इसके पश्चात् तहसील अध्यक्ष चुरामन कतलम ने अपने विचार और सुझाव दिया की समाज में प्रतिमाह महिला कार्यकारिणी और पुरुष कार्यकारिणी की बैठक होनी चाहिए जिससे समाज में जागरूपता आयेंगी और अंत में मुंडा परिक्षेत्र के मुडादार बहादुर सिंह नेताम ने विस्तार से समाज को समाज को आर्थिक मजबूत करने के लिए प्रत्येक घर से माह में 100रूपैय और दो किलो चावल एकत्रित करने कहा और समुह बनाकर उसका संचालन करे और अपने समाज के जरूरत की समान खरीदें जिससे समाज में आवक होगी जिससे समाज सफल होगी और समाज रीति रिवाज को जाने और अपनी रीति रिवाज से शादी विवाह करें जिससे।
हम अपनी परम्पराओं को जानेंगे इस अवसर पर जामुन ठाकुर गुलाब मरकाम गौतम ठाकुर रमेश ठाकुर ललिता बाई फुलू बाई हिमाचल ठाकुर वैदिका ठाकुर विशम्भर ठाकुर कुलेश्वर ठाकुर दुर्गेश ठाकुर गणेश ठाकुर अशंवन ठाकुर नंदेश्वर तोरण ठाकुर ठाकुर सीमा ठाकुर मोगरा ठाकुर रीना ठाकुर सौरभ ठाकुर दादा ठाकुर ईशवरी ठाकुर एवं बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष उपस्थित रहे ।

कलेक्टर ने मैनपुर अंतर्गत जिड़ार में नवीन हॉस्टल स्थल का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने सभी कार्यों को समयसीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम जिड़ार में पीएम जनमन योजना के तहत 3 करोड़ रूपये से अधिक की लोगत से निर्माणाधीन छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान नए बनने वाले हॉस्टल के स्थल में जाकर जगह का लेआउट एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया। उन्होंने हॉस्टल में सर्व सुविधा व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए रूम, बरामदा, आंगन, शौचालय, बाथरूम आदि के निर्माण की सुचारु व्यवस्था की प्लानिंग के साथ निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी को मिलकर इस महत्वपूर्ण परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि जिले के प्रत्येक नागरिक को उच्च स्तरीय और सुलभ शिक्षा सेवाएं मिल सकें। आगामी समय में इस हॉस्टल का निर्माण पूर्ण होने पर मैनपुर क्षेत्र के शिक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत होगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उईके ने बनने वाले भवन की संरचना, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की गति को भी निगरानी में रखते हुए कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय गणित दिवस पर विभिन्न आयोजन

धमधा/नवप्रदेश। चंदूलाल चंद्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 का आयोजन 17 एवं 19 दिसंबर 2025 को महाविद्यालय के विज्ञान भवन के सेमीनार हाल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान परिषद रायपुर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान परिषद,डी.एस.टी., भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के गणित में दिए अद्वितीय योगदान को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों में गणित के प्रति रूचि,तार्किक सोंच एवं समस्या समाधान क्षमता का विकास करना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मॉडल एवं पोस्टर प्रदर्शिनी, भाषण, निबंध, क्विज, विशेष व्याख्यान एवं रंगोली प्रतियोगिता जैसे विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने किया। उन्होने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के महत्व पर बल देते हुए छात्रों को निरंतर शैक्षणिक गतिविधियों से जुडने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 17 दिसंबर को मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.राकेश तिवारी, शास.वी.वाय.टी.पी.जी. स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थे। उन्होने द ग्राउंड ब्रेकिंग डिस्कवरीज आफ रामानुजन से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं, खोज और उनके अनुप्रयोंगों पर सरल और प्रभावी ढंग से प्रकाश डाला। 19 दिसंबर को मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. व्ही.के.पाठक, बी.सी.एस. शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी उपस्थित थे। उन्होने जनरल टोपोलाजी, कैलकुलस एवं सेट थ्योरी से संबंधित अनुप्रयोंगों तथा उनकी विशेषता पर सारभर्गित व्यक्तव्य दिया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शशी ठाकुर तथा आयोजन समिति में श्री राजेश पटेल एवं डॉ लोकेश देवांगन की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशी ठाकुर ने किया तथा वक्ताओं का परिचय डॉ लोकेश देवांगन तथा आभार प्रदर्शन श्री राजेश पटेल द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन एवं गणित के दैनिक जीवन में उपयोगिता के दृष्टिकोंण से सार्थक रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारीता रही।

नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों को पोलियो वैक्सीन पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

942 बूथ में 5 वर्ष तक के बच्चों को दी गई पोलियो वैक्सीन की खुराक

कवर्धा/नवप्रदेश। 21 दिसंबर से जिले में व्यापक पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ हो गया।जिला चिकित्सालय में इस अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी द्वारा बेबी मायरा सेन 1 माह एवं अयान साहू 10 माह को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद पिलाकर किया। जिले में बनाए गए 942 पल्स पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दो बूंद दी गई। छुटे हुए बच्चों को 22 एवं 23 दिसम्बर 2025 को घर-घर भ्रमण कर पोलियों की दो बूंद पिलाई जावेगी।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर जिले में पल्स पोलियो अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत 28525, बोड़ला 24758, स.लोहारा 20175 तथा पण्डरिया में 39625 कुल 1,13,083 (एक लाख तेरह हजार तिरासी) बच्चो को कार्ययोजना अनुसार पोलियो की वैक्सीन पिलाये जाने का लक्ष्य है। जिस हेतु जिले में 942 बूथ बनाये गए है। जिला स्तरीय टीम द्वारा भी पर भी अलग अलग विकासखंड में निरीक्षण किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तुरे ने बताया कि भारत में 2011 के बाद पोलियों का एक भी प्रकरण रिपोर्ट नही किया गया है एवं निरंतर पोलियों की पहचान हेतु सर्विलेंस किया जाता है। पोलियों से बचाव के लिए एक साथ सभी बच्चों को पोलियों के अतिरिक्त खुराक दी जाती है ताकि संक्रमण को रोका जा सकें। उन्होंने बताया की विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रो जैसे गुड फैक्ट्री, इट भट्ठा, बस स्टैंड, घुमंतू बसाहटो व शहरी स्लम एरिया में निगरानी की जाएगी व छूटे हुए बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी

जिला पंचायत धमतरी में नये सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने संभाला पदभार

धमतरी/नवप्रदेश। जिला पंचायत धमतरी में नवनियुक्त 25वें मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर (आईएएस) ने आज सुबह 10 बजे निर्धारित समयानुसार कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय परिसर का अवलोकन किया तथा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। सभाकक्ष में आयोजित परिचयात्मक बैठक में जिला पंचायत के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने सभी से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि जिला पंचायत ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है और इसके माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे आम जनता तक पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है जिसे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। नये सीईओ ने बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों से वर्तमान में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिश् ान सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर चर्चा की। श्री ठाकुर ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उनके समाधान हेतु सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

श्री ठाकुर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि जिला पंचायत धमतरी में पूर्व की भांति सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाएं। किसी भी योजना में अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यसंस्कृति में अनुशासन, जवाबदेही और टीमवर्क को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों बनी रहे।

न्यूज गैलरी

मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

दुर्ग। भारतीय राजनीति में मर्यादा, संतुलन और मानवीय संवेदना के प्रतीक रहे मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि के अवसर पर आज शिवनाथ नदी तट स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता व उनके अनुयायी उपस्थित रहे। उपस्थित कांग्रेसजनों और नागरिकों ने स्व. मोतीलाल वोरा के आदर्शों पर चलने और उनके दिखाए मार्ग को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। **श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे अमित जोगी**- इधर जनता कांग्रेस नेता अमित जोगी भी आज दुर्ग पहुंचे और मोतीलाल वोरा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वोरा निवास में अमित जोगी ने अपने पिता अजीत जोगी के साथ मोतीलाल वोरा के आत्मीय संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य स्थापना के बाद सभी प्रमुख नेताओं ने मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। अमित जोगी ने कहा कि ऊंचा राजनीतिक मुकाम हासिल करने के बावजूद बाबूजी का सीधा सरल व्यवहार उनके दिव्य व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल व रेस्टोरेंट्स से लिये सैंपल

दुर्ग। जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न होटल व रेस्टोरेंट्स में जांच कर खाद्य नमूने संकलित किए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार नेहरू नगर स्क्वेयर स्थित होटल ग्रैंड ढिल्लन रेस्टोरेंट से ग्रीन चटनी व ब्रेड, झरोखा पैलेस से ओनियन ग्रेवी और चिकन बिरयानी और रेलवे स्टेशन स्थित सागर इंटरनेशनल से मिक्स वेज व टोमेटो सूप के नमूने लिए गए हैं। सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

निधन - शांति निरंकारी

दुर्ग। निरंकारी फर्नीचर के संचालक सर्वजीत निरंकारी व इंद्रजीत निरंकारी की माता शांति निरंकारी का देहांत हो गया। वे भिलाई निगम एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी व नवदीप निरंकारी के बड़ी मां थी। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

भूपेश बघेल की गिरफ्तारी का सर्वे करने यूपी से आई टीम कांग्रेसियों ने 6 को पकड़ा, थाने में किया जमकर हंगामा

भिलाई/नवप्रदेश। गाजियाबाद की कंपनी वाट्स इंडिया थिंक्स के 6 कर्मचारियों को कांग्रेस नेताओं ने आज पकड़ लिया। सभी लोग पूर्व सीएम भूपेश बघेल की गिरफ्तारी को लेकर पब्लिक से सवाल कर रहे थे। वाट्स इंडिया थिंग्स की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा था कि भूपेश की गिरफ्तारी होनी चाहिए या नहीं। इसके अलावा भी कई सवाल किये जा रहे थे। इस मामले को लेकर कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया।

शराब घोटाला केस में भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल से जुड़े सवालों को लेकर कांग्रेसियों ने आपत्ति जताई। महापौर नीरज पाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर समेत कांग्रेसी भट्ठी थाने पहुंचे।

थाने के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की भीड़ जमा हो गई है। कांग्रेसजनों की भीड़ देखकर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।

दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यूपी से आकर सर्वे टीम यह काम कर रही है। भिलाई में टीम आकर सर्वे कर रही थी।

सर्वे फॉर्म में 24 प्रश्न पूछे जा रहे हैं। वर्तमान सरकार की योजनाओं के अलावा पूर्व सरकार के शराब घोटाले, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को जेल भेजने के संबंध में सवाल किये गए। सवाल किया जा रहा था कि शराब घोटाले में क्या पूर्व सीएम को भी जेल जाना चाहिए।

सर्वे करने वाले लोगों को हिरासत में लिया जाना चाहिए। इन्हीं सवालों पर कांग्रेसी आपत्ति दर्ज कराने थाने पहुंचे थे।

टाउनशिप के भट्ठी थाना में शनिवार को रात तक जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दुर्ग शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल सहित कांग्रेसियों का प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने सर्वे टीम पर कांग्रेस पार्टी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल की छवि खराब करने का काम करने के आरोप लगाए। उन्होंने सर्वे टीम के लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर लिखित आवेदन दिया।

अमित शाह जी, डरूंगा नहीं : भूपेश

भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अमित शाह जी! डरूंगा नहीं। तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर मुझे बदनाम करने की कोशिशों के बाद अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सर्वे करवा रहे हैं। सर्वे एजेंसी की 70 टीमें छत्तीसगढ़ में लोगों से पूछ रही हैं कि क्या भूपेश बघेल को गिरफ्तार किया जाना चाहिए? आज भिलाई में एक टीम के सदस्यों को मेरे साथियों ने पकड़ा तो राज खुला। गजब के गृहमंत्री हैं। विधि सम्मत कार्रवाई करने की जगह सर्वेक्षण करवा रहे हैं। पहले महादेव सट्टा ऐप में मुझ पर अनर्गल आरोप लगाए। अब चर्चा चल रही है कि पीएमओ के अधिकारी ही सट्टेबाजी में फंसे हैं। इसी वजह से शराब घोटाले में घसीटने की कोशिश की जा रही है। अमित शाह चाहे जो हथकंडा अपनाएं, छत्तीसगढ़ की जनता मेरे और कांग्रेस के साथ खड़ी है।

जारी रहेगा विधायक देवेंद्र यादव का उपवास

शासन और प्रबंधन से जब तक चर्चा नहीं होगी, तब तक जारी रहेगा आंदोलन

- **अब तक 10 हजार से ज्यादा लोगों ने दिया जनसमर्थन**

भिलाई/नवप्रदेश। विधायक देवेंद्र यादव आज भी सत्याग्रह स्थल पर टेंट में ही रात बिताएंगे। सेल बीएसपी के कर्मचारियों और अधिकारियों के हक की लड़ाई लड़ रहे विधायक देवेंद्र यादव ने दो दिवसीय सत्याग्रह का ऐलान किया था। 20 दिसंबर से सत्याग्रह की शुरुआत की गई। आज 21 दिसंबर को शाम 5 बजे देवेंद्र ने कहा कि जब तक शासन या बीएसपी प्रबंधन से इन मुद्दों को लेकर चर्चा नहीं होगी, तब तक उपवास जारी रहेगा। दो दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन को सभी ट्रेड यूनियनों ने समर्थन दिया।

मां आई समर्थन देने, भावुक हुए देवेंद्र

आज देवेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भिलाई सत्याग्रह के दूसरे दिन उनकी माँ हौसला बढ़ाने आईं। देवेंद्र ने कहा कि उनके लिय यह भावनात्मक क्षण था। माँ ने कहा कि वे रात में आई थी। देवेंद्र को सोते हुए देखने के वापस चली गई। माँ ने कहा कि भिलाई हमारा परिवार है और इस परिवार के लिए जो कर सकते हो करो।

रात भर कड़कड़ाती ठंड में टेंट में जारी रहा सत्याग्रह

20 दिसंबर को सुबह से शाम तक सत्याग्रह पर बैठे विधायक देवेंद्र यादव ने कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे टेंट पर रात बिताई। देर रात तक उनके समर्थक सत्याग्रह स्थल पर डटे रहे। 21 दिसंबर को सुबह मार्निंग वॉक ग्रुप्स अलग-अलग जत्थे में सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे और विधायक देवेंद्र यादव के सत्याग्रह आंदोलन को समर्थन दिया।

ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया

सरकार और सेल प्रबंधन की नीतियों, रिटेंशन स्कीम, निजीकरण, सेक्टर 9 हॉस्पिटल, आवास, न्यूनतम वेतन, बकाया 39 माह का एरियर, बोनस आदि विषयों को लेकर विधायक देवेंद्र यादव के सत्याग्रह आंदोलन को सभी ट्रेड यूनियनों ने समर्थन दिया। बीएसपी की पूर्व मान्यता प्राप्त यूनियन इंटक के महासचिव व एनजेसीएस सदस्य वंश बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों से सेल प्रबंधन का मनोबल बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। विधायक देवेंद्र यादव ने कर्मचारियों के हक की आवाज को उठाया है। आंदोलन को आगे भी रखने की जरूरत पड़ी तो यूनियन साथ रहेगी। पूर्व मान्यता प्राप्त यूनियन सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी ने केंद्र सरकार को कोसते हुए कहा कि मोदी सरकार हिटलर को फॉलो करती है। सरकार जनता को उनके हक से वंचित कर रही है। आज सेल के कर्मचारी त्रस्त हो चुके हैं। भिलाई की बसाहट को बर्बाद करने का खेल हो रहा है। इसे किसी कीमत पर भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हमें परिवार सहित सड़क पर उतरना पड़ेगा।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज, पूर्व विधायक वोरा ने भी दिया समर्थन

विधायक देवेंद्र के सत्याग्रह को समर्थन देने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, लालचंद वर्मा, राजेंद्र सिंह परगनिहा, योगेश सोनी, टी जोगा राव, लक्ष्मीपति राजू, श्याम लाल साहू, जय प्रकाश नायर ,संजय साहू इंटक ठेका श्रमिक, फौजी अरुण सिसोदिया,अतुल श्रीवास्तव, सीजू एंथनी, गुड्डू खान, भोलू श्रीवास्तव, मनोज पांडे, अली हुसैन सिद्दीकी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, सुमित पवार, आशीष यादव, शरद मिश्र, हरीश सिंह आदि मौजूद रहे। अलग-अलग क्षेत्र से महिलाओं के जत्थे भी सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे।

वाहन चेकिंग में फर्जी बीएसएफ जवान गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना के अंतर्गत पुलिस ने एक फर्जी बीएसएफ जवान को हिरासत में लिया गया है। आरोपी सिमरनजीत सिंह (31 साल) दुर्ग में किराए के मकान से रह रहा था। उसने अपना खुद का फर्जी पहचान पत्र बनवाया। 20 दिसंबर को शहीद चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से बीएसएफ का फर्जी आईडेंटिटी कार्ड भी मिला है। आरोपी सफेद रंग की डिजायर कार में घूम रहा था। कार में पुलिस लिखा था। वह खुद का बीएसएफ का जवान बताता था। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मोहन नगर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक पेट्रोलिंग टीम के साथ शहीद चौक दुर्ग में आने-जाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पेट्रोलिंग स्टाफ ने सिंधिया नगर दुर्ग की ओर से आ रही डिजायर कार (क्रमांक सीजी 07 सीआर 9095) को रोककर जांच की। वाहन चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम सिमरनजीत सिंह (31 साल) निवासी सुंदरनगर मीराकोट चौक एयरपोर्ट रोड, थाना कम्बोज, जिला अमृतसर (पंजाब) बताया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम, गांधी भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780/90, फैक्स 0771-22273395,
ई-मेल: dc_rmc@reddiffmail.com

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक / 555/ स्वा.वि./मु./न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 22/12/2025

नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत डॉग कैचिंग कार्य हेतु 04 अतिरिक्त श्रमिक (कर्मचारी) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्रदाय बाबत् निर्धारित प्रपत्र में पंजीकृत व्यक्ति/फर्म/ संस्थाओं से दिनांक 13.01.2026 तक रजि. डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से कमरा नं. 111 भूतल स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम रायपुर में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित तिथि के पश्चात् निविदा दर (लिफाफा) स्वीकार नहीं किये जायेंगे प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.01.2026 को शाम 04:00 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अमानती राशि	समय सीमा
1	डॉग कैचिंग कार्य हेतु 04 श्रमिक (कर्मचारी) प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से प्रदाय बाबत।	6,77,280	750/- रू.	5100	1 वर्ष

शर्ते -
1. सशर्त निविदाएं स्वीकार किये जाएंगे।
2. शपथ पत्र, अमानती राशि का FDR आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर के पदनाम से अलग लिफाफे में रजि. डाक / स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जायेगी।
3. निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ (A) BANK SOLVANCY, (B) रजि. सर्टिफिकेट (C) PAN CARD, (D) 3 साल का ITR (E) 3 माह का GSTR की प्रति (F) GST रजि. की छायाप्रति (G) लेबर लायसेंस की छायाप्रति संलग्न करें।
4. किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिक निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
5. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर का निर्णय अंतिम होगा। कार्य को कम या अधिक करने का अधिकारी आयुक्त, नगर पालिक निगम रायपुर का होगा।
6. उपरोक्त कार्य से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी एवं निविदा शर्त कार्यालयीन समय में निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 111 से प्राप्त की जा सकती है।

टीप :- निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि में किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है, तो वह अगले कार्य दिवस में होगा। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर को होगा।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह 'अभिव्यंजना' सम्पन्न

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग अंतर्गत सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में दिनांक 20 दिसंबर को वार्षिक समारोह (अभिव्यंजना) का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र चित्त रंजन महापात्र थे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीन निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ (माइन्स) कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक एवं सीएमएलओ (रावघाट) अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएँ एवं सीएसआर) उत्पल दत्ता तथा महाप्रबंधक (शिक्षा) शिखा दूबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों, पालको, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

तत्पश्चात पालक/ शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिक जॉर्ज द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुमिता सरकार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह.शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। प्राचार्य ने उद्बोधन में बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 वीं में 18 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए, वहीं कक्षा 12वी में 13 छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक आए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यालय के 03 भूतपूर्व विद्यार्थियों का चयन इस वर्ष छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में भी हुआ। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सत्र के शिक्षक पुरस्कार विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि चित्तरंजन महापात्र ने सभी उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के संतुलित समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रिदम रहा। विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन प्रस्तुत किया। शालेय छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीतों की प्रस्तुति दी।

मुस्कुराना स्ट्रेस की सबसे बड़ी एंटीडोज है : प्रोफेसर गिरीश

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा, दुर्ग के कमला दीदी सभागार में आज वाह जिंदगी वाह शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रख्यात वक्ता प्रोफेसर ईवी गिरीश ने कहा कि तनाव को कम करने के लिए मुस्कुराना सबसे बड़ी रामबाण दवा है। स्ट्रेस की सबसे बड़ी एंटीडोज है।

ईश्वर ने सभी प्राणियों में, पशु-पक्षियों में मुस्कुराने की कला केवल मनुष्य को दी है। हम सबको हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो मुस्कुरा कर खुद भी खुश रह सकता है और दूसरों को भी खुशी दे सकता है। एक वैज्ञानिक तथ्य है कि 1 साल का बच्चा 24 घंटे में लगभग 300 बार मुस्कुराता है। हम जैसे-जैसे बड़े होते जाते हैं, हमारी मुस्कुराहट कम होती जाती है।

कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

दावा-आपत्ति

1. बच्चे का नाम - बालक **आकाश** (बाल कल्याण समिति द्वारा प्रदत्त नाम)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक - 08/02/2024
3. संस्था - सेवा भारती मातृछाया कोरबा (छ.ग.)
4. रंग - गोरा
5. उम्र - 01 वर्ष 10 माह 13 दिन (जन्म तिथि 05.02.2024)

उक्त बालक **आकाश** दिनांक 08/02/2024 को बाल कल्याण समिति जिला जांजगीर-चांपा के आदेश क्रमांक /1890/ बा.क.स./2025-26 जांजगीर, दिनांक 08.02.2024 को संरक्षण हेतु विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी सेवा भारती मातृछाया कोरबा (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालक **आकाश** के वैधानिक पालक /अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) अथवा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी सेवा भारती मातृछाया कोरबा (छ.ग.) में आवेदन दर्ज करा सकते है। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण इकाई
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जी-252605632/2 मो.नं. 8963997174, 7646964937

भिलाई और वैशाली नगर विधानसभा में विकास कार्य के लिए 93 लाख स्वीकृत

भिलाई/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत 5 विकास कार्यों के लिए 23 लाख 48 हजार 274 रुपए की स्वीकृति दी है। विधानसभा भिलाई नगर के विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी नगर निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। भिलाई नगर वार्ड 63 सड़क नंबर 67 व 68 के मध्य सेक्टर 6 भिलाई में सार्वजनिक डोम शेड कार्य के लिये फेस 1 कार्य फाउण्डेशन कार्य व टाईल्सयुक्त मंच निर्माण के लिए 9 लाख 99 हजार 24 रुपए, सेक्टर 6 भिलाई में बाके बिहारी डोम शेड के पास 1 नग बोर खनन व सार्वजनिक महिला-पुरुष शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए, सार्वजनिक दुर्गोत्सव जेपी सीमेंट रोड सड़क नं. 3, सेक्टर-5 भिलाई के पास 1 नगर बोर खनन कार्य के लिए 99 हजार 413 रुपए की राशि स्वीकृत की है। वही वार्ड 48 जोन 3, खुर्सीपार के पास पम्प हाउस मैदान में सार्वजनिक चबूतरा निर्माण, शेड निर्माण, चेनलिंग फेंसिंग कार्य व कक्ष निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपए और सेक्टर-7 भिलाई कूर्मि भवन के पास सार्वजनिक डोम शेड का विस्तारीकरण व संधारण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 837 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

छत्तीसगढ़ शासन
जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 03, तिल्दा

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना क्रमांक **04**/ई-प्रोक्युरमेंट / **2025-26,** तिल्दा-नेवरा दिनांक **17.12.2025**, सिस्टम निविदा क्रमांक **181788 (प्रथम आमंत्रण), (कार्य का नाम- भाटापारा शाखा नहर के आर.डी. 79.142 कि.मी. से प्रस्तावित (नई) धुर्राबांधा वितरक नहर के आर.डी. 0.00 मी. से 6810 मी. तक मिट्टी का कार्य एवं 30 नग पक्की संरचनाओं सहित 40 नग डायरेक्ट आउटलेट का निर्माण कार्य ।)**, जिसका जी-नंबर 252605554 है, उक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3, तिल्दा (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता महानदी परियोजना,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-252605623/6

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांक एसईसीएल/कुस/क्षेत्र/भू.रा./2025/1385 **सूचना** दिनांक 06.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र ग्राम पाली के 295.795 हे. की भूमि का अर्जन सीबीए एक्ट (अर्जन एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर एंड आर) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा में) concept के आधार पर 147 भू स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें 01 भूमि स्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिका अनुसार है:-

क्र.	स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम	खाता नम्बर	खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)	कुल रकबा (एकड़ में)	उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध	भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम			टिप्पणी
							विभिन्न दस्तावेज	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम	
1	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय	12	250/1, 329/1, 331/4, 380/2, 466/1, 466/4	0.17, 0.15, 0.20, 0.08, 0.05, 0.59	1.24 एकड़	कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद संबंध – पुत्र	नामांकन पत्र	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय	कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/ दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
							सत्यापन	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय	कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद	
							घटते क्रम सूची के अनुसार क्र.सं. 36	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय		
							बी-1 वर्ष 2008-09	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय		
							पी-2 वर्ष 2008 से 2013	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय		
							ऋण पुस्तिका	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय		
							वंशवृक्ष	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय	कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद	
							निवास प्रमाण पत्र		कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद	
							जाति प्रमाण पत्र		कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद	
							शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 10वीं)		कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद	
							रोजगार पंजी		कमलेश कुमार पिता अयोध्या प्रसाद	
							आधार कार्ड	अयोध्या प्रसाद पिता सोनसाय	कमलेश पिता अयोध्या प्रसाद	

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

शासन की योजनाओं को बेहतर तरीके से समय पर पूरा करना प्राथमिकता: सर्वे

नए कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने किया पदभार ग्रहण, कहा- शहरवासियों को मूलभूत सुविधाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें, इस पर करेंगे काम

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम बिलासपुर के नवपदस्थ आयुक्त आईएएस प्रकाश कुमार सर्वे ने आज नगर पालिक निगम कमिश्नर तथा एमडी स्मार्ट सिटी के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही कमिश्नर श्री सर्वे ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निगम तथा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रही योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा की शासन की जो योजनाएं है उन्हें बेहतर तरीके से समय पर पूरा करना तथा उसका लाभ शहरवासियों को मिलें यें उनकी प्राथमिकता है। आगे चर्चा करते हुए कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा निगम के जितने भी कार्य है उन सभी को शहर वासियों के सहयोग से पूरा करने का प्रयास होगा।

नवपदस्थ कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बिलासपुर का पूरे देश में दूसरा स्थान है,जो गौरवान्वित करने वाला है, इसे प्रथम स्थान पर लाने के लिए कार्य करेंगे। स्वच्छता एक सतत रूप से चलने वाली और अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसका क्रियान्वयन प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ होनी चाहिए। शहरवासियों के साथ मिलकर सभी के सहयोग से इस पर कार्य करेंगे ताकि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में बिलासपुर को पहला रैंक मिल सकें। निगम के अंतर्गत आने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं और सेवा का निर्बाध रूप से लाभ सभी शहरवासियों को मिलता रहें इस इस दिशा में काम किया जाएगा। इसके साथ ही निगम तथा स्मार्ट सिटी के अंतर्गत जितने भी विकास कार्य चल रहें हैं उसे समय सीमा के भीतर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। अरपा नदी बिलासपुर की जीवनदायिनी है, उसे प्रदूषण से बचाने तथा एक नई पहचान देने के लिए अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन योजना और अन्य योजनाओं पर काम जारी है, जिसका क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर किया जाएगा।

नए क्षेत्रों में प्राथमिकता से किए जाएंगे विकास कार्य

नवपदस्थ कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा निगम सीमा में जो नए क्षेत्र शामिल हुए है वहां सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उन क्षेत्रों में विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जाएगा। कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा की कोई भी कार्य अकेले नहीं किया जा सकता सभी के सहयोग से कार्य सफल होता है। एक बेहतर टीम वर्क के साथ शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जाएगा। अरपा प्रोजेक्ट, स्वच्छता, समेत स्मार्ट सिटी की सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा।

इसके साथ ही निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा की बिलासपुर को और भी बेहतर और विकसित बनाने के लिए सभी से सुझाव लेकर कार्य किया जाएगा। इससे पहले निगम के प्रभारी कमिश्नर खजांची कुम्हार ने नवनियुक्त कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे को पदभार सौंपा।

न्यूज गैलरी

नेवसा में रासेयो का विशेष सात दिवसीय शिविर शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत गोद ग्राम नेवसा, विकासखंड कोटा, जिला बिलासपुर में 20 से 26 दिसंबर तक विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर की थीम 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' रखी गई है। शिविर के माध्यम से बैगा एवं गौड़ आदिवासी समुदाय के बीच नशा मुक्ति, घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। शनिवार को महाविद्यालय परिसर से एनएसएस स्वयंसेवकों की टीम शिविर स्थल के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर अटल विश्वविद्यालय के कुल सचिव तर्निश गौतम, महाविद्यालय के अध्यक्ष संजय दुबे, प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहने और गांव में रहकर सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्रामीणों के साथ संवाद कर नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराएंगे, घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेंगे।

हाईकोर्ट ने कहा- बार-बार वकील बदलना सही नहीं

कर्मचारी की रिव्यू पीटिशन खारिज याचिकाकर्ता पर 50 हजार का जुर्माना

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने विभागीय जांच में सजा पाए एक सरकारी कर्मचारी की रिव्यू पीटिशन को सख्त टिप्पणी के साथ खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि बिना किसी स्पष्ट त्रुटि के, केवल फैसले पर दोबारा सुनवाई कराने के उद्देश्य से रिव्यू पीटिशन लगाना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इतना ही नहीं, अलग-अलग चरणों में अलग वकीलों को नियुक्त कर बार-बार याचिकाएं दायर करना बार की स्वस्थ परंपरा के खिलाफ है। इस टिप्पणी के साथ ही हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

दरअसल, याचिकाकर्ता संजीव कुमार यादव के खिलाफ विभागीय जांच की गई, जिसमें दोष सिद्ध होने पर उसकी चार वेतनवृद्धियां रोकने की सजा दी गई थी। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने पहले हाईकोर्ट की सिंगल बेंच में याचिका दायर की, जिसे जनवरी 2025 में खारिज कर दी गई। इसके बाद उन्होंने डिवीजन बेंच में रिट अपील की, जिसे मार्च 2025 में निरस्त कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) भी दाखिल की, जिसे अगस्त 2025 में खारिज कर दिया गया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने फिर से हाईकोर्ट में रिव्यू पीटिशन दायर कर दिया। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि रिव्यू पीटिशन किसी मामले में अपील का विकल्प नहीं हो सकती। यह तभी स्वीकार्य है, जब रिकॉर्ड पर कोई स्पष्ट और प्रत्यक्ष त्रुटि हो। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि सिंगल बेंच, डिवीजन बेंच और रिव्यू पीटिशन में अलग-अलग वकीलों को नियुक्त किया गया। जिस वकील ने रिट अपील पर की बहस की थी, उसने रिव्यू पीटिशन दायर नहीं की। यह प्रवृत्ति सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों के अनुसार निंदनीय है।



एसएलपी खारिज होने के बाद राहत नहीं

हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के बाद स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी खारिज होने के बाद तथ्यों के आधार पर रिव्यू पीटिशन का कोई ठोस आधार नहीं बनता। जिस कथित तथ्यात्मक त्रुटि का हवाला दिया गया, उसका रिकॉर्ड में मेल नहीं है। डिवीजन बेंच ने कहा कि यह याचिका कोर्ट का कीमती समय नष्ट करने वाली है। हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील द्वारा बिना शर्त माफी मांगने पर हाईकोर्ट ने दो लाख के बजाए 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। यह राशि सरकारी विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी, गरियाबंद को दी जाएगी। याचिकाकर्ता द्वारा राशि एक माह में जमा नहीं करने पर भू-राजस्व की तरह वसूली की जाएगी।

लिंगियाडीह में तोड़फोड़ के विरोध में महिलाओं का धरना 29 वें दिन भी जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। लिंगियाडीह में रोड निर्माण की आड़ में तोड़फोड़ के विरोध में चल रहा 'लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन' 29वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन में शामिल महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाते हुए सांकेतिक धरना दिया और ऐलान किया कि जब तक सांस है तब तक संघर्ष जारी रहेगा। महिलाओं ने आरोप लगाया कि सरकार किस्तों में मकान-दुकान तोड़ने की साजिश रच रही है और जानबूझकर लिंगियाडीह को ही टारगेट किया जा रहा है, जबकि चिंगराजपारा, चांटीडीह, बहतराई, खमतराई और मोपका जैसे क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई की तैयारी है।आंदोलन में विभिन्न समाजों के प्रबुद्धजन, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने समर्थन दिया। वक्ताओं ने कहा कि नौ माह पहले गरीबों के मकान-दुकान तोड़े गए, जो अन्याय है। गौ सेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक नेताओं ने एकजुट होकर इसे बड़ा जन आंदोलन बनाने की बात कही। महाधरने में बड़ी संख्या में महिलाएं, स्थानीय नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें दुर्गा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

एयरपोर्ट को प्लास्टिक शीट का टॉयलेट और गुमटी में कैंटीन की मिली सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन के बाहर एक कैंटीन और एक टॉयलेट और यात्रियों को छोड़ने और लेने जाने वाले व्यक्तियों के बैठने की सामान्य व्यवस्था भी न होने के मामले को लंबे समय से उठाया था। गौरतलब है कि इसी मसले पर उच्च न्यायालय ने भी संज्ञान लिया था और राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने यह अंडरटेकिंग दी थी कि एक सर्व सुविधा युक्त मल्टी यूटिलिटी भवन जिसमें टॉयलेट कैंटीन बैठने का स्थान वेटिंग हॉल सभी कुछ होगा, बनाया जा रहा है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि इस बात को कहे करीब चार माह बीत चुके हैं और इस भवन का कार्य एयरपोर्ट पर शुरू नहीं हुआ है। समिति के सदस्यों ने हाल ही में एयरपोर्ट पर जाने पर यह जानकारी प्राप्त हुई के टर्मिनल भवन के बाहर एक प्लास्टिक शीट वाला टॉयलेट और एक नगर निगम स्मार्ट सिटी वाली गुमटी कैंटीन के लिए पहुंचाई गई है और जिसे शीघ्र शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। समिति ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि बिलासपुर एयरपोर्ट के स्तर को जान समझ कर भी यहां इस तरह से हल्के काम किया जा रहे हैं या करने का सोचा जा रहा है। ई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री बद्री यादव समीर अहमद कवि बनर्जी गोपी राव मोहन जायसवाल डी विक्रम ठाकुर मनोज तिवारी प्रतीक तिवारी रमाशंकर बघेल विजय केसरवानी विनय शुक्ल शिरीष कश्यप संतोष पीपलवा नारद श्रीवास भैय्यू सिंह गौतम बद्री प्रसाद कैवर्त परसराम कैवर्त दीपक कश्यप मजहर खान शामिल थे।

मल्टी यूटिलिटी भवन निर्माण की मांग

समिति ने कहा कि उक्त निर्णय अमित कुमार न्यू नोडल ऑफिसर ने लिए है। क्योंकि एयरपोर्ट प्रबंधन प्रारंभ से ही बिना बड़े टर्मिनल के कुछ भी सुविधा देने में हिचकता रहा है। आज बड़े टर्मिनल भवन का इंतजार करते 4 साल बीत गए परंतु ना तो नया भवन बना ना ही एयरपोर्ट पर बुनियादी सुविधाएं मिली। अब जब इन सुविधाओं के निर्माण की सहमति बन चुकी थी और गोयल टीएमटी कंपनी को सी एस आर मद यह निर्माण करने का कार्य दे दिया गया था तब ऐसा किया जाना समझ से परे है समिति ने अपनी मांग कि 2000 वर्ग फूट का मल्टी यूटिलिटी भवन का निर्माण प्रारंभ किया जाए पुनः दोहराई है।

ट्रैक रीनुवल कार्य के लिए परसदा समपार चार दिन रहेगी बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत गतौरा-जयरामनगर के मध्य किमी 706 /20-22 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 361 (परसदा फाटक) को 23 दिसम्बर शाम 7 बजे से 24 दिसम्बर सुबह 8 बजे तक, 24 दिसम्बर शाम 7 बजे से 25 दिसम्बर सुबह 8 बजे तक तथा 25 दिसम्बर शाम 7 बजे से 26 दिसम्बर सुबह 8 बजे तक ट्रैक रिनुवल कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

कुशवाहा महासभा के रमेश प्रदेश उपाध्यक्ष, नवल जिला अध्यक्ष बने

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो के कुशल नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय, जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से विस्तार कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसी क्रम में प्रदेश एवं जिला स्तर पर नई जिम्मेदारियो की घोषणा की गई यह घोषणा कुशवाहा कल्याण विकास समिति लिंगियाडीह बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरि शंकर कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष

जगन्नाथ कुशवाहा की अनुशंसा पर बिलासपुर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं कुशवाहा कल्याण विकास समिति के प्रभारी रमेश कश्यप को अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं नवल वर्मा को जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई नवीन पदाधिकारी की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सामाजिक संगठन विस्तार युवाओं को जोड़ने तथा सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों को और अधिक गति देने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर समाज के गणमान्य सदस्यों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रमेश कश्यप एवं नवल वर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा कुशवाहा समाज को संगठित कर आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में हरि शंकर कुशवाहा, ओम प्रकाश कश्यप अध्यक्ष कुशवाहा कल्याण विकास समिति, अजय कश्यप, चंद्रिका कश्यप, राम बहादुर कश्यप, रामकुमार कश्यप, राकेश मौर्य,कमल कश्यप, कन्हैया कुशवाहा, बालकुमार कुशवाहा, आकाश मौर्य, सरवन कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, गणेश कश्यप, अकलेश कश्यप, रंजन कश्यप, शंकर कश्यप आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

1111 भक्तों के सामूहिक ध्यान कर की राणी सती दादी से मंगल कामना

बिलासपुर/नवप्रदेश। सौर मंडल के चक्र से 21 जून को सबसे बड़ा दिन व 21 दिसम्बर को रात सबसे बड़ी होती है। विश्व ध्यान दिवस की तिथि 5127/10/01/01/01 भी अंकीय दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। कलयुग के 5127 वे वर्ष के दशवें माह पौष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा रविवार के पावन अवसर पर 1111 दिव्य चेतन आत्माओं ने एक साथ एकाग्रचित होकर शाम ठीक 18.01 बजे साक्षात दुर्गा अवतार श्री राणी सती दादी का ध्यान कर वैश्विक शांति व बिलासपुर की खुशहाली की कामना की। ग्यारह एक के दुर्लभ संयोग से किया गया ध्यान निश्चित ही लाभकारी होगा। भव्य महामंगल पाठ में सूरत निवासी सुरभि बिजुरका की सुमधुर वाणी में आज दोपहर 3.30 बजे से रात 8 बजे तक गोविंदम पैलेस में दादी भक्त झूमते नजर आए। बीच मे श्री दादी जी की हल्दी, मेंहदी व चुनरी संस्कार के साथ उनकी जीवनी जीवंत झांकी द्वारा प्रस्तुत की गई। मृदंग और ढोल नगाड़ों के बीच प्रगट हुई श्री दादी जी की श्री गंगा आरती बनारस के पांडित्य जनों द्वारा हजारों भक्तों की उपस्थिति में की गई । पाठ की समाप्ति पश्चात लगभग तीन हजार भक्तों ने छप्पन भोग एवं दादी जी की रसोई से स्वादिष्ट भोजन प्रसाद का आनंद उठाया। आज के आयोजन को सफल बनाने में सर्वश्री नवलकिशोर तुलस्यान, सी ए आनंद कुमार अग्रवाल, एडवोकेट प्रवीण तुलस्यान, अजय अग्रवाल, आशीष सिंह, ललित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, पवन अग्रवाल, श्रीकांत केडिया, पुरुषोंत्तम अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल, वेंकट अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, मीतू अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, उषा अग्रवाल, पूर्व विधायक रश्मि सिंह सहित हजारों की सँख्या में दादी भक्त शामिल हुए।

शहर की खुशहाली की कामना की

गणेशनगर वार्ड 46 में बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

बिलासपुर/नवप्रदेश। गणेश नगर वार्ड क्रमांक 46 में पल्स पोलियो ड्रॉप वार्ड पार्षद इब्राहिम खान अब्दुल की उपस्थिति में पिलाई गई, जिसमें 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों को नजदीकी आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र एवम् पार्षद कार्यालय में पिलाई गई।

आयोजन

विजेता खिलाड़ियों को केन्द्रीय मंत्री ने बांटे पुरस्कार, महोत्सव में 12 हजार खिलाड़ियों ने की भागीदारी

फिट रहने हर व्यक्ति रुचि अनुसार एक खेल अपनाएं: तोखन साहू

बिलासपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज स्थानीय बहतराई खेल स्टेडियम में आयोजित समारोह में सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग समापन किया। उन्होंने पहली बार आयोजित सांसद खेल महोत्सव की सफलता से उत्साहित होकर इसी तर्ज पर सांसद कला महोत्सव जल्द शुरू करने की घोषणा की। लगभग डेढ़ महीने तक चले इस महोत्सव में बिलासपुर एवं मुंगेली जिले की ग्राम पंचायत से जनपद एवं जिला स्तर पर 12 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

फाइनल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि की आसंदी से तोखन साहू ने स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि श्री साहू ने समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। यह तभी संभव होगा जब हर आदमी स्वस्थ एवं फिट रहे। इसके लिए हर आदमी को अपनी रूचि के अनुरूप कोई न कोई खेल में हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव में स्थानीय स्तर पर प्रचलित खेलों को शामिल किया गया ताकि अधिकाधिक लोग इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कबड्डी,खो-खो, रस्साकसी, नीबू दौड़, बोरा दौड़ जैसे एक दर्जन खेल प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। इन खेलों को हमें भूलना नहीं है।

फाइनल प्रतियोगिता के परिणाम

कबड्डी बालक वर्ग में प्रथम स्थान मुंगेली, द्वितीय पथरिया, तृतीय बिल्हा, कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मस्तुरी, द्वितीय पथरिया, तृतीय स्थान बिल्हा, रस्साकसी पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मस्तुरी, द्वितीय तखतपुर, तृतीय बिल्हा, रस्साकसी महिला वर्ग में प्रथम स्थान तखतपुर, द्वितीय बिल्हा, तृतीय पथरिया, फुटबॉल के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान कोटा, द्वितीय कोटा नगर पंचायत, तृतीय बिल्हा, फुटबॉल महिला वर्ग में प्रथम स्थान बिल्हा, द्वितीय कोटा, वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान तखतपुर, द्वितीय मस्तुरी, तृतीय लोरमी, वॉलीबॉल महिला वर्ग में प्रथम स्थान मस्तुरी, द्वितीय कोटा, तृतीय लोरमी, 100गुणा4 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान नगर पालिक निगम बिलासपुर, द्वितीय कोटा एवं तृतीय स्थान लोरमी को मिला।

न्यूज गैलरी

रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रक्षा मंत्रालय में तैनात एक आर्मी अधिकारी को रिश्वतखोरी के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु स्थित एक निजी कंपनी से 3 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। छ्वक्च्ठ्ठ की कार्रवाई के दौरान दिल्ली स्थित उनके आवास से 2.36 करोड़ रुपये नकद और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। मामले में उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। तलाशी के दौरान श्रीगंगानगर (राजस्थान) स्थित उनके आवास से 10 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए। कर्नल काजल बाली वर्तमान में डिवीजन ऑर्डनेंस यूनिट (छ्वह्र), श्रीगंगानगर में कमांडिंग ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। इस घूसकांड में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों को अदालत ने 23 दिसंबर तक छ्वक्च्ठ्ठ हिरासत में भेज दिया है। छ्वक्च्ठ्ठ के अनुसार, लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा पर रक्षा उत्पादों के निर्माण और निर्यात से जुड़ी निजी कंपनियों को अवैध लाभ पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप है। जांच एजेंसी को बेंगलुरु की एक कंपनी द्वारा संभावित रिश्वत भुगतान की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर 19 दिसंबर को मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया है कि राजीव यादव और रवजीत सिंह नामक दो व्यक्ति उस कंपनी के भारत स्थित मामलों को संभाल रहे थे और लगातार शर्मा के संपर्क में थे। इनका उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी विभागों से कंपनी को गैरकानूनी लाभ दिलाना था।

वंदे भारत ट्रेन में टीटीई की दादागिरी, 1500 के टिकट के मांगे 3500

नागपुर। देश की प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रहे नागपुर के होटल व्यवसायी मनोहर खुशालानी और उनके परिवार को एक अप्रिय अनुभव से गुजरना पड़ा। खुशालानी ने आरोप लगाया है कि उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए जाते समय ट्रेन में टिकट को लेकर उनसे अवैध वसूली की कोशिश की गई और विरोध करने पर टीटीई ने अभद्र व्यवहार किया।स्टेशन पर नहीं मिला टिकट, टीटीई से बात करने की सलाह मनोहर खुशालानी के अनुसार, शनिवार दोपहर अचानक उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर जाने का कार्यक्रम बना। दोपहर सवा तीन बजे नागपुर से उज्जैन के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना होनी थी। ऑनलाइन टिकट बुक करने के बजाय वे अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ नागपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे, लेकिन तब तक समय निकल चुका था। टिकट काउंटर पर मौजूद बुकिंग क्लर्क ने बताया कि अब टिकट नहीं मिल सकेगा, हालांकि टीटीई से बात कर लेने पर ट्रेन में टिकट मिलने की बात कही गई। खुशालानी का आरोप है कि ट्रेन में टीटीई ने उन्हें चार सीट देने के बदले 10 हजार रुपये मांगे। प्रति टिकट 1500 रुपये के बजाय 2500 रुपये देने की बात कही गई और भरोसा दिलाया गया कि ट्रेन में ही कन्फर्म टिकट और सीटें दे दी जाएंगी।

अंधाधुंध फायरिंग से दहला शहर, 10 लोगों की मौत; कई घायल- सड़कों पर मौजूद भीड़ को बनाया निशाना

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां के बेकर्सडेल इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने आम लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं, जिससे पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा. इस भीषण गोलीबारी में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है.

गौतेंग प्रांत की पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर ब्रेंडा मुरीडिली ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावरों ने बिना किसी चेतावनी के सड़कों पर मौजूद भीड़ को निशाना बनाया. यह खूनी खेल जोहान्सबर्ग शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में स्थित बेकर्सडेल में खेला गया. पुलिस जांच में सामने आया है कि गोलीबारी उस स्थान के पास हुई जहां अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी (अवैध शराबखाना). यह इलाका देश की कुछ प्रमुख सोने की खानों के नजदीक स्थित एक गरीब बस्ती है. फिलहाल पुलिस को हमले के पीछे के मकसद का पता नहीं चल पाया है और हमलावरों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। दक्षिण अफ्रीका में इस महीने फायरिंग की यह दूसरी बड़ी वारदात है, जिसने वहां की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. इससे पहले इसी महीने की 6 तारीख को राजधानी प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल पर हुए ऐसे ही हमले में एक तीन साल के बच्चे समेत 12 लोगों की जान चली गई थी. गौरतलब है कि 63 मिलियन की आबादी वाले दक्षिण अफ्रीका में अपराध दर बेहद चिंताजनक स्तर पर है और यह देश दुनिया में सबसे अधिक हत्या दर वाले देशों की सूची में शामिल है।

इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ मिकाएला का नाम

व्हीलचेयर से अंतरिक्ष तक का सफर, ब्लू ओरिजिन के साथ भरी उम्मीदों की उड़ान

टेक्सास। कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों तो शारीरिक अक्षमताएं कभी भी सपनों के आड़े नहीं आतीं। इस बात को सच साबित कर दिखाया है इंजीनियर मिकाएला बेंथाउस ने। व्हीलचेयर पर जीवन बिता रही 33 वर्षीय मिकाएला ने अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को छूकर एक नया इतिहास रच दिया है। वह पैराप्लेजिया (रीढ़ की चोट के कारण व्हीलचेयर पर निर्भरता) होने के बावजूद अंतरिक्ष में जाने वाली पहली महिला बन गई हैं। दुनिया के दिग्गज उद्योगपति जेफ बेजोस की कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' के न्यू शेपर्ड रॉकेट ने उन्हें पृथ्वी से 100 किलोमीटर ऊपर उस सीमा तक पहुँचाया, जहाँ गुरुत्वाकर्षण पूरी तरह बेअसर हो जाता है।

ब्लू ओरिजिन के इस 16वें मानव मिशन (ह्रस्-37) ने वेस्ट टेक्सास से सुबह 8ञ्15 बजे उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक यात्रा में मिकाएला के साथ पूर्व स्पेस इंजीनियर हांस कोनिग्समैन और चार अन्य अमेरिकी उद्यमी भी शामिल थे। करीब 11 मिनट तक चली इस रोमांचक यात्रा के दौरान अंतरिक्ष यान ने 100 किलोमीटर (62 मील) की ऊंचाई हासिल की, जिसे 'कर्मन लाइन' कहा जाता है। वहाँ पहुँचकर यात्रियों ने कुछ पलों के लिए भारहीनता यानी जीरो ग्रेविटी का अद्भुत अनुभव किया। यह उड़ान सिर्फ तकनीकी कामयाबी नहीं, बल्कि समावेशिता और मानवीय जिजीविषा की एक मिसाल बन गई है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी (श्वस् न्न) में इंजीनियर के तौर पर कार्यरत मिकाएला की यह उपलब्धि आसान नहीं थी। महज 26 साल की उम्र में माउंटेन बाइकिंग के दौरान हुए एक भीषण हादसे में उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई थी, जिसके बाद से वह व्हीलचेयर पर हैं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। अपनी सफल वापसी के बाद भावुक मिकाएला ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे शानदार अनुभव था। उन्होंने दुनिया को संदेश देते हुए कहा कि कभी भी अपने सपनों को नहीं छोड़ना चाहिए, चाहे संभावना कितनी भी कम क्यों न हो। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए दुनिया से दिव्यांग लोगों के लिए सुविधाओं को बढ़ाने और समाज को अधिक समावेशी बनाने की अपील भी की। जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन का यह मिशन अंतरिक्ष पर्यटन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

कंपनी का लक्ष्य अंतरिक्ष यात्रा को आम लोगों के लिए सुलभ बनाना और एलन मस्क की स्पेसएक्स को कड़ी टक्कर देना है। इससे पहले भी ब्लू ओरिजिन मशहूर पॉप सिंगर कैटी पेरी और स्टार ट्रेक अभिनेता विलियम शैटनर जैसी हस्तियों को अंतरिक्ष की सैर करा चुका है। मिकाएला की यह उड़ान साबित करती है कि अंतरिक्ष अब केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति के लिए है जो आसमान छूने का जज्बा रखता है।

ब्रिटेन में कबड्डी टूर्नामेंट बना जंग का मैदान

हथियारों के साथ नजर आए भारतीय मूल के 3 लोगों को कोर्ट ने सुनाई सजा

लंदन। ब्रिटेन के डर्बी शहर में साल 2023 में एक कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान हुई हिंसक झड़प के मामले में अदालत ने सख्त फैसला सुनाया है। खेल के मैदान को जंग के मैदान में बदलने वाले भारतीय मूल के तीन व्यक्तियों को दोषी करार देते हुए जेल की सजा सुनाई गई है। डर्बी पुलिस ने जानकारी दी कि बूटा सिंह, दमनजीत सिंह और राजविंदर तखर सिंह को नवंबर में चले मुकदमे में दोषी पाए जाने के बाद 19 दिसंबर को डर्बी क्राउन कोर्ट ने सजा का ऐलान किया है। यह फैसला खेल आयोजनों में अनुशासन और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक कड़ा संदेश माना जा रहा है।

यह पूरा मामला 20 अगस्त 2023 का है, जब डर्बी में आयोजित एक कबड्डी मैच के दौरान दो गुटों में पहले से रची गई साजिश के तहत भिड़ंत हो गई थी। पुलिस अधिकारियों द्वारा हासिल किए गए वीडियो फुटेज ने आरोपियों की पोल खोल दी, जिसमें बूटा सिंह विरोधी गुट के सदस्यों का आक्रामक तरीके से पीछा करते हुए दिखाई दिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि यह हिंसा अचानक नहीं भड़की थी, बल्कि सुनियोजित थी। घटना के दो दिन बाद जब पुलिस ने बूटा सिंह की कार को रोका और तलाशी ली, तो उसकी डिग्गी से दो धारदार हथियार बरामद हुए, जिसने मामले की गंभीरता को और बढ़ा दिया। अदालत में पेश किए गए सबूतों और फुटेज में दमनजीत सिंह और राजविंदर तखर सिंह को भी दंगे के दौरान हाथों में बड़े चाकू लहराते हुए देखा गया। इन तीनों को हिंसक अव्यवस्था फैलाने और आपत्तिजनक हथियार रखने के गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। डर्बी क्राउन कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए बूटा सिंह को चार साल, दमनजीत सिंह को तीन साल और चार महीने तथा राजविंदर तखर सिंह को तीन साल और दस महीने की जेल की सजा सुनाई है। मामले की जांच कर रहे डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर मैट क्रूम ने फैसले के बाद कहा कि जो दिन खेल देखने और मनोरंजन का होना चाहिए था, वह हिंसा और चोट का दिन बन गया। उन्होंने बताया कि ब्रंसविक स्ट्रीट में दोनों गुट पहले से इकट्ठा हुए थे और योजनाबद्ध तरीके से इस झगड़े को अंजाम दिया गया। इस घटना का स्थानीय निवासियों और मैच देखने आए दर्शकों, जिनमें परिवार और बच्चे भी शामिल थे।

खेल,व्यापार, मनोरंजन

वर्ल्डकप टीम से बाहर किए गए गिल विजय हजारे खेलेंगे

पंजाब की टीम में अभिषेक और अर्शदीप के भी नाम; 24 दिसंबर से टूर्नामेंट

स्पोर्ट्स डेस्क। भारत के वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल विजय हजारे ट्रॉफी खेलेंगे। सोमवार को पंजाब ने टूर्नामेंट के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें गिल के साथ अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। पंजाब अपने अभियान की शुरुआत 24 दिसंबर को महाराष्ट्र के खिलाफ करेगा।

हालांकि, गिल, अभिषेक और अर्शदीप कितने मैच खेल पाएंगे, इसे लेकर स्थिति साफ नहीं है, क्योंकि भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज खेलनी है। गिल का चयन इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें हाल ही में भारत की आगामी टी-20 वर्ल्ड कप टीम और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया था। ऐसे में विजय हजारे ट्रॉफी गिल के लिए खुद को दोबारा साबित करने, फॉर्म में लौटने और व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अपनी क्लास दिखाने का बड़ा मौका होगा।पंजाब के सभी मैच जयपुर होंगे पंजाब अपने सभी सात लीग मुकाबले जयपुर में खेलेगी। पिछले सीजन में क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बावजूद इस बार टीम को खिताब का मजबूत दावेदार माना जा रहा है। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा के अलावा प्रभसिमरन सिंह, अनमोलप्रीत सिंह, नमन धीर, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह और हरप्रीत ब्रार टीम को गहराई और मजबूती प्रदान करते हैं।अर्शदीप सिंह को बॉलिंग की कमान गेंदबाजी की जिम्मेदारी एक बार फिर अर्शदीप सिंह के कंधों पर होगी। नई गेंद से शुरुआती विकेट निकालना और डेथ ओवर्स में सटीक गेंदबाजी अर्शदीप को पंजाब की सबसे बड़ी ताकत बनाता है।हालांकि, शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और अर्शदीप सिंह की उपलब्धता लीग चरण के बाद स्पष्ट नहीं है। भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे खेलने हैं, जिसके बाद 21 जनवरी से पांच टी-20 मैचों की सीरीज शुरू होगी। कप्तान का ऐलान नहीं किया पंजाब ने फिलहाल अपनी टीम के कप्तान का ऐलान नहीं किया है। टीम एक चुनौतीपूर्ण ग्रुप में है, जिसमें मुंबई, गोवा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम जैसी टीमें शामिल हैं। लीग चरण के मुकाबले 8 जनवरी को समाप्त होंगे।

पंजाब की विजय हजारे ट्रॉफी टीम शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, अनमोलप्रीत सिंह, उदय सहारन, नमन धीर, सलील अरोड़ा (विकेटकीपर), सनवीर सिंह, रमनदीप सिंह, जसनप्रीत सिंह, गुरनूर ब्रार, हरप्रीत ब्रार, रघु शर्मा, कृष्ण भगत, गौरव चौधरी और सुखदीप बाजवा।

ब्लू बनारसी साड़ी में अनन्या पांडे लगीं अप्सरा

कार्तिक आर्यन की हीरोइन अनन्या पांडे चर्चा में छाईं. सोशल मीडिया पर उनकी लेटेस्ट तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें वह ब्लू बनारसी साड़ी पहने नजर आ रही हैं. अनन्या के इस गॉर्जियस लुक ने फैंस का दिल पूरी तरह जीत लिया है. उनकी तस्वीरें सामने आते ही इंटरनेट पर खूब शेयर हो रही हैं और कोई उनके इश लुक की तारीफ कर रहा है, तो कई उनको ट्रोल भी करते दिख रहे हैं.

अनन्या की ये खूबसूरत तस्वीरें फैशन डिजाइनर प्रियंका कपाड़िया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की हैं. तस्वीरों में अनन्या की नैचुरल ब्यूटी और भी निखरा हुआ चेहरा नजर आ रहा है. कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस और ग्रेस देखकर फैंस की नजरें उन पर टिक ही जा रही हैं.एक्ट्रेस ने इस बार ब्लू बनारसी साड़ी को चुना है, जिसमें बेहद बारीक गोल्डन जरी की कारीगरी की गई है. साड़ी पर किया गया हैंडवर्क इसे और भी एलिगेंट बना रहा है. अनन्या ने पल्लू को ट्रेडिशनल तरीके से नहीं, बल्कि रैप स्टाइल में लिया है, जिसमें उनका कर्वी फिगर फ्लॉन्ट हो रहा है.अनन्या के इस लुक को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा उनके हॉल्टर नेक ब्लाउज पर हो रही है. इस ब्लाउज में मॉडर्न और ट्रेडीशनल का परफेक्ट मिक्स देखने को मिल रहा है. पीछे की ओर दी गई डोरी पूरे लुक का फोकस नेकलाइन पर ले आ रही है.इसी ब्लाउज को देखते हुए कई फैंस ने उन्हे ट्रोल भी किया है, लोगों का सवाल है कि उन्होंने इतना टाइट ब्लाउज कैसे मैनेज किया?, इस तरह का एक नहीं बल्कि कई यूजर्स ने सवाल किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.कई यूजर्स को अनन्या का ये स्टाइल पसंद नहीं आया और उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया, सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने यह सवाल किया, लेकिन अनन्या का कॉन्फिडेंस बता रहा है कि उन्होंने इसे बेहद खूबसूरती से कैरी किया है.अनन्या ने अपने आउटफिट को गोल्डन चांदबाली इयरिंग्स के साथ मैच किया है, जिनमें पर्ल और ग्रीन एमरल्ड की डिटेलिंग है. मेकअप नैचुरल रखा गया है ताकि साड़ी की रिचनेस उभरकर आए. बालों में लाल गुलाब लगाकर उन्होंने अपने लुक को क्लासी और एथनिक टच दिया है।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड डील फाइनल: भारत आने वाला आधे से ज्यादा सामान कल से ड्यूटी फ्री

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (स्नञ्ज) पर डील सोमवार को फाइनल हो गई है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को इसकी अनाउंसमेंट की। उन्होंने कहा कि इससे उनके निर्यातकों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले बाजार तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

इस डील से न्यूजीलैंड के एक्सपोर्टर्स को भारत में मिडिल क्लास तक आसान पहुंच मिलेगी। डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत आने वाले 95% सामानों पर आयात शुल्क (ञ्जड्डह्मद्बद्घ) या तो खत्म कर दिया गया है या काफी कम कर दिया गया है। इसमें आधे से ज्यादा प्रोडक्ट्स पहले दिन से ड्यूटी फ्री हो जाएंगे। इस समझौते का सीधा असर आम भारतीय ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। न्यूजीलैंड से आने वाले ताजे फल, विशेष रूप से कीवी (चद्व2द्ब) और सेब पर अब काफी कम टैक्स लगेगा। इसके अलावा ऊन और उससे बने प्रोडक्ट्स, लकड़ी और कुछ खास किस्म के डेयरी आइटम भी सस्ते हो जाएंगे। न्यूजीलैंड सरकार के मुताबिक, 50% से ज्यादा सामानों पर 'डे-वन' यानी समझौते के पहले दिन से ही कोई ड्यूटी नहीं लगेगी। इसका मतलब है कि कल से ही न्यूजीलैंड से आने वाले आधे से ज्यादा सामान बिना किसी एक्स्ट्रा टैक्स के भारतीय बाजार में बिक सकेंगे। इससे भारत के तेजी से बढ़ते मिडिल क्लास (मध्यम वर्ग) के लिए विदेशी फल, वाइन और अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स सस्ते होने की उम्मीद है। 2030 तक 7 ट्रिलियन की होगी भारतीय इकोनॉमी न्यूजीलैंड ने यह डील भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत को देखते हुए की है। कीवी सरकार का अनुमान है कि साल 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था करीब 12 ट्रिलियन न्यूजीलैंड डॉलर (लगभग ?627.21 लाख करोड़) की हो जाएगी। न्यूजीलैंड के व्यापारियों के लिए भारत एक बड़ा अवसर है, क्योंकि यहां की आबादी और बढ़ती परचेसिंग पावर उनके डेयरी, ताजे फल और ऊन उद्योग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन सकती है।

सोना 1,805 बढ़कर 1.34 लाख का 10 ग्राम हुआ, चांदी 2.08 लाख किलो पहुंची

नई दिल्ली। सोने-चांदी के दाम आज यानी 22 दिसंबर को ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 1,805 रुपए बढ़कर 1,33,584 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले ये 1,31,779 रुपए पर था।वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 7,483 रुपए बढ़कर 2,07,550 रुपए पर पहुंच गई हैं। इससे इससे पहले ये 2,00,067 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोना 57,422 रुपए और चांदी 1,21,533 रुपए महंगी हो चुकी है। अलग-अलग शहरों में रेट्स अलग क्यों होते हैं? IBJA की सोने की कीमतों में 3% त्रस्ञ्ज, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल क्रक्चढ्ढ सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 57,422 रुपए (73.02%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,33,584 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,21,533 रुपए (132.59%) बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 2,07,550 रुपए प्रति किलो हो गई है।

सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद वी शांताराम से तमन्ना भाटिया की पहली झलक जारी, जयश्री रोल में दिखेंगी मिल्की ब्यूटी

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जो मशहूर फिल्म निर्माता वी शांताराम की बायोपिक है। कुछ दिन पहले फिल्म से अभिनेता की धोती-कुर्ता पहने पहली झलक सामने आई थी। इस बायोपिक फिल्म में सिद्धांत के अपोजिट अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। फिल्म से उनकी पहली झलक सामने आई है। साथ ही उनके किरदार का खुलासा भी कर दिया गया है। वी शांताराम की बायोपिक फिल्म का निर्देशन अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वी शांताराम की बायोपिक में तमन्ना को जयश्री के किरदार में लिया गया है। फिल्म से अभिनेत्री का पहला पोस्टर सामने आया है, जिसमें उन्हें गुलाबी नौवारी साड़ी पहने दिखाया गया है। उनका ये लुक भारतीय सिनेमा के पुराने दौर में ले जाता है। पोस्टर में तमन्ना बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आ रही हैं, जो देखने में काफी दमदार लग रहा है। बायोपिक में उनके किरदार को देखने के लिए प्रशंसक भी उतावले हैं। जयश्री, वी. शांताराम की दूसरी पत्नी थीं, जिन्हें हिंदी सिनेमा में एक कुशल अभिनेत्री के तौर पर पहचाना जाता है। उन्होंने डॉ. कोटनीस की अमर कहानी, दहेज, शकुंतला और चंद्र राव मोरे जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से लोगों के बीच पहचान बनाई थी। यही नहीं, फिल्म निर्माता वी. शांताराम के सिनेमाई सफर में, जयश्री एक महत्वपूर्ण किरदार थीं। निर्देशन के साथ, अभिजीत शिरीष ने फिल्म के लेखन का काम भी किया है। हालांकि, रिलीज तारीख आना बाकी है।

खबरों की मरम्मत

जब सदन गूँजा ठहाकों से

ओपनर बेस्टमैन की तरह प्रदेश के वित्तमंत्री जी ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट 2047 में चर्चा शुरू की

और म्यू म्यू ने सदन में 5 मिनट तक ठहाके लगा दिए। पारी की शुरुआत हँसी ठहाकों से आगे बढ़ती हुई प्रदेश की शिक्षा, स्वास्थ्य और औद्योगिक क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करने की ओर बढ़ी। युवाओं को रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध कराने पर फ़ोकस किया गया है । छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई दिशा देने ठोस रोडमैप तैयार किया गया हैं वहीं विपक्ष की अनुपस्थिति पर छक्का जड़ते हुए बोले मैदान में अनुपस्थित रहने वालों को जनता ने 2023 में ही आउट कर दिया था। हमारा विजन 2047 छत्तीसगढ़ की विकासयात्रा का दस्तावेज है।

मास्टर ब्लास्टर अजय चंद्राकर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सत्ता पक्ष से विधायक चंद्राकर मास्टर ब्लास्टर बनकर उभरे हैं। मास्टर ब्लास्टर चंद्राकर ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में विजन 2047 पर चर्चा के दौरान अपने ही सरकार को चौके- छक्कों से ऐसा धोया है कि उनके

वक्तव्य पर सदन में केवल एक ही आवाज़ गूंज रही थी लहरा दो लहरा दो गर्दिश में छत्तीसगढ़ विजन 2047 के विजन को लहरा दो। शीतकालीन सत्र के शुरूआत में ही मास्टर ब्लास्टर चंद्राकर ने अपना मास्टर स्ट्रोक लगाते हुए कहा कि नवाँ अँजोर (छत्तीसगढ़ विजन 2047) में विजन की कल्पना हैं इसमें ठोस बुनियाद और स्पष्ट परिणाम नज़र नहीं आ रहा है । नवाँ अँजोर शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कल्पना से रोज़गार नहीं मिल जाएगा क्योंकि कि अनुमान लगाने भर से बाउंड्री नहीं मिलती। अपने संबोधन का शतक पूरा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नई अवधारणा बनाने काफ़ी पोटेशियल है लेकिन अभी तक कोई नीति नहीं बनी है।

कांग्रेस भी अब दिखाएगी दम

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने भी अब प्रदेश में विपक्ष की सशक्त भूमिका निभाने का फैसला कर लिया है। वह अब अपना दम

दिखाएगी और सरकार के नाक में दम करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है कि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ अब कांग्रेस जन सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेंगे। मनरेगा की मूल भावना को खत्म करने का जो कुत्सित प्रयास किया जा रहा है उसके खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन छेड़ा जाएगा। ऐसा हुआ तो इस ठंड के मौसम में सियासत गरमाएगी।

स्कूलों के मिलेंगे नये माई बाप

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकारी स्कूलों की दुर्दशा

दूर करने की दिशा में नई पहल की है। उन्होंने प्रदेश के सभी जन प्रतिनिधियों से एक-एक सरकारी स्कूल को गोद लेने का आग्रह किया है ताकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हो और वहां छात्र-छात्राओं को अनुकूल वातावरण व सुविधाएं सुलभ हों। देखना दिलचस्प होगा कि कितने जनप्रतिनिधि इसके लिए तैयार होते हैं और बिन माई बाप के हो गए बदहाल सरकारी स्कूलों के जागरूक अभिभावक की भूमिका निभा पाते हैं?

यंत्र तंत्र सर्वत्र प्रदूषण का प्रकोप

ठंड के मौसम में देश की राजधानी नई दिल्ली के प्रदूषण को लेकर

हल्ला बोला जा रहा है लेकिन इस मामले में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, न्यायधानी बिलासपुर और संस्कारधानी दुर्ग- भिलाई भी पीछे नहीं है। यहां भी यत्र तत्र सर्वत्र प्रदूषण का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जिस पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कोई कारगर पहल नहीं हो रही। नतीजतन सड़क पर चलने वाले लोग नकाबपोश पर बनने पर बाध्य हो रहे हैं। डाक्टर तो सलाह देने लगे हैं कि प्रदूषण से बचने लोग अनावश्यक घर से बाहर न निकले। मतलब घरखुसरा बनकर बीमारियों से बचें।

ट्वीन सिटी के एंड बेंड बस स्टेंड

ट्वीन सिटी दुर्ग - भिलाई के बस स्टैंड वाकई एंड बेंड मोटर स्टेंड बन गए हैं। बढ़ती आबादी के मिनी बसों व बसों की संख्या में

लगातार इजाफा होता जा रहा है लेकिन दुर्ग और भिलाई के वर्षो पुराने बस स्टैंड में जगह जस की तस है। जिससे बसों को सड़क पर ही पार्क करना पड़ता है। बस स्टैंड में वाहनों के अनुपात में जगह कम पड़ने से बस आपरेटरों के साथ ही यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन पुराने बस स्टैंडों को अन्यत्र स्थापित करने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही है लेकिन शासन प्रशासन के कानों में जून भी नहीं रेंग रही है।

क्या हैं 1500 करोड़ का मामला

सीएम विष्णुदेव साय से बीजेपी के वरिष्ठ नेता और कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन की ओर से 1500 करोड रुपए मांगने का एक वीडियो

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सोशल मीडिया में आजकल फेक न्यूज की रफ्तार इतनी बढ़ गई है कि लोग सच्ची खबर को भी फेक न्यूज मान कर इंगोर करने लगे है। पर फेक न्यू की तासिर इतनी गरम है कि चटखारे लेने वाले और सोशल मीडिया में राजनीतिक रोटी सेंकने वालों की निकल पड़ी है। मामला 1500 करोड़ की वसूली का मामला पूरे प्रदेश में तूल पकड़ा हुआ है। सत्ता पक्ष वाले इसे विपक्ष की कारस्तानी बता रहे है तो विपक्ष वाले इसे सौ टका सच की मुहर लगाकर बयान पर बयान पेल रहे है। सत्ता पक्ष तो एफआईआर दर्ज कराई है मामले की जांच कर दोषियों पर ठोस कार्रवाई की मांग कर रही है। अब ये मामला ऐसा भी नहीं है कि थाने से सुलझाया जा सके। ये हाईलेवल मामला है हर कोई अपने हाथ बचाकर राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिशों में लगा हुआ है। भले ही फेक न्यू हो पर 15 घंटे तक प्रदेश में राजनीति को गरमाए रखा है, ताकि कुछ लोगों का रोटी रोजगार चलता रहे।

हेमंत धोटे, कैलाश यादव, चन्द्र शेखर राव, हरि ओम चौहान, शाहीन कुरैशी, रंजन पांडेय।

जल जीवन मिशन के तहत 601.72 करोड़ की लागत से जल आपूर्ति योजनाओं पर हो रहा काम

1.56 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य

■ **1.37 लाख घरों में पहुंचा नल से जल, जिला गठन के समय मात्र 58 लाख घरों में थे नल**

रायपुर/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन के अंतर्गत नवगठित सक्ती जिले में घरों तक पेयजल पहुंचाने का काम जोरों पर चल रहा है। अब तक वहां के एक लाख 37 हजार 139 घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। मिशन के तहत जिले के 456 गांवों के लिए कुल 565 योजनाएं मंजूर की गई हैं। इनमें से अब 181 गांव हर घर जल से प्रमाणित हो गए हैं, जिनकी संख्या जिला गठन के समय मात्र तीन थी।

जांजगीर-चांपा जिले से विभाजित होकर 9 सितम्बर 2022 को सक्ती छत्तीसगढ़ के 33वें जिले के रूप में अस्तित्व में आया था। नया जिला बनने के बाद से ही जनभागीदारी, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और निरंतर मॉनिटरिंग के कारण वहां जल जीवन मिशन का काम शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में अग्रणी रहा है। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने कि लिए सक्ती जिले के 456 गांवों लिए 565 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

221 योजनाएं पूर्ण

जल जीवन मिशन के अंतर्गत सक्ती जिले में स्वीकृत 565 योजनाओं में से 221 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। केंद्र सरकार द्वारा मिशन की अवधि को वर्ष 2028 तक विस्तारित किया गया है। इसके अनुसार शेष योजनाओं को आगामी चरणों में पूरा करने का लक्ष्य है। लंबित योजनाओं के कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। सक्ती हर घर जल प्रमाणीकृत जिले के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है। राज्य शासन और जिला प्रशासन की सक्रियता, विभागीय समन्वय और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की दिशा में जल जीवन मिशन मील का पत्थर साबित हो रहा है।

कुल 601 करोड़ 72 लाख 72 हजार रुपए लागत की इन योजनाओं से जिले के एक लाख 56 हजार 245 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

जिला गठन के पूर्व सक्ती जिले में केवल 58 लाख 491 परिवारों के पास ही नल कनेक्शन थे। जल जीवन मिशन के तहत 181 गांवों के हर घर जल प्रमाणीकरण के बाद अब एक लाख 37 हजार 139 घरों में नल से जल पहुंच रहा है। जिले में जल जीवन मिशन के सघन और प्रभावी क्रियान्वयन के फ्लस्वरूप चारों विकासखंडों सक्ती, जैजैपुर, डभरा और मालखरौदा में नल-जल योजनाओं के काम तेजी से पूर्ण हो रहे हैं। सक्ती विकासखंड में 36 हजार 087 परिवारों में से अब तक 34 हजार 176 परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुके हैं। जैजैपुर विकासखंड में 43 हजार 448 परिवारों में से 35 हजार 400 को घरेलू जल कनेक्शन प्राप्त हो गए हैं। डभरा विकासखंड में 40 हजार 278 में से 33 हजार 338 परिवार और मालखरौदा में 36 हजार 432 में से 34 हजार 225 परिवारों तक नल से जल पहुंच रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

बैगा एथनिक रिसॉर्ट सरोधा दादर में छत्तीसगढ़ी, जनजातीय एवं पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के सक्रिय प्रयासों से राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने 8 से 21 दिसंबर 2025 तक विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की भव्य श्रृंखला का सफल आयोजन किया। प्रदेश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों, रिसॉर्ट्स और रायपुर स्थित प्रधान कार्यालय में रचनात्मक कार्यक्रमों का शानदार दौर चला, जिसने स्थानीय कलाकारों और समुदायों को नई पहचान दी। इसी कड़ी में 20 दिसंबर को कवर्धा जिले के सरोधा दादर स्थित बैगा एथनिक रिसॉर्ट में छत्तीसगढ़ी, जनजातीय एवं पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ।

स्थानीय होमस्टे संचालक गरुड़ा इन एवं लीची होमस्टे ने सक्रिय भागीदारी निभाई। चिल्फी ग्राम पंचायत के स्व-सहायता समूहों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिनमें मां भगवती एसएचजी, मां बम्लेश्वरी एसएचजी, मैकल इको पर्यटन समिति एवं चिल्फी मिलेट कैफे प्रमुख रहे। प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन एसडीएम सुश्री सुरुचि एवं तहसीलदार बोड़ला सुश्री राजश्री पांडे ने प्रस्तुतियों का अवलोकन एवं स्वाद परीक्षण कर किया। चिल्फी मिलेट कैफे को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 7 हजार रुपये नकद, मां बम्लेश्वरी स्व-सहायता समूह को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपये तथा मैकल हिल इको पर्यटन समिति एवं मां भगवती स्व-सहायता समूह को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार रुपये नकद प्रदान किए गए।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री यादव ने प्रतिभागियों एवं स्थानीय समूहों से विस्तृत चर्चा की तथा पर्यटन अवसरों की जानकारी साझा की। श्री यादव बैगा रिसोर्ट के कर्मचारियों के आतिथ्य सत्कार से भी बहुत अधिक प्रभावित हुए तथा आगे भी उन्हें इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता के आकर्षक छायाचित्रों और वीडियो को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की प्रचार सामग्री एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे इन प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी। रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व में पर्यटन बोर्ड द्वारा लगातार आयोजित ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य देशभर के पर्यटकों को छत्तीसगढ़ की अनछुई व चुनिंदा जगहों से रूबरू कराना है। ये प्रयास राज्य पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ-साथ स्थानीय स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

एक ही दिन 27 हजार कट्टा से अधिक धान हुआ जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा रविवार को एक ही दिन में 27 हजार कट्टा से अधिक धान जप्त किया गया है। प्रशासन के इस कार्यवाही कोचियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई हैं। प्रशासन द्वारा कोचियों से लेकर सोसायटी के स्टाक, राईस मिल व पोहा मिल में भी छापामार कार्यवाही कर जांच की जा रही हैं। जानकारी अनुसार रविवार को प्रशासन द्वारा राजनांदगांव, डोगरगढ़ और डोंगरगांव में चार प्रकरण पर कार्यवाही की गई। अफ्सरों ने बताया कि 27335 बोरा धान जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 3 करोड़ 38 लाख 95400 रूपए हैं। इस दौरान डोंगरगांव में एक वाहन भी जप्त किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा कोचियों पर कार्यवाही करने के लिए टीम गठित की गई है। टीम द्वारा अवैध वाहन पर नजर रखी जा रही है। वहीं महाराष्ट व मप्र से आने वाले धान पर भी नजर रखी जा रही हैं। यही कारण है कि अब तक पहली बार अवैध थान को पकड़ने प्रशासन को बड़ी कामयाची मिली है। रविवार को ही राजनांदगांव में 27200 बोरा थान, डोंगरगढ़ में तीस बोरा और डोंगरगांव में 105 बोरा धान जब्त किया गया है। जानकारी अनुसार जिल प्रशासन द्वारा अब तक 204 प्रकरण में 94735 कट्टा धान जप्त किया गया है।

बंगुरसिया वन क्षेत्र में 30 हाथियों का दल सक्रिय, विभाग अलर्ट

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र रायगढ़ के बंगुरसिया वन क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगभग 30 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। 19 दिसंबर की रात यह दल बंगुरसिया गांव के आसपास तथा बड़झरिया तालाब क्षेत्र में देखा गया, जहां हाथी सुबह तक मौजूद रहे। इसके पश्चात हाथियों का दल घने वन क्षेत्र की ओर चला गया। कल सुबह 6 बजे वन विभाग के अधिकारियों द्वारा तालाब के समीप निरीक्षण किए जाने पर एक लगभग छह माह का नर हाथी शावक मृत अवस्था में पाया गया। इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

महिलाओं को कॉल-मैसेज करने वाला मनचला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में महिलाओं को निशाना बनाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले कुख्यात मनचले गोपाल गोयल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी महिलाओं के मोबाइल नंबर हासिल कर लगातार कॉल और मैसेज के जरिए उन्हें परेशान करता था, जिससे पीड़िताएं भय और तनाव में थीं।

पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित जांच की और आरोपी को पकड़ लिया. पुलिस ने गोपाल गोयल के खिलाफसंबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पर्यावरण संरक्षण मंडल ने प्रदूषण फैलाने वाले 3 उद्योगों की बिजली काटी, उत्पादन बंद

■ **मनीराम स्टील, राधेश्री वायर्स एण्ड क्रायल्स और बारबरिक टाईअप पर कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने जल एवं वायु प्रदूषण फैलाने वाले 3 उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। तीनों उद्योग की बिजली काटने के साथ ही उत्पादन बंद करा दिया गया है। तीनों इकाइयां गैल्वेनाईज्ड आयरन एंड स्टील इकाइयां हैं। उद्योगों को यह भी सूचित किया गया है कि जब तक वे सभी पर्यावरणीय मानकों, वैधानिक प्रावधानों एवं सम्मति शर्तों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित नहीं करते, तब तक उन्हे संचालन की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र उरला, भनपुरी, रावांभाठा एवं सिलतरा में संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के पर्यावरणीय अनुपालन की निगरानी रखी जा रही है। इस तारतम्य में क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जल एवं वायु प्रदूषणकारी उद्योगों के खिलाफ वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 एवं जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 के प्रावधानों के तहत् कार्रवाई की गई है। उद्योग से उत्सर्जन अथवा दूषित जल का निस्सारण पाए जाने के कारण 19 दिसम्बर को उद्योग मेसर्स मनीराम स्टील प्रा. लि., ग्राम-बोरझरा रायपुर, मेसर्स राधेश्री वायर्स एण्ड क्रायल्स प्रा.लि. ग्राम-बोरझरा रायपुर पर वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 31 'क' एवं जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 33 के तहत एवं उद्योग से दूषित जल का निस्सारण पाए जाने पर मेसर्स बारबरिक टाईअप प्रा.लि. ग्राम-बेंन्द्री, रायपुर पर जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 33 'क' के तहत् उत्पादन बंद करने तथा विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की गई है।

राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बनाएंगे अलग पहचान

लोरमी में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं : अरुण साव

■ **लोरमी में खेल अधोसंरचना को मिली नई मजबूती, 8.13 करोड़ रुपए की लागत से होगा खेल परिसर का निर्माण**

लोरमी/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने लोरमी में आयोजित एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। और प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों के खेल भावना की प्रशंसा की।

श्री साव ने पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में लोरमी हाई स्कूल मैदान में 20 लाख रुपए की लागत से फ्लड लाइट लगाई गई है। बाउंड्रीवाल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। खेल परिसर निर्माण के लिए 8 करोड़ 13 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। वहीं आगामी समय में लोरमी क्षेत्र में खेल अधोसंरचना को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

नगर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित एमएलए कप क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव ने कहा कि, लोरमी में प्रतिभाशाली युवाओं की कोई कमी नहीं है। यहां के युवा शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं और खेलों में भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी लोरमी को अग्रणी बनाया जाएगा। श्री साव ने युवाओं की टीम के द्वारा शानदार एमएलए कप के आयोजन की सराहना की।

फाइनल मैच यक्ष यंग स्टार और बागेश्वर इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें यक्ष इलेवन की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। मैच के समापन के बाद डिप्टी सीएम श्री साव ने पुरस्कार वितरण किया।स्पर्धा की विजेता टीम यक्ष यंग स्टार औरबांधा को एक लाख नगद एवं कप, उपविजेता टीम बागेश्वर धाम सारीसताल पथरी को 51 हजार रुपए एवं कप प्रदान किया।

प्रतियोगिता का तीसरा पुरस्कार शेरा इलेवन ने जीता। टीम को नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा एवं उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल ने 31 हजार एवं कप प्रदान किया। चौथे स्थान प्राप्त करने वाले श्रेयांश इलेवन को पवन अग्रवाल के द्वारा 21 हजार व कप के साथ पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार भी बांटे गए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, कोमल गिरी गोस्वामी धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, प्रदेश सचिव विनय साहू, जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, जिपं सदस्य अनीता कोमल साहू, रत्ना काठले, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, नपा उपाध्यक्ष डा अशोक जायसवाल, सभापति विश्वास दुबे, विक्रम सिंह, महाजन जायसवाल, संतोष साहू, रवि शर्मा, प्रदीप मिश्रा, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह, शशांक वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com